सूर्योदय 6:48 सूर्यास्त 6:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.4 न्यू | 14.5 अधि |
| धर्मशाला | 4.4 न्यू | 18.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74602.12 |
| निफ्टी | 22547.55 |

सोना 88,090 चांदी 97,381

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 कांगड़ा | वीरवार, 27 फरवरी 2025 | 16 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 60, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए follow us on: 8894521702



गिल आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, कोहली पांचवें स्थान पर

पृष्ठ 14 पर

# महाशिवरात्रि पर महास्नान

**महाकुंभ में 46वें व अंतिम दिन 1.44 करोड़ से ज्यादा ने किया स्नान**

**एजेंसी, प्रयागराज**

**महाशिवरात्रि** पर महाकुंभ का अंतिम स्नान 'हर-हर महादेव' के उद्घोष के साथ शुरू हुआ। बुधवार को 1.44 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ महाकुंभ में स्नान करने वालों का आंकड़ा 66.21 करोड़ पहुंच गया। वहीं, मेला प्रशासन ने स्नानार्थियों पर 120 क्विंटल फूलों की वर्षा करवाई। संगम में डुबकी लगाने वालों की यह संख्या 193 देशों की जनसंख्या से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं से ज्यादा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा कि महाकुंभ 2025, प्रयागराज में भगवान भोलेनाथ की उपासना को समर्पित महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पधारे सभी पूज्य साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। महाशिवरात्रि पर्व पर स्नान के साथ ही 46 दिवसीय महाकुंभ का समापन हो गया।



रिकॉर्ड 66.21 करोड़ ने किया स्नान



**मौनी अमावस्या पर किया था 7.64 करोड़ भक्तों ने स्नान**

| | |
|---|---|
| 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) | 1.70 |
| 14 जनवरी (मकर संक्रांति) | 3.50 |
| 29 जनवरी (मौनी अमावस्या) | 7.64 करोड़ |
| 3 फरवरी (बसंत पंचमी) | 2.57 करोड़ |
| 12 फरवरी (माघ पूर्णिमा) | 2 करोड़ |
| 26 फरवरी (महाशिवरात्रि) | 1.32 करोड़ |

प्रीति जिंटा ने लगाई डुबकी



## मंडी शिवरात्रि में देवताओं का महामिलन



अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी में देवी-देवताओं के आने का सिलसिला जारी है। बुधवार को चौहारघाटी के देवता कुछ इस तरह से पंक्तिबद्ध होकर चले मानो धरती पर स्वर्ग उतर आया हो। हालांकि, सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का आधिकारिक शुभारंभ वीरवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सूडान का सैन्य विमान क्रैश, 49 लोगों की मौत

**काहिरा।** सूडान के एक सैन्य विमान के ओमडुरमैन शहर में क्रैश होने से 49 की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि 'एंटोनोव' विमान मंगलवार को ओमडुरमैन के उत्तर में वादी सैयदना एयरबेस से उड़ान भरते समय क्रैश हो गया। इस दुर्घटना में सैन्य कर्मियों और आम नागरिकों की मौत हुई है, लेकिन उसने यह नहीं बताया कि दुर्घटना किस कारण से हुई।

### इंडोनेशिया में भूकंप के झटके, 6.1 रही तीव्रता



**जकार्ता।** इंडोनेशिया में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण-यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 6.1 रही। नॉर्दन सुलावेसी के कोस्ट सुबह करीब 6:55 बजे भूकंप आया, जिसकी गहराई करीब दस किलोमीटर (6.2) थी।

### पठानकोट बॉर्डर पर पाक घुसपैठिया ढेर

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** बीएसएफ जवानों ने बुधवार सुबह पठानकोट के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के बीओपी ताशपतन में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया है। घुसपैठिया पठानकोट के रास्ते भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान बीएसएफ के जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन वह उसे नजरअंदाज करते हुए लगातार आगे बढ़ता रहा। ऐसे में खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- शोभायात्रा के साथ राज्य स्तरीय बैजनाथ शिवरात्रि महोत्सव शुरू -पेज 3
- एक ऐसा शिवालय जहां पिंडी पर गिरती है बिजली -पेज 11
- अवैध माइनिंग करने पर दो जेसीबी व टिप्पर जब्त -पेज 12
- दुर्लभ बीमारी के मरीज के लिए दवा खरीदने के केंद्र को दिए आदेश पर रोक -पेज 13
- कोहली तोड़ सकते हैं सचिन का सौ शतक का रिकॉर्ड : जाफर -पेज 14


# हिमाचल में दूसरे दिन भी बर्फबारी-बारिश, बढ़ी ठंड

## लाहौल-स्पीति, चौपाल सहित ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात



लाहौल घाटी

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/कुल्लू**

**हिमाचल** प्रदेश में दूसरे दिन भी बर्फबारी और बारिश जारी रहा। बर्फबारी और बारिश से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।

लाहौल-स्पीति, चौपाल सहित ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। भारी बर्फबारी होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। लाहौल-स्पीति में बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं, शिमला जिले के चौपाल में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन 27 और 28 फरवरी को भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य के अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र ने प्रदेश में अगले दो दिन तक अधिकांश स्थानों पर बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जारी रहने की संभावना है। 27 और 28 फरवरी को गरज के साथ बिजली गिरने की आशंका जताई है। पहली मार्च से मौसम में कुछ सुधार होने की संभावना है, लेकिन दो मार्च से एक और पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश में दस्तक देगा, जिससे दोबारा बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। 27 और 28 फरवरी को कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**दो दिन भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट**

### रोहतांग दर्रे में गिरी अढ़ाई फुट बर्फ

**अटल** टनल के साऊथ व नॉर्थ पोर्टल में दो फुट, व रोहतांग दर्रे में अढ़ाई फुट बर्फबारी हुई है। सोलंगनाला व कोठी में आधा फुट बर्फबारी हुई है। केलांग में एक फुट से अधिक बर्फबारी हुई है। लाहौल-स्पीति जिले में लगातार बर्फबारी हो रही है और पूरी घाटी बर्फ की मोटी चादर में ढक गई है, जिससे आवाजाही प्रभावित हो गई है।

## सीएम सुक्खू ने सोलन के शिव मंदिर में नवाया शीश



**अनंत ज्ञान, सोलन**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को महाशिवरात्रि पर शिमला लौटते समय सोलन के कुमारहट्टी-पट्टाघाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर में प्रसाद ग्रहण के बाद कुछ प्रसाद बच गया। बचे हुए प्रसाद को मुख्यमंत्री ने पैक करवाया और कहा कि यह मेरा झूठा है इसे मैं घर जाकर खाऊंगा। उनकी इस सादगी पर वहां उपस्थित सारे लोग हैरान रह गए। इसके बाद मुख्यमंत्री सुक्खू शिमला के लिए रवाना हुए।

### सीएम आज करेंगे छोटी काशी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव-2025 का शुभारंभ

**अनिल शर्मा, मंडी**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू वीरवार को छोटी काशी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव-2025 का विधिवत शुभारंभ करेंगे। सात दिवसीय महोत्सव मंडी में 27 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। उपायुक्त एवं छोटी काशी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि मुख्यमंत्री मंडी के अधिष्ठाता राज देवता माधो राय के मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और उसके पश्चात माधो राय मंदिर से पड्डल मेला ग्राउंड तक निकलने वाली भव्य जलेब में शामिल होंगे। राज देव माधो राय की अगवानी में निकलने वाली इस जलेब में मंडी जनपद के संकड़ों देवी-देवताओं सहित कारदार, देवलु, विभिन्न संस्थाएं व बड़ी संख्या में यहां पधारे लोग शामिल होते हैं। वहीं, सीएम करोड़ों रुपए की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का भी उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। मंडी जिला वासियों को विकास रूपी सौगात देंगे। भीमाकाली मंदिर परिसर में शिवरात्रि धाम में भी शामिल होंगे। वीरवार देर सायं मुख्यमंत्री सेरी मंच पर स्थापित कला केंद्र में महाशिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं का शुभारंभ करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## राजौरी में सेना के वाहन पर आतंकी हमला, कोई हताहत नहीं



**एजेंसी, राजौरी**

**जम्मू**-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास स्थित एक गांव में बुधवार को संदिग्ध आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की।

अधिकारियों ने बताया कि सुंदरबनी सेक्टर के फाल गांव के पास हुई इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। जंगल में छिपे आतंकवादियों ने इलाके से गुजर रहे सेना के वाहन पर कुछ गोलियां चलाईं। जंगल को आतंकवादियों के लिए घुसपैठ का पारंपरिक मार्ग माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की और आतंकवादियों को खत्म करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

## इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निकल कॉलेजों के कायाकल्प की तैयारी

### नगरोटा बगवां, शिमला और मंडी में डिप्लोमा कोर्स शुरू

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में राज्य इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निकल कॉलेज के कायाकल्प की तैयारी चल रही है। नए डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी की नई तकनीक के साथ आगे बढ़ने का निर्णय लिया है। बाकायदा, राज्य सरकार ने इस दिशा में कई बड़े कदम उठाए हैं और कई दूसरी नवीन तकनीक अपनाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सरकार ने हाल ही में कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां में राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस का नया डिग्री कोर्स, शिमला जिले के प्रगतिनगर में अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में सिविल इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स, मंडी के राजकीय पॉलिटेक्निक सुंदरनगर में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) का डिप्लोमा कोर्स शुरू करने को स्वीकृति प्रदान की है। (अनंत ज्ञान)

### डाटा विश्लेषण करना होगा आसान

**इस** क्षेत्र में युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के अपार अवसर उपलब्ध और प्रशिक्षित युवा नवाचार के माध्यम से समाज में सार्थक योगदान प्रदान करेंगे। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को डाटा का विश्लेषण करने और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित निर्णय लेने संबंधी ज्ञान प्रदान करने में सहायक साबित होंगे।

## अमेरिकी नागरिकता देने के लिए पांच गुना वसूलेंगे ट्रंप

**44 करोड़ में सिटिजनशिप देंगे** | **दो हफ्ते में शुरू होगा गोल्ड कार्ड वीजा प्रोग्राम**

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**राष्ट्रपति** ट्रंप अमेरिका की नागरिकता देने के बदले 5 गुना ज्यादा पैसा वसूल करने वाले हैं। ट्रंप ने 'गोल्ड कार्ड' नाम से एक नए वीजा प्रोग्राम को शुरू करने का ऐलान किया।

इसे 5 मिलियन डॉलर (44 करोड़ भारतीय रुपए) में खरीदा जा सकता है। ट्रंप ने इसे अमेरिकी नागरिकता का रास्ता बताया है। ट्रंप ने 'गोल्ड कार्ड' को एफबी-5 वीजा प्रोग्राम का विकल्प बताया और कहा कि भविष्य में 10 लाख गोल्ड कार्ड बेचे जाएंगे। फिलहाल अमेरिकी नागरिकता के लिए एफबी-5 वीजा प्रोग्राम सबसे आसान रास्ता है। इसके लिए लोगों को 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.75 करोड़ रुपए) देने होते हैं। ट्रंप ने कहा कि यह वीजा कार्ड अमेरिकी नागरिकता के रास्ते खोलेगा। इसे खरीदकर लोग अमेरिका आएंगे और यहां बहुत ज्यादा टैक्स भरेंगे।

**गुड न्यूज** केंद्र सरकार ने दी मंजूरी; होली, पांगी और मनाली में बनेंगे हेलिपोर्ट, वन विभाग ने जारी किया पत्र

# हिमाचल में तीन हेलिपोर्ट बनाने का रास्ता साफ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हवाई संपर्क बढ़ाने के प्रयास होंगे तेज**

**हिमाचल** में प्रस्तावित तीन हेलिपोर्ट बनाने का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र ने प्रथम चरण की मंजूरी प्रदान कर दी है। ये हेलिपोर्ट चंबा के होली और पांगी व कुल्लू जिले के मनाली में ग्रीन टैक्स बैरियर के पास बनेंगे। बता दें कि राज्य में हेलिपोर्ट के निर्माण में तेजी लाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य हो रहा है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य में कोई देरी न हो और सभी आवश्यक औपचारिकताएं, विशेष रूप से वन मंजूरी की प्रक्रिया अतिशीघ्र पूर्ण की जाए। राज्य में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के उद्देश्य से हवाई संपर्क बढ़ाने के लिए हेलिपोर्ट के विकास को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे बेहतर पर्यटन बुनियादी ढांचे से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने पर जोर

**राज्य** सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने और दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार के लिए हेलिपोर्ट परियोजनाओं को प्राथमिकता दे रही है। इस पहल से न केवल परिवहन सुविधाओं का विकास होगा, बल्कि पर्यटन क्षेत्र और स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

### 16 और हेलिपोर्ट बनाने की योजना तैयार

**मुख्यमंत्री** सुक्खू के निर्देश पर सभी जिला मुख्यालयों और जनजातीय क्षेत्रों में 16 हेलिपोर्ट बनाकर हवाई संपर्क को मजबूत करने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार पर्यटन के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और आगंतुकों के लिए सुविधाओं में सुधार पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके अलावा कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार कार्य में तेजी लाई गई है और भुंतर हवाई अड्डे का विस्तार करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इन प्रयासों से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक प्रदेश में अपने पसंदीदा गंतव्यों तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

**केंद्र ने नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की याचिका का किया विरोध, कहा-**

# दोषी सांसदों पर आजीवन प्रतिबंध लगाना संसद के अधिकार क्षेत्र में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** ने दोषी करार दिए गए राजनीतिक नेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने वाली एक याचिका का सुप्रीम कोर्ट में विरोध करते हुए कहा कि इस तरह की अयोग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में केंद्र ने कहा कि याचिका में जो अनुरोध किया है, वह विधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से कानून बनाने का निर्देश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों से पूरी तरह से परे है। दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। हलफनामे में कहा गया कि यह दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता की ओर से उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं। इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उपयुक्त परिवर्तन करना पड़ेगा।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- भूस्वामी को अनिश्चितकाल तक जमीन के उपयोग से वंचित नहीं रख सकते



**नई दिल्ली।** किसी भूस्वामी को अनिश्चितकाल तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि भूमि मालिक को वर्षों तक भूमि के उपयोग से वंचित नहीं रखा जा सकता। एक बार जब किसी भूमि मालिक पर किसी विशेष तरीके से भूमि का उपयोग न करने का प्रतिबंध लगा दिया जाता है, तो उक्त प्रतिबंध को अनिश्चितकाल तक खुला नहीं रखा जा सकता।

# जिलेभर के शिवालयों में दिनभर गूंजा ओम नमः शिवाय

## भगवान शिव का रुद्राभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लगी लंबी-लंबी कतारें, धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि पर्व




गसोता महादेव में भी सुबह से ही भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक करने के लिए पहुंच गए थे (दाएं) शिव मंदिर हमीरपुर में शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिलेभर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान शिव का पूजन और जलाभिषेक करने के लिए शिवालयों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। जलाभिषेक करने के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थीं। सभी श्रद्धालु अपनी बारी आने पर पूजन और जलाभिषेक कर रहे थे।

हमीरपुर के प्राचीन शिव मंदिर में भी भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। वहीं, गसोता महादेव में भी सुबह से ही भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए पहुंच गए थे। बता दें कि जिले के अधिकतर क्षेत्रों में भगवान शिव के छोटे व बड़े मंदिर स्थापित किए गए हैं।

इन मंदिरों को सजाने का सिलसिला दो-तीन दिन पहले ही शुरू हो गया था। महाशिवरात्रि को अधिकतर श्रद्धालु निराहार व्रत रखते हैं और मंदिरों में जाकर विशेष पूजा करते हैं। कई मंदिरों में दिनभर भजन-कीर्तन चलता रहा और महिलाएं भगवान शिव की स्तुति करती नजर आईं।

### शिव मंदिर हमीरपुर ने शहर में निकाली शोभायात्रा

प्राचीन शिव मंदिर हमीरपुर द्वारा 10 बजे झंडा रस्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उसके बाद शहर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने भगवान शिव का तांडव और अन्य नृत्य प्रस्तुत किए। उसके बाद शाम 7 बजे से देर रात तक भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए शिव मंदिर कमेटी के सदस्य विनोद पुरी ने बताया कि शिवरात्रि को लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने बताया कि व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को फलाहार भी बांटा गया। उन्होंने कहा कि आज शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने किया 'शिव तांडव'

**एसके ठाकुर, बड़सर**



शिवरात्रि के महापर्व पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इसी कड़ी में उपमंडल बड़सर के बिझड़ी कस्बे में स्थित शिव मंदिर कुआं चौक पर स्थानीय कलाकारों ने शिव तांडव करके खूब वाहवाही लूटी। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल बिझड़ी पहुंचकर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद कुआं चौक पर जनता को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं तथा स्थानीय कलाकारों के साथ शिव भजनों का आनंद उठाते हुए खुद भी शिव तांडव नृत्य में ठुमके लगाए। इसके उपरांत बिझड़ी बाजार में शिव नृत्य करते हुए बाजार में झांकी निकालकर महाशिवरात्रि का शुभ संदेश लोगों को दिया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ-साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़सर संजीव कुमार, बिझड़ी पंचायत के प्रधान संजय कुमार, उपप्रधान गुरुदेव सिंह सहित सैकड़ों शिव भक्त मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## बिल्ले कलेश्वर महादेव में उमड़े श्रद्धालु



**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिल्ल कलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में महाशिव रात्रि पर्व के दौरान भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए शिव भक्तों की उमड़ी भीड़। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने व्यास नदी में श्रद्धा की डुबकी लगाई।

## पांडवों के समय बने जसकोट शिव मंदिर में महाशिवरात्रि की रही धूम

**सुनील कुमार, हमीरपुर**



पांडवों द्वारा वनवास के समय में निर्मित जसकोट शिव मंदिर में पिंडी पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

पांडवों द्वारा बनवास के समय में निर्मित जसकोट शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। शिव मंदिर कमेटी जसकोट के प्रधान चमकौर सिंह ने बताया यहां पर हर वर्ष महाशिवरात्रि बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। महाशिवरात्रि के दिन दूर-दूर से श्रद्धालु आकर शिव पिंडी पर दूध-लस्सी से जलाभिषेक करते हैं और बिल्व पत्र चढ़ाते हैं।

वहीं, व्रत करने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार का प्रबंध भी किया जाता है। महाशिवरात्रि के अगले दिन भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। इस शुभ अवसर पर शिव मंदिर जसकोट में कमेटी उपप्रधान प्रताप सिंह, सचिव संजीव कुमार, खजांची राजेश हीर, वरिष्ठ प्रधान प्रेम सिंह, सदस्य कुलदीप सिंह, विचित्र सिंह, अशोक कुमार, दलजीत सिंह व अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बड़सर में युवक से 10 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पुलिस थाना बड़सर की टीम ने नाकाबंदी व यातायात चैकिंग के दौरान चेतन शर्मा पुत्र गांव अमलैहड़ डाकघर सुनकाली तहसील गनारी जिला ऊना के कब्जा से 10 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया। थाना प्रभारी गुरबख्स ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### युवक व युवती से 7 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पुलिस ने एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में जगह-जगह नाके लगाए जा रहे हैं। बीती रात अढाई बजे मशेह पुल के पास एएसआई राजकुमार के नेतृत्व में नाका लगाया था। नाका के दौरान पुलिस ने एचआरटीसी की लुधियाना से सरकाघाट जा रही बस की तलाशी ली। तलाशी के दारौन पुलिस ने हमीरपुर के एक युवक व युवती से 7 ग्राम चिट्टा पकड़ने में सफलता हासिल की है। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान आशीष गौतम निवीस मिडिल गौड़ा हमीरपुर व हमीरपुर के ही वार्ड नं. 5 बृज की निवासी से चिट्टा पकड़कर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। एसएचओ नादौन निर्मल सिंह ने बताया कि दोनों आयोपियों को माननीय एसीजेएम की अदालत में पेश किया, जहां अदालत ने दोनों आरोपियों के चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### घर में घुसकर महिला के साथ किया दुराचार

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** थाना बड़सर के अंतर्गत एक महिला निवासी बड़सर क्षेत्र से अपनी शिकायत में दर्ज करवाई कि बिझड़ी क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति द्वारा इसके साथ दुराचार किया गया है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि व्यक्ति उसके घर में जबरदस्ती घुस गया और उसके साथ दुराचार किया। थाना प्रभारी गुरबख्स ने बताया कि उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है और छानबीन की जा रही है।

### अस्पताल में दो व्यक्तियों ने मचाया हुड़दंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत अभिषेक सिंह ठाकुर पुत्र सतपाल सिंह गांव व डाकखाना डुग्घा तहसील व जिला हमीरपुर ने अपनी शिकायत में दर्ज करवाया कि 25 फरवरी को अक्षित राणा पुत्र सुरेश राणा गांव वुमाना डाकखानाा ताल तहसील व जिला हमीरपुर तथा अकिल खान पुत्र दिलावर खान गांव कपोटी डाकखाना ताल तहसील व जिला हमीरपुर ने इनमे अस्पताल में आकर हुड़दंगबाजी, धक्का-मुक्की, गाली-गलौज व धमकियां दी। थाना प्रभारी यादेश ने बताया कि दोनों व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### बुंगा मंदिर कमेटी का चुनाव एक मार्च को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के पंचायत अमरोह में प्रसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर बुंगा में मंदिर कमेटी बुंगा (अमरोह) का चुनाव 1 मार्च को मंदिर परिसर में होगा। यह जानकारी मंदिर कमेटी प्रधान जगदेव सिंह ठाकुर ने दी।

### हनुमान अखाड़ा दुलेड़ा में महादंगल 9 मार्च को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हर वर्ष की भांति इस बार भी हनुमान अखाड़ा दुलेड़ा में 9 मार्च को महादंगल का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन कमेटी के प्रधान बलवंत धीमान ने बताया कि इस बार भी भारत के प्रतिनिधि इस दंगल में अपना जौहर दिखाएंगे। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके सिल्वर मेडल विजेता पहलवान संदीप मांन (पंजाब) नीरज (रोहतक, हरियाणा), अभिनायक (उत्तर प्रदेश), लाली (फगवाड़ा) पहलवानों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। दुलेड़ा केसरी खिताब के लिए संदीप मान और नीरज रोहतक के बीच कड़ा मुकाबला होगा। बड़ी माली विजेता को 31000 रुपए नकद वह उपविजेता को 21000 रुपए की राशि व एक गुर्ज दिया जाएगा। छोटा माली के विजेता को 11000 रुपए व उपविजेता को 9000 रुपए के साथ एक गुर्ज भी दिया जाएगा। बलवंत धीमान ने बताया कि 9 मार्च को दंगल एक बजे शुरू हो जाएगा। सभी लोगों के बैठने की इस बार बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई है।

### शिमला ने 39 ओवर में 7 विकेट पर 161 रन बनाए

**अनंत ज्ञान, नादौन।** वरिष्ठ अंतर जिला स्तरीय तीन दिवसीय क्वार्टरफाइनल क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट स्टेडियम अमतर में शिमला व हमीरपुर के बीच शुरू हुई। हमीरपुर के कैप्टन ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। शिमला की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 39 ओवर में 7 विकेट पर 161 रन बनाए हैं। बल्लेबाज 42 जबकि देवरथ विक्टा 15 रन बनाकार नाबाद रहे। हमीरपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज मृदुल ने 3 विकेट झटकी जबकि प्रिंस ठाकुर, विनय गुलेटिया व दिव्यांश ने 1-1 विकेट ली, जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हो गया। यह जानकारी देते हुए जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया ने बताया कि शिमला की टीम ने पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 39 ओवर में 7 विकेट पर 161 रन बनाए हैं। वीरवार को शिमला की टीम 161 रन से आगे खेलेगी।

### डॉ. पुष्पेंद्र ने किया डेंटल क्लीनिक का शुभारंभ




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के तहत बजूरी मुख्य मार्ग पर डॉ. सपना डेंटल क्लीनिक का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि का डॉ. सपना और उनके पिता पूर्व बीडीसी सदस्य धर्मचंद ने और क्षेत्र के लोगों ने बड़ी गर्मजोशी के साथ फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। तदोपरांत रिबन काटकर डेंटल क्लीनिक की विधिवत्त शुभारंभ डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने डॉ. सपना और उनके पिता पूर्व बीडीसी सदस्य धर्मचंद को बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि मनुष्य के स्वास्थ्य में दांतों का बहुत ही महत्वपूर्ण रोल है, इसलिए दांतों का स्वस्थ होना पूरे शरीर के स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डॉ. सपना ने आत्मनिर्भर भारत और बेटी है अनमोल के नारे को आज सार्थक करते हुए अपने इस डेंटल क्लीनिक की शुरुआत की है, जो कि आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## हिमाचल गोसेवा समिति गुजरात में करेगी सनातन धर्म का प्रचार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सनातन धर्म एवं गोसेवा को समर्पित हिमाचल गौ सेवा समिति हमीरपुर द्वारा 11 से 17 मार्च तक द्वारिका धाम गुजरात में सात दिन का सनातन धर्म का प्रचार एवं गोसेवा का महत्व पर शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसके प्रदेश से 165 गोभक्त जा रहे हैं। 11 मार्च को प्रात: 10 बजे पूरे द्वारिका शहर में हिमाचल परिवेश में बड़ी धूमधाम से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें केंद्रीय पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय कामधेनू गोसेवा आयोग के चेयरमैन डॉ. वल्लभ भाई कथीरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे तथा समापन समारोह में पूर्ण आहुति के लिए स्थानीय विधायक पमुवा वीरम भाई मानिक ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें जागरण एवं योग व्यवस्था रणजीत सिंह गुलेरिया, भोजन व्यवस्था संजय कुमार, आवास व्यवस्था बलदेव धीमान, प्रचार एवं प्रसार प्रकाश भारद्वाज, वित व्यवस्था उत्तम ढटवालिया एवं सोम राज शर्मा व यात्रा प्रमुख रसील सिंह मनकोटिया को जिम्मदारी दी गई है।

## सीनियर सिटीजन काउंसिल ने किया शिव मंदिर में कीर्तन हाल का लोकार्पण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्राचीन शिव मंदिर हमीरपुर में महाशिवरात्रि के अवसर पर कीर्तन हाल का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी ने रिबन काटकर कीर्तन भवन का शुभारंभ किया।

शिव मंदिर कमेटी ने सीनियर सिटीजन काउंसिल के पदाधिकारियों और सदस्यों को टोपी व पटका पहनाकर सम्मानित भी किया। इस कीर्तन हाल के निर्माण के लिए सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर धर्मार्थ रोगी सेवा संस्थान द्वारा शिवालय के बरामदे के निर्माण के लिए 5 लाख 60 हजार रुपए दिए, वहीं कीर्तन हाल के लिए निर्माण सामग्री देने के लिए 6 लाख 57 हजार 651 रुपए की सहयोग राशि दी। सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर द्वारा शिव मंदिर को कुल 12 लाख 17 हजार 651 रुपए दिए हैं।

महाशिवरात्रि को लेकर शिव मंदिर को फूलों से सजाया गया था। वहीं, कीर्तन भवन में भी अब बैठने की व्यवस्था हो गई। शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनोद पुरी ने बताया सीनियर सिटीजन काउंसिल का इस पुनीत कार्य के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई उसका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि अब कीर्तन हाल में श्रद्धालुओं को बैठने की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, भगवान दास शास्त्री, उपाध्यक्ष हेम राज शर्मा, सचिव कुलदीप कमल, सुरेश कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार सहित कमेटी के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक के प्रयासों से सुजानपुर में हो रहे विकास कार्य : उदय

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** युवा कांग्रेस नेता उदय कुमार ने कहा है कि सुजानपुर के विकास जिस प्रकार से गति पकड़ी है, उस हिसाब से सुजानपुर के विधायक सेना मेडल से सम्मानित कैप्टन रणजीत सिंह को विकास पुरुष के नाम से जाना जाएगा। आज सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में सुजानपुर के विधायक द्वारा हर एक कार्य संभव हो पा रहा है, जो कार्य 15 सालों से अटके पड़े थे। जो शुरू नहीं हो रहे थे, वे आज सात-आठ महीने में शुरू भी हो गए हैं और कुछ कार्य पूर्ण भी होने वाले हैं।



उदय ने कहा कि सुजानपुर शहर की जो दयनीय हालत थी, उसके सुधार के लिए विधायक द्वारा बेहतर कदम उठाए जा रहे हैं। आज शहर के हर एक चौक, हर एक चौराहे, हर एक गली और हर एक टियाले को सुंदर बनाया जा रहा है। शहर का सौंदर्यीकरण हो रहा है। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता अपने ऊपर गर्व महसूस कर रही है कि हमने एक कार्य करने वाले विधायक को चुना है।

## विकास खंड नादौन की पंचायतों में समीक्षा बैठकों की सूची जारी

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

खंड विकास अधिकारी नादौन निशांत शर्मा ने विकास खंड नादौन की विभिन्न पंचायतों में होने बाली समीक्षा बैठकों की सूची जारी करते हुए बताया कि इन पंचायत स्तर पर होने वाली इन समीक्षा बैठकों में जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत प्रधान, उपप्रधान, पंचायत बार्ड पंच, पंचायत सचिव, पंचायत तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक विशेष रूप से भाग लेंगे।

अधिकारी ने बताया कि पंचायत स्तर पर यह बैठक चार महीनों में एक बार होती है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायतों में हो रहे विकास कार्य की समीक्षा करना है एवं इस तरह की बैठकों से एक तो पंचायत स्तर पर करवाए जा रहे विकास कार्यों को गति मिलती है एवं जमीनी स्तर पर पंचायत में विकास कार्यों को करवाने में आ रही समस्याओं की भी जानकारी प्राप्त होती. हैं ताकि उन समस्याओं को दूर करने के लिए उन पर विस्तार से चिंतन किया जा सके। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि नादौन कि विभिन्न पंचायतों में आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक इस प्रकार से आयोजित की जाएंगी। सुबह साढ़े 10 बजे 25 फरवरी को पंचायत घर गाहली में, लहड़ा पंचायत, गोइस, गलोड़ खास, हड़ेटा, उटटप, गाहली, मेड, फाहल, कश्मीर, सनाही व सरेड़ी रखी गई हैं 27 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे पंचायत घर मालग, पंचायत बढ़ेडा, पन्याली, मालग, बटरान, मझेली, बूनी, रंगस, जोल सप्पड़, नोंघी, घलूं व दंगड़ी में आयोजित होगी।

28 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे मिनी सचिवालय अमलेहड़, गौना, बसारल, भदरोल, भरमोटी खुर्द, बेला, करौर, कमलाह, कोटला चिलियां, मझियार, लाहड़ कोटलू, भूंपल व मण आदि पंचायतें शामिल होंगी। एक मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे मिनी सचिवालय में - जलाड़ी, कलूर, कोहला, बड़ा, चोड़ू, फस्टे, जीहन, बर्धियाड, बलडूहक, सपड़ोह, पुतड़ीयाल, रेल व कंदरोला पलासी पंचायतों की समीक्षा बैठक रखी गई है। 3 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे पंचायत घर धनेटा में, पंचायत भदरू, पनसाई, मनसाई, बेहरड, झलान व बदारण और 3 मार्च को दोपहर बाद ढाई बजे पंचायत घर धनेटा में- किटपल, धनेटा, हथोल, गवाल पत्थर व जसाई में होगी। (अनंत ज्ञान)

**मौका** खेल मैदान अणू में कल सुबह 6.30 बजे से शुरू होगी पुलिस कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया

## भर्ती करवाने के प्रलोभन देने वालों के खिलाफ करें शिकायत: एसपी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

> अभ्यर्थियों को अपने साथ लाने होंगे आवश्यक कागजात, मोबाइल पर रहेगा प्रतिबंध

हिमाचल प्रदेश में 1226 पुलिस कांस्टेबलों के पदों को भरने के लिए हमीरपुर जिले में भर्ती प्रक्रिया 28 फरवरी से शुरू हो रही है। यह भर्ती प्रक्रिया भारतीय खेल प्राधिकरण साई मैदान अणू में आयोजित की जाएगी। पुलिस कांस्टेबल के पदों की भर्ती के लिए हमीरपुर जिले के 7680 युवाओं ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इनमें 5668 पुरुष व 2012 महिला अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

पुलिस विभाग ने भर्ती संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि शारीरिक दक्षता व शारीरिक मानक परीक्षा सुबह 6.30 बजे से शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी अभ्यर्थी को मोबाइल अपने साथ लाने की अनुमति नहीं होगी और न ही अभ्यर्थी के किसी भी रिश्तेदार को मैदान में आने की अनुमति होगी।

उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को उनके लिए निश्चित दिनों पर तिथिवार एडमिट कार्ड हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग शिमला द्वारा पहले ही जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने के लिए सभी अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज लेकर आना आवश्यक है। आवश्यक कागजातों मेंएडमिट कार्ड की 2 कॉपी, पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो-2, दसवीं कक्षा का मूल सर्टिफिकेट मूल प्रति-जन्मतिथि सत्यापन हेतु, श्रेणी प्रमाण पत्र, आईडी प्रूफ व उसकी कॉपी आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई वैध पहचान पत्र, हिमाचल प्रदेश से संबंधित बोनाफाइड प्रमाण पत्र मूल प्रति लाना आवश्यक है।

पुलिस कांस्टेबल भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षा में 100 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर दौड़ व हाई जंप, लॉग जंप के टेस्ट लिए जाएंगे। एसपी ने बताया कि पुलिस कांस्टेबल के पद पर भर्ती करवाने के लिए यदि कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी को पैसे देकर या कोई अन्य प्रलोभन देकर पुलिस में भर्ती करवाने की बात करता है तो उसकी शिकायत नजदीकी पुलिस थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 7876916814 या 01972-224339 या मैदान में मौजूद पुलिस उपमहानिरीक्षक, मध्य खंड मंडी, पुलिस अधीक्षक, जिला हमीरपुर या अन्य किसी अधिकारी को कर सकते हैं।

उन्होंने सभी अभ्यर्थियों व उनके परिजनों को सचेत किया है कि किसी भी षड्यंत्र, प्रलोभन और जालसाजी का शिकार होने से बचें। यदि कोई इस तरह का प्रस्ताव किसी भी व्यक्ति से प्राप्त हो तो पुलिस भर्ती मैदान में मौजूद पुलिस अधीक्षक, जिला हमीरपुर के मोबाइल नंबर 7876916800 या मैदान में मौजूद अन्य किसी भी पुलिस अधिकारी से संपर्क करके भी सूचित कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल प्रदेश में कर्मचारियों का हो रहा उत्पीड़न : प्रवीण शर्मा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों पर अंग्रेजों के शासन से भी ज्यादा उत्पीड़न हो रहा है। प्रदेश में कर्मचारियों के हकों को दबाया तो पहले भी जाता था, परंतु अब कर्मचारियों को डराया भी जा रहा है। प्रदेश सरकार अब हिटलर की तरह कर्मचारियों का दमन कर रही है। उनके वेतन भत्ते छीन लिए और अब दस लाख कार्मिकों की रिकवरी करने चल पड़े हैं। यह बात कर्मचारी संघर्ष मोर्चा हिमाचल प्रदेश संस्थापक प्रवीण शर्मा ने जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार अब सुप्रीम कोर्ट और हिमाचल हाईकोर्ट के फैसलों को नहीं मानती और अपने कानून बना रही है। मोर्चा कर्मचारियों के हकों के लिए लामबंद है और हम न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ भारत राष्ट्रीय सयोंजक, हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ प्रबंधन सदस्य की तरफ से कर्मचारियों की हो रही दुर्गति के लिए सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं।

### एंगल से लोड फोर व्हीलर की टक्कर से कार चालक घायल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल के अंतर्गत धनोटू पुलिस सहायता कक्ष के नजदीक धनोटू से बग्गी की तरफ जा रहे एंगल से लोड फोरव्हीलर संख्या एचपी 31बी. 9588 के चालक की लापरवाही के कारण बग्गी से सुंदरनगर की तरफ जा रही कार संख्या एचपी 31बी. 6730 को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार का अगला भाग क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक सुरेश कुमार गांव महादेव ने बताया कि यह फोरव्हीलर पवन शर्मा मिल धनोटू का था, जिसके ऊपर भारी भरकम लोहे के एंगल लोड किए हुए थे। बाद में काफी बहस होने एवं बीच बचाव द्वारा दोनों पक्षों में आपसी समझौते के तहत मामले का निपटान हो सका।

# शोभायात्रा के साथ राज्य स्तरीय बैजनाथ शिवरात्रि महोत्सव शुरू

## तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और विधायक किशोरी लाल सहित सैकड़ों लोग हुए शामिल

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

भव्य शोभायात्रा के साथ बैजनाथ का पांच दिवसीय राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव बुधवार से आरंभ हो गया। रेस्ट हाउस से इंदिरा गांधी मैदान तक निकाली गई शोभायात्रा में प्रदेश के नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी और विधायक किशोरी लाल, देवी-देवताओं सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। बैजनाथ के इंदिरा गांधी मैदान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ नगर नियोजन मंत्री, राजेश धर्माणी ने झंडा फहराने की रस्म अदा कर किया। मंत्री ने प्रदेशवासियों को शिवरात्रि के महापर्व की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि इस खास अवसर पर देशभर में शिव मंदिरों में महादेव की पूजा विशेष पूजा-अर्चना होती है, साथ ही महाभिषेक किया जाता है। उनके लिए भी गौरव की बात है कि उन्हें शिवरात्रि के अवसर पर ऐतिहासिक शिव मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में सरकार हर क्षेत्र में क्वालिटी पर फोकस कर विकास को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुधारात्मक फैसले लिए जा रहे हैं, ताकि आने वाले समय में हिमाचल आत्मनिर्भर और समृद्ध बनकर देश का विकसित राज्य बने। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग का विशेष ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नियमित और नियोजित विकास को सुनिश्चित बनाना सरकार की प्राथमिकता है और इसी दृष्टि से प्रदेश हित में लोगों के हितों को ध्यान में रखा जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव जीवन ठाकुर, पूर्व प्रदेश एस सी सेल के उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू, बीपीए के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, रविंद्र राव, नगर पंचायत के अध्यक्ष आशा देवी, एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर, डीएसपी अनिल शर्मा सहित मेला समिति के सरकारी तथा गैर-सरकारी सदस्य , गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### बैजनाथ में शुरू होगा पॉलीटेक्निक कॉलेज

**धर्माणी** ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बैजनाथ के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज की घोषणा पहले ही कर दी है, जिसकी औपचारिकताएं पूर्ण होने पर यहां कॉलेज जल्द ही आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बच्चे दक्ष बनें और नई ऊंचाई प्राप्त करें, इसके लिए स्किल डेवल्पमेंट तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने मेला समिति को महोत्सव के सफल आयोजन के लिए 50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

### बैजनाथ शिवरात्रि लोगों की आस्था का उत्सव : किशोरी

**इससे** पहले बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने मंत्री का स्वागत किया और प्रदेश के लोगों को महापर्व शिवरात्रि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बैजनाथ शिवरात्रि का धार्मिक तथा पौराणिक महत्व है और लोगों की आस्था का उत्सव है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ शिवरात्रि मेला ही नहीं बल्कि लोगों की आस्था का पर्व है। उन्होंने कहा कि लोगों की मांग तथा भगवान शिव के दर्शनों के लिए उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए इस बार मेले को इंदिरा गांधी मैदान में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महोत्सव लोगों का उत्सव है और लाखों की आस्था तथा भावनाएं इससे जुड़ीं हैं। उन्होंने कहा कि इलाके प्रत्येक नागरिक सहभागिता से उत्सव भव्य रूप में आयोजित हो रहा है। इससे पहले नगर नियोजन, आवास तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री और विधायक ने ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में पूजा अर्चना की। उन्होंने इंदिरा गांधी मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक प्रदर्शनियों का शुभारंभ और अवलोकन किया।



### विधायक ने चौबीन चौक में बाबा बैजनाथ द्वार का किया लोकार्पण

**विधायक** किशोरी लाल द्वारा आज बैजनाथ के चौबीन चौक में बाबा बैजनाथ द्वार का लोकार्पण किया गया । इस भव्य द्वार को बनाने के लिए राजकुमारी रिटायर्ड प्रिंसिपल पुत्री डॉक्टर जय चंद द्वारा 9 लाख रुपए की धनराशि भेंट कि गई है । कमेटी सदस्य रमेश चड्ढा ने बताया कि इस द्वारा को बनाने के लिए 27 लाख रुपए अनुमानित राशि बताई जा रही थी, परंतु कमेटी सदस्यों ने अपने तौर पर काम करवा कर इस कार्य को 12 लाख में ही संपूर्ण कर दिया है । इस मौके पर विधायक ने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक शिव मंदिर के रास्ते का सही ज्ञान नहीं हो पता था, परंतु अब इस द्वार के बनने से उन्हें काफी सुविधा होगी। विधायक ने धनराशि भेंटकर्ता राजकुमारी, कमेटी सदस्य रमेश चड्ढा, मिलाप राणा, मनीष शर्मा, गायत्री भारद्वाज का बहुत कम खर्चे में इस कार्य को पूरा करने के लिए धन्यवाद भी किया है।

## चीन ने गंभीर आरोप लगाकर दो तिब्बती अधिकारियों को किया निष्कासित

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

युन्नान के दो पूर्व वरिष्ठ तिब्बती अधिकारियों को अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन की जांच के बाद कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया है। तिब्बतियों ने चीन के इस आरोप को सामान्य अस्पष्ट आरोप बताया जो चीन जांच के अधीन सभी लोगों के खिलाफ लगाता रहता है।

अनुशासन निरीक्षण के लिए चीनी केंद्रीय आयोग और राष्ट्रीय पर्यवेक्षी आयोग का कहना है कि युन्नान में देचेन (दीकिंग) तिब्बती स्वायत्त प्रान्त के पूर्व गवर्नर क्यू जियानक्सिन और पूर्व उप-गवर्नर जंगचुप (जियांग चू) के निष्कासन ने पार्टी के राजनीतिक अनुशासन का गंभीर उल्लंघन किया कि पार्टी के प्रति बेईमान' थे और अवैध लाभ कमाया। उनकी आत्मकथाओं से संकेत मिलता है कि वे तिब्बती हैं।

**आयोग बोला- दोनों पार्टी के प्रति थे बेईमान**

आयोग ने दोनों व्यक्तियों के लिए समान शब्दों का इस्तेमाल किया, जो दर्शाता है कि दोनों के बीच संबंध था। चीन आयोग का कहना है कि प्रकृति गंभीर है और प्रभाव बुरा है और उन्हे उनके साथ गंभीरता से पेश आना चाहिए। उन्हें पार्टी और सार्वजनिक कार्यालयों से निष्कासित कर दिया गया। क्यूई और जंगचुप के खिलाफ जांच 2024 की शुरुआत में शुरू हुई, जब जंगचुप ने 29 फरवरी, 2024 को खुद को भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी के हवाले कर दिया। जंगचुप डेचेन के कार्यकारी उप-गवर्नर और क्यूई जियानक्सिन डेचेन के पूर्व गवर्नर, दोनों को भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी द्वारा उनके खिलाफ जांच शुरू किए जाने के बाद प्रीफेक्चर में उनके सरकारी पदों से बर्खास्त कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## चिंतपूर्णी में कांस्टेबल हरीश शर्मा का अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरोह के निवासी कांस्टेबल हरीश शर्मा (48) का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में पूरी विधि-विधान से किया गया। पुलिस विभाग द्वारा अंतिम संस्कार के दौरान कांस्टेबल हरीश शर्मा को पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा अंतिम सलामी दी गई। हरीश शर्मा की अचानक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक लहर है।

क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, संस्थाओं द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों ने कांस्टेबल की अचानक मौत पर शोक व्यक्त किया है और पुलिस विभाग से अनुरोध किया है कि किन कारणों से यह मौत हुई है उन सभी का पता लगाया जाए। मृतक कांस्टेबल इससे पहले भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और उसके बाद हिमाचल प्रदेश पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे थे। पुलिस अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि मृतक कांस्टेबल का पोस्टमार्टम किया गया है। उसकी रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगा कि किन कारणों से ऐसी घटना घटी।

## हिमाचल कांग्रेस संगठन में बड़े फेरबदल को लेकर हलचल तेज!

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

- कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल शुक्रवार को पहुंचेगी शिमला
- नए संगठन को लेकर करेंगी विचार-विमर्श

हिमाचल प्रदेश में शिवरात्रि के बाद कांग्रेस के नए संगठन को लेकर शिमला में विचार-विमर्श की हलचल तेज हो गई है। इसके लिए कांग्रेस की नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल 28 फरवरी को शिमला आ रही हैं। वह दो दिन तक शिमला में पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग करके नए पदाधिकारियों को लेकर उनकी राय जानेगी। इस दौरान संगठन के पदाधिकरियों को लेकर चर्चा करेंगी और नेताओं का फीडबैक लेगी। इसके बाद वह पार्टी हाईकमान को रिपोर्ट सौंपकर हिमाचल में नए संगठन का ऐलान किया जाएगा।



रजनी पाटिल 28 फरवरी को सुबह 10.30 बजे सबसे पहले हिमाचल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सेक्रेटरी इंचार्ज की मीटिंग लेंगी। नए संगठन को लेकर इनकी राय जानेगी। उसके बाद शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के साथ मीटिंग करेंगी। दोपहर बाद 3 बजे मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और कैबिनेट मंत्रियों के साथ मीटिंग करेगी।

एक मार्च को कांग्रेस के विधायकों और 2022 के विधानसभा चुनाव के पार्टी प्रत्याशियों के साथ मीटिंग करके नए संगठन को लेकर मंथन करेंगी। इसी दिन कांग्रेस के विभिन्न फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन प्रमुखों के साथ मीटिंग करेगी। पाटिल सभी कांग्रेस नेताओं से मीटिंग के बाद दोपहर बाद शिमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। दो मार्च को वह शिमला से दिल्ली रवाना होगी। बता दें कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीते साल 6 नवंबर को हिमाचल कांग्रेस की राज्य, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी को भंग कर दिया था। साढ़े तीन महीने से ज्यादा समय बीतने के बाद भी हाईकमान नया संगठन नहीं बना पाई। इससे प्रदेश में कांग्रेस नेता और वर्कर मायूस है। (अनंत ज्ञान)

### कृषि मंत्री संगठन को बता चुके पैरालाइज्ड

**कृषि** मंत्री चंद्र कुमार हिमाचल में कांग्रेस संगठन को पैरालाइज्ड तक बता चुके हैं। इसे देखते हुए बीते दिनों मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिल्ली जाकर रजनी पाटिल से जल्द नया संगठन बनाने का आग्रह किया है। ऐसे में रजनी पाटिल का हिमाचल दौरा नए संगठन को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संभव है कि इस दौरान वह नए पार्टी अध्यक्ष को लेकर भी चर्चा कर सकती है, क्योंकि प्रदेश में प्रतिभा सिंह को हटाने की चर्चाएं भी तेज है। प्रतिभा सिंह का तीन साल का कार्यकाल अप्रैल 2025 में पूरा होने जा रहा है।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity – अनंत ज्ञान

### भारतीय डाक विभाग में नौकरी

**ग्रामीण डाक सेवक**
- कुल 21413 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 3 मार्च 2025

शैक्षणिक योग्यता : 10वीं उत्तीर्ण
आयु सीमा : 18 से 40 वर्ष
आवेदन करें: indiapost.gov.in

### असम राइफल्स में अवसर

**टेक्निकल और ट्रेड्समैन**
- कुल 215 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च 2025

शैक्षणिक योग्यता : 10वीं/12वीं पास
आयु सीमा : 18 से 30 वर्ष
आवेदन करें: www.assamrifles.gov.in

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जॉब

**कोनकरेंट ऑडिटर**
- कुल 1194 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025

शैक्षणिक योग्यता : सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी
आयु सीमा : अधिकतम 63 वर्ष
आवेदन करें: bank.sbi/careers

### CSIR IHBT में रोजगार के अवसर

**साइंटिस्ट**
- कुल 11 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 3 मार्च 2025

शैक्षणिक योग्यता : M.E./M.Tech, Ph.D
आयु सीमा : 32 वर्ष
आवेदन करें: ihbt.res.in

### हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन में रिक्तियां

**असिस्टेंट प्रोफेसर**
- कुल 16 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 6 मार्च 2025

शैक्षणिक योग्यता : MS/MD, Post Graduate
आयु सीमा : 32 वर्ष
आवेदन करें: hppsc.hp.gov.in

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

**अप्रेंटिस**
- कुल 2691 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 5 मार्च 2025

आयु सीमा : न्यूनतम 20 वर्ष व अधिकतम 28 वर्ष
आवेदन करें: unionbankofindia.co.in

### DFCCIL में मौका

**जूनियर मैनेजर, एग्जीक्यूटिव अन्य पदों पर भर्ती**
- कुल 642 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 22 मार्च 2025

वेतन : 16000 से लेकर 1,60,000 प्रतिमाह
आवेदन करें: dfccil.com

## करियर निर्माण में व्यावसायिक विषयों का महत्व



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर
वंडर्सकूल एवं करियर प्रभु

**आज के तेजी से बदलते हुए युग में जहां उद्योग निरंतर विकसित हो रहे हैं, व्यावसायिक विषय छात्रों के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पारंपरिक शैक्षिक विषयों से अलग, व्यावसायिक शिक्षा विशिष्ट व्यापारों और कौशलों में हाथों-हाथ प्रशिक्षण प्रदान करती है, जो छात्रों को रोजगार के अवसरों में सीधे तौर पर अनुवादित होती है। व्यावसायिक शिक्षा का प्रमुख लाभ यह है कि यह छात्रों को उन विशेष कौशलों से लैस करती है जो विभिन्न क्षेत्रों में उच्च मांग में होते हैं। स्वास्थ्य देखभाल, इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, आतिथ्य, और कला जैसे क्षेत्रों में अक्सर विशिष्ट तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। बढ़ई, ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी, ग्राफिक डिजाइन और पाक कला जैसे व्यावसायिक विषय छात्रों को इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त करने का अवसर देते हैं, जो उन्हें स्नातक होने के बाद तुरंत कार्यबल में प्रवेश करने या आगे की विशेष शिक्षा प्राप्त करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करते हैं।**

### व्यवहारिक अनुभव नौकरी के लिए करते हैं तैयार

**व्यावसायिक** शिक्षा यह भी मदद करती है कि सिद्धांत ज्ञान और वास्तविक जीवन में इसके उपयोग के बीच की खाई को पाटा जा सके। छात्र न केवल सिद्धांतिक अवधारणाओं को सीखते हैं, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन के परिदृश्यों में उनका अभ्यास करने का भी अवसर मिलता है। यह व्यावहारिक अनुभव छात्रों को नौकरी के लिए तैयार करता है, उनके रोजगार योग्य होने की संभावनाओं को बढ़ाता है व उन्हें संभावित नियोक्ताओं के लिए आकर्षक बनाता है।

### उद्यमिता कौशल को बढ़ावा

**इसके** अतिरिक्त, व्यावसायिक प्रशिक्षण आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है और उद्यमिता कौशल को बढ़ावा देता है। कई व्यावसायिक पाठ्यक्रम छात्रों को रचनात्मक और आलोचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रेरित करते हैं, जिससे वे विभिन्न कार्य वातावरण में लागू करने योग्य समस्याओं का समाधान करने की क्षमता विकसित करते हैं। इसके अलावा, व्यावसायिक शिक्षा कई तरह के करियर रास्तों का नेतृत्व कर सकती है, चाहे पारंपरिक रोजगार में हो या एक स्वतंत्र उद्यमी के रूप में।

***अंत में, व्यावसायिक विषय छात्रों को अमूल्य कौशल, व्यावहारिक ज्ञान और करियर-विशिष्ट विशेषज्ञता प्रदान करते हैं जो उन्हें संतोषजनक और अच्छी वेतन वाली नौकरियों के लिए दरवाजे खोलते हैं। विद्यालय पाठ्यक्रम में व्यावसायिक विषयों को शामिल करके हम यह सुनिश्चित करते हैं कि छात्र आधुनिक नौकरी बाजार में सफलता प्राप्त करने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों।***

## डॉक्टर या इंजीनियर बनने के लिए 'आकाश' सर्वश्रेष्ठ

### राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पहले से ही एक मजबूत आधार

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड भारत का एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है जो 1988 से मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, स्कूल बोर्ड परीक्षा, एनटीएसई, ओलंपियाड और अन्य फाउंडेशन स्तर की परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को व्यापक परीक्षा तैयारी सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसे राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा क्षेत्र में सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक के रूप में मान्यता मिली है। संस्थान 5000 से अधिक विशेषज्ञ संकाय, व्यापक अध्ययन सामग्री, नियमित परीक्षण और आकलन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ कोचिंग अनुभवों में से एक प्रदान कर रहा है।



अशोक कुमार भारद्वाज
क्लस्टर हेड
आकाश एजुकेशनल

अशोक कुमार भारद्वाज (क्लस्टर हेड आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ट्राइसिटीः चंडीगढ़, पंचकूला और हिमाचल प्रदेश) के अनुसार आकाश अपने व्यापक, परिणाम-उन्मुख जेईई, एनईईटी और फाउंडेशन कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है। हमारा मिशन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आधुनिक शिक्षाशास्त्र और प्रौद्योगिकी द्वारा सक्षम शैक्षणिक उत्कृष्टता का वातावरण बनाना है। आकाश एजुकेशनल अपने अलग-अलग कार्यक्षेत्रों, आकाश मेडिकल, आकाश इंजीनियरिंग और आकाश फाउंडेशन के माध्यम से मेडिकल के साथ-साथ इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं और फाउंडेशन स्तर की परीक्षाओं के लिए विशिष्ट परीक्षा तैयारी सेवाएं प्रदान करने के लिए अत्यधिक प्रशंसित हैं। आकाश इंजीनियरिंग छात्रों को जेईई और अन्य इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयार करता है। आकाश मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पहले से ही एक मजबूत आधार तैयार करता है।

### 100 प्रतिशत डिजिटल कक्षाएं

**अशोक** कुमार भारद्वाज बताते हैं कि आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड अपनी सेवाएं कक्षा, डिजिटल और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदान कर रहा है। उनके कक्षा शिक्षण कार्यक्रम व्यक्तिगत ध्यान सुनिश्चित करते हैं और हमारे छात्रों के वैचारिक ज्ञान को विकसित करने का लक्ष्य रखते हैं। सभी शाखाओं और केंद्रों में 100 प्रतिशत डिजिटल कक्षाओं के साथ, आकाश कक्षाएं एक हाइब्रिड शिक्षण अनुभव प्रदान करती हैं, जो कक्षा और ऑनलाइन सीखने के सर्वोत्तम पहलुओं को जोड़ती है। कक्षाओं में दी जाने वाली समान सामग्री को लागत प्रभावी तरीके से वितरित करते हैं और छात्रों को अपनी गति और सुविधानुसार अध्ययन करने में मदद करते हैं। हम उन छात्रों के लिए अल्पकालिक कक्षा पाठ्यक्रम भी प्रदान करते हैं, जो परीक्षा से ठीक पहले अपनी अवधारणाओं को ताजा करना चाहते हैं और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करना चाहते हैं।

## पाठ्यवस्तु की नियमित दोहराई सफलता की कुंजी

### नियमित अभ्यास और सही रणनीति दिलाएगी बेहतरीन परिणाम

**वार्षिक** परीक्षाओं का आगाज हो चुका है और सभी बच्चों की इच्छा होती है कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करे और मनचाही सफलता प्राप्त करें। इसके लिए परिश्रम और सही रणनीति की आवश्यकता होती है। निरंतर दोहराई (रिवीजन) परीक्षा की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे पढ़ा हुआ ज्ञान लंबे समय तक स्मरण में बना रहता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

जब हम किसी विषय को बार-बार दोहराते हैं, तो वह सामग्री हमारे अवचेतन मस्तिष्क में सुरक्षित हो जाती है और हमें पुनः स्मरण करने के लिए अधिक प्रयास नहीं करना पड़ता है। इससे परीक्षा के समय हम उत्तर आसानी से याद कर सकते हैं। साथ ही प्रश्नों के उत्तर लिखने का अभ्यास अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, जिससे परीक्षा के समय हमें समयबद्ध तरीके से उत्तर लिख सकें। परीक्षा में इच्छित सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर दोहराई एक आवश्यक प्रक्रिया है। यह न केवल हमारी स्मरण शक्ति को बढ़ाती है, बल्कि आत्मविश्वास और परीक्षा की तैयारी को भी मजबूत बनाती है। यदि हम नियमित अभ्यास करें और सही रणनीति अपनाएं, तो परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### परीक्षा के दिनों में भरपूर नींद लें

**परीक्षा** के दिनों में एक विषय से दूसरे विषय की परीक्षा में पर्याप्त समय होता है। अतः आत्मविश्वास बनाए रखें और किसी भी प्रकार से तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। अध्ययन के समय बीच में थोड़ा सा आराम अवश्य करें, आप उस समय दो मिनट के लिए लंबी गहरी सांसें लेकर (डीप ब्रीदिंग) शरीर और मस्तिष्क को तनावमुक्त कर सकते हैं। परीक्षा के दिनों में भरपूर नींद लें और संभव हो तो कुछ समय के लिए ध्यान (मेडिटेशन) की आदत डालें, ताकि मस्तिष्क की क्षमता और एकाग्रता बनी रहे।

## प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में कर रही आमूल-चूल बदलाव

**प्रदेश** सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव करने शुरू कर दिए है। प्राइमरी से लेकर कॉलेज स्तर तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। युक्तिकरण प्रक्रिया भी इसी का एक रूप है। जो शिक्षकों की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाएगा और अतिरिक्त बढते आर्थिक बोझ को भी संभालेगा।



सरकार की मंशा साफ है कि वह युक्तिकरण प्रक्रिया को आगे भी जारी रखेगी। जिससे पठान-पाटन के तरीके को प्रभावी बनाया जा सके और वह निजी क्षेत्र की तरह पढ़ाई के स्तर को कहीं आगे ले जा सके। राज्य सरकार ने प्राथमिक शिक्षा को पूरी तरह से अनिवार्य कर दिया है।

बालिकाओं को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। बालिका की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सभी स्तर पर मुफ्त शिक्षा प्रदान की जा रही है। परीक्षाओं के दौरान धोखाधड़ी पर भी कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

### शिक्षकों को दिया जाएगा व्यापक प्रशिक्षण

**शिक्षकों** को व्यापक प्रशिक्षण के दायरे में लाया जा रहा है उन्हें बाहरी उन्नतशील देशों में भेजा जा रहा है। ताकि, वहां से वह बेहतर शिक्षण के गुण सिखे और यहां पर लागू कर इसे बच्चों को आगे बढ़ाने में सहायक बन सके।

प्रस्तुतिः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।

## ज्ञान की बात

- आईसीसी चैंपियन ट्रॉफी-2025 के सेमीफाइनल से बाहर होने वाली पहली टीम -**पाकिस्तान**
- हिमाचल के किस स्थान पर राज्य स्तरीय महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है ? -**बैजनाथ**
- हिमाचल के किस बस डिपो को कैशलेस ट्रांजेक्शन में प्रथम स्थान मिला है ? -**धर्मशाला बस डिपो**
- भारत की पहली हेलिकॉप्टर एंबुलेंस सेवा कहां शुरू की गई थी ? **एम्स ऋषिकेश**
- Taurus मिसाइल किन देशों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई है ? -**जर्मनी व स्वीडन**
- भारत में अगली पीढ़ी के मिसाइल पोतों के निर्माण की जिम्मेदारी किस शिपयार्ड की है ?- **कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड**
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के किस राज्य से पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की है ? -**बिहार**



**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

**अनिल शर्मा**
जिला ब्यूरो प्रभारी मंडी
9418980288, 8263880288

# अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि पर्व
## की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**आभार**

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



**भगत सिंह गुलेरिया**
वरिष्ठ संवाददाता मंडी
9418037815, 9459437815

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Sita Ram Verma
State president of Himachal Kisan union HP


अपूर्व देवगन
डीसी मंडी


साक्षी वर्मा
एसपी मंडी


ओमकांत ठाकुर
एसडीएम सदर मंडी


डॉ. नरेंद्र भारद्वाज
सीएमओ मंडी


हेमंत शर्मा
डीपीआरओ मंडी


एनआर ठाकुर
जिला बाल संरक्षण अधिकारी मंडी


वीरेंद्र भट्ट
महापौर नगर निगम मंडी


संजीव गुलेरिया
अध्यक्ष, एपीएमसी मंडी


भगवंत सिंह
रतन ज्वैलर्स


नीरज हांडा
समाजसेवी मंडी

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Dinesh Thakur
Managing Director cum Secretary
Him Valley Public School Bagla Distt. Mandi (H.P.), M. 9418100689

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

Khem Singh Thakur
Retd Block Elementary Education Officer


नीरज शर्मा
होस्ट एंकर


अनिल शर्मा
समाजसेवी


राजा सिंह मल्होत्रा
प्रसिद्ध समाजसेवी



रविकांत वैद्य
प्रधान, सनातन धर्म सभा मंडी


प्रेम लाल गुड्डू
अध्यक्ष, कांग्रेस सेवादल जिला मंडी।




अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव

की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**ब्रह्मदास चौहान**
प्रदेश कांग्रेस पार्टी अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष

## माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू के मंडी आगमन पर हार्दिक अभिनंदन व स्वागत



Himachal Pradesh Congress Committee
Minority Department

Sunny Eapen
State Joint Co-ordinator
Mobile - 9805533100

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**एनके पंडित**
पूर्व प्रवक्ता, मंडी कांग्रेस हिमाचल प्रदेश

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ. अनुपमा सिंह**
प्रति कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**वीरेंद्र भट्ट**
महापौर नगर निगम मंडी

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**के. एस. गुलेरिया**
प्रधानाचार्य, डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर, मंडी, हिमाचल प्रदेश

## उद्यान विभाग, जिला मंडी (हि.प्र.)
### की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेले की हार्दिक शुभकामनाएं

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री (हिमाचल प्रदेश)

हर हर महादेव

जगत सिंह नेगी
राजस्व बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री (हिमाचल प्रदेश)

उद्यान विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिनमें एचपी शिवा परियोजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मौसम आधारित फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मुख्यमंत्री मधु विकास योजना, मुख्यमंत्री कीवी प्रोत्साहन योजना, हिमाचल खुम्ब विकास योजना, हिमाचल पुष्प क्रांति योजना जो स्वावलंबन व स्वरोजगार हेतु लाभदायक है। इन योजनाओं में 50 प्रतिशत से लेकर शत प्रतिशत तक बागवानी विभाग द्वारा अनुदान दिया जा रहा है। बागवानी विभाग की अधिक व सम्पूर्ण जानकारी प्रदेशवासी एक **'SINGLE CLICK'** में ई उद्यान **PORTAL** के माध्यम से ले सकते है व विभिन्न योजनाओं का लाभ घर बैठे उठा सकते है ।सर्वसाधारण से विभाग अपील करता है कि इस स्वरोजगारोंमखी योजनाओं का समुचित लाभ उठाएं ।

उपनिदेशक उद्यान ,
मण्डी, जिला मण्डी (हि0प्र0)

## अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## वन विभाग मंडल मंडी हिमाचल प्रदेश

**वन मंडल मंडी की उपलब्धियां**

1) मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना द्वारा 15 हैक्टेयर बंजर वन भूमि में 16500 पौधे लगाए गए।

2) JICA परियोजना के तहत 54 स्वयं सहाय समूह की स्थापना की गई जिन्हें विभिन्न प्रकार के आजीविका अर्जित करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की मशीनें भी दी गई जैसे सिलाई, पटल मेकिंग। इस वर्ष 150 महिलाओं ने लगभग 15,00,000 के उत्पाद बेचे जिस से उनकी आजीविका में सुधार हुआ।

3) CA और NPV के अंतर्गत इस वर्ष 200 ha वन भूमि पर लगभग 2,00,000 पौधे रोपे गए ।



## अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की राष्ट्र व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर के मान सम्मान को समर्पित



डॉ. बीआर अंबेडकर
भारत रत्न, संविधान निर्माता

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

इंदिरा गांधी
पूर्व प्रधानमंत्री, आयरन लेडी

सुखविंद्र सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश

**चमन राही**
महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता
अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हि.प्र.
मो. 9816368111

## अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश
## कृषि प्रौधोगिकी प्रबन्धन अभिकरण

**प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना**

प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत किसानों को दी जाने वाली सुविधाएं निम्न प्रकार में है।

सामूहिक रूप में:- ◆ पंचायत स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। ◆ प्राकृतिक खेती माडल फार्म :- वर्ष 2024-25 में जिला मण्डी की सभी 559 पंचायतों में एक-एक प्राकृतिक खेती माडल फार्म लगाए गए हैं। ◆विभिन्न स्तरों पर भ्रमण कार्यक्रमों का आयोजन जिला मण्डी में समय-समय पर अंतरराज्यीय, राज्य व जिला स्तर पर भ्रमण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

व्यक्तिगत रूप में:- ◆ देशी गाय खरीदने के लिये 50 प्रतिशत या अधिकतम 25000 रु. अनुदान दिया जाता है। ◆ अधिकतम तीन ड्रमों तक 2250 रु0 का अनुदान दिया जाता है। ◆ देशी गाय की गौशाला को पक्का करने के लिये 8000 रु. का अनुदान दिया जाता है । ◆ फेरोमोन ट्रैप व साइकिल हल पर 50प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ 2024 में प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की को 30 रुपये किलोग्राम के हिसाब से खरीदा गया तथा सरकार इस वर्ष प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं 40 रुपये किलोग्राम की दर से खरीदने जा रही है। अधिक जानकारी व सहायता के लिये खण्ड स्तर पर बी.टी.एम / ए.टी.एम तथा जिला स्तर पर परियोजना निदेशक कार्यलय आतमा मण्डी मे सम्पर्कः करें।

**पेरियोजना निदेशक, आतमा मण्डी, जिला मण्डी, हि0 प्र0**

## अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

# हिमकेयर योजना

❖ जो परिवार आयुष्मान भारत या राज्य सरकार की चिकित्सा प्रतिमूर्ति योजना में शामिल नहीं है, के लिए प्रदेश सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे/बी.पी. एल, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग, दिहाड़ीदार, अंशकालीन कार्यकर्ता, मिड डे मिल वर्कर, रेहड़ी फहड़ी, आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका, मनरेगा में 50 दिन तक वित्तिय वर्ष काम करने वाले लोग, 70 वर्ष आयु से अधिक वरिष्ठ नागरिक आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका इस योजना के लाभार्थी बनाया है।

❖ हिमकेयर योजना के अन्तर्गत एक परिवार के पांच सदस्यों तक प्रतिवर्ष पांच लाख रूपये के निःशुल्क इलाज की सुविधा सुचीबद्ध अस्पतालों में उपलब्ध है।

❖ इस योजना में श्रेणियों के आधार पर विभिन्न तरह का प्रीमियम त्रैवार्षिक स्लैब निर्धारित किया गया है जो कि शून्य रूपये से 1000 रूपये तक है।

❖ इस योजना के अन्तर्गत पी.जी.आई. चण्डीगढ़ में नेहरू अस्पताल की नई ओ.पी.डी. में धरातल मंजिल में प्रदेश द्वारा हिमकेयर काउंटर खोला गया है। इसके अतिरिक्त चण्डीगढ़ में सैक्टर-32 के मैडिकल कॉलेज में भी हिमकेयर के अन्तर्गत निःशुल्क चिकित्सा का लाभ दिया जा रहा है।

उपरोक्त दोनों योजनाओं के लाभार्थी www.hpsbys.in वैबसाइट पर जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, और श्रेणी प्रमाण पत्र अपलमोड करवा कर नामांकन कर सकता है अथवा नजदीकी लोकमित्र केंद्र में जाकर भी पंजीकरण करवा सकता है।

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी मण्डी**
(जिला सूचना, शिक्षा एवं सम्प्रेषण ब्यूरो)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश

## न्यूज ब्रीफ

### आज होने वाली पुलिस भर्ती अब 9 मार्च को

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा पुलिस आरक्षी भर्ती में शारीरिक मानक परिक्षण व शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए 27 फरवरी के लिए कुल 2250 एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। जिले में भारी बारिश के कारण मैदान की स्थिति शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए उपयुक्त नहीं है। जिस कारण जिला कांगडा पुलिस भर्ती समिति ने निर्णय लिया है, कि दिनांक 27 फरवरी के लिए निर्धारित शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण अब 9 मार्च को करवाया जाएगा।

### एनसीटीई के माध्यम से भर्तियों का स्वागत

**अनंत ज्ञान, कोटला।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सभी भर्तियों को एनसीटीई के माध्यम से करने पर शास्त्री बीएड और बीए संस्कृत बीएड बेरोजगारों ने स्वागत किया है। उन्होंने सरकार को पारदर्शी नियमों को बनाने का आभार जताया है। बीए बीएड संस्कृत बेरोजगार यूनियन के अध्यक्ष राकेश कुमार और शास्त्री बीएड यूनियन के अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा है कि यह भर्ती नियम 2010 में पूरे देश में लागू हो गए थे फिर बीएड करने की छूट भी मिली और समय रहते अधिकांश शास्त्री वर्ग ने बीएड कर भी ली और आज लगभग 10 से 12 हजार के करीब शास्त्री संस्कृत बीएड कर चुके हैं, परंतु कुछ लोग इसमें छूट मांगते रहे और उनका काम चलता रहा। आज 15 वर्ष बाद एनसीटीई नियमों के लागू करने का श्रेय प्रदेश सरकार और शिक्षा मंत्री को जाता है।

### थुरल की प्राची शर्मा को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडू महादेव की ग्राम पंचायत



बटाहण की प्राची शर्मा पुत्री अजय शर्मा को सत्र 2023-24 में 10वीं की परीक्षा में पूरे हिमाचल प्रदेश में चौथे स्थान पर आने के उपलक्ष्य पर सम्मानित करने का सिलसिला अभी भी जारी है। ग्राम पंचायत बटाहण की प्रधान सीमा देवी, जिला परिषद सदस्य राजेश धीमान, बटाहण पंचायत के उपप्रधान सतपाल व सारी पंचायत बटाहण ने प्राची शर्मा को बटाहण पंचायत, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थुरल व पूरे प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### फतेहपुर में दुकान का ताला तोड़ नकदी चुराई

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ते फतेहपुर बाजार में बीती रात चोरो द्वारा एक दुकान का ताला तोड़ नकदी व कुछ नोटों के हार चुरा लिए। इसकी जानकारी दुकानदार को सुबह लगी जब वह दुकान पर पहुंचा तब उसने देखा कि शटर का ताला ही गायब था। जब शटर उठाकर देखा तो अंदर गल्ले में रखी नकदी व नोटों के हार गायब थे। दुकानदार भवानी सिंह ने पुलिस थाना फतेहपुर में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है।

### भगवान विष्णु की प्रतिमा का किया अनावरण

**अनंत ज्ञान, गरली।** हलेड़ गांव में आध्यात्मिक आस्था का संगम तब देखने को मिला, जब कैप्टन संजय पराशर ने बुधवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर श्रीहरि की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। गांववासियों के साथ पराशर ने शिवरात्रि का त्योहार भी मनाया। उन्होंने भस्मासुर की कथा का उदाहरण देते हुए समझाया कि जो तप केवल स्वार्थ और दूसरों को हानि पहुंचाने के लिए किया जाता है, उसका परिणाम विनाशकारी होता है। ऐसे लोगों को भगवान विष्णु कभी क्षमा नहीं करते हैं। कैप्टन संजय पराशर ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिए कार्य करना ही सच्चा धर्म है।

### भोले के रंग में रंगा नाग मंदिर करियाड़ा

**अनंत ज्ञान, गरली।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश शिवरात्रि महापर्व को लेकर शिव भोले के रंग में रंग गया है। उपमंडल देहरा के अंतर्गत करियाड़ा के ऐतिहासिक शक्ति पीठ नाग मंदिर में 3 दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया जा रहा है। बुधवार सुबह करीब चार बजे यहां नाग मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों द्वारा बम-बम भोले के जयकारों से मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई। इस दौरान करीब 15 हजार से भी ज्यादा की भक्तों ने मंदिर परिसर में शिवलिंग के दर्शन कर बिल्व पत्र चढ़ाकर जलाभिषेक किया।

### बारिश और बर्फबारी से एक बार फिर बढ़ी ठंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में मंगलवार से शुरू हुई वर्षा के कारण मौसम पूरी तरह से बदल गया है। पहाड़ों पर हिमपात के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। धौलाधार पर्वतों पर लगातार हिमपात हो रहा, जिससे निचले क्षेत्रों में शीतहवाएं चलने से ठंड बढ़ गई है। बारिश होने से गेहूं सहित अन्य फसलों को संजीवनी मिल गई है। बारिश होने से किसानों ने भी राहत की सांस तो ली है, मगर मौसम विभाग की ओर से जारी पांच दिन के अलर्ट के चलते बेलदार सब्जियों को लगाने के लिए किसानों को इंतजार करना होगा। मौसम ठंडा होने और जमीन में नमी अधिक होने से बीज खेतों में सड़ सकते हैं। जिला कांगड़ा में मंगलवार का हुई बारिश सने जलशक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं को संजीवनी देने का काम किया है। मौसम विभाग की ओर से अभी बारिश का अलर्ट बताया गया है, जिससे पेयजल सोर्स और रिचार्ज हो जाएंगे और पानी की किल्लत दूर होगी।

### तकीपुर कॉलेज ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में 26 फरवरी को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय प्रांगण से आरंभ होकर तकीपुर, कंडी रोड होते हुए दौलतपुर बाजार तक निकाली गई। इस दौरान रोड सेफ्टी क्लब के स्वयंसेवकों ने राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। रैली का समापन महाविद्यालय प्रांगण में हुआ, जहां डॉ. आरएस गिल ने स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों को संबोधित किया और सड़क सुरक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। इस रैली में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जमानाबाद छिंज मेला कमेटी की बैठक 2 को

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** छिंज मेला कमेटी जमानाबाद की बैठक आगामी 2 मार्च को आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए छिंज मेला कमेटी के अध्यक्ष फौजा सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छिंज मेला का आयोजन 24 मार्च को किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय व बाहरी राज्यों के पहलवान शिरकत करते हैं। उन्होंने बताया कि 24 मार्च को शिव मंदिर कोटि मोहल्ला से पूजा-अर्चना के उपरांत पारंपरिक वाद्य यंत्रों व ढोल-नगाड़ों के साथ जलेब निकाली जाएगी, जो कि समूची पंचायत से होकर निकलेगी। ढोल-नगाड़ों व वाद्य यंत्रों के साथ जलेब आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगी। ने वाले छिंज मेला के बारे में विचार-विमर्श कर रणनीति बनाई जा सके।

# सरकार धार्मिक पर्यटन को दे रही बढ़ावा : पठानिया

## ऐतिहासिक शिव मंदिर काठगढ़ में भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ जिला स्तरीय महाशिवरात्रि महोत्सव

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



ऐतिहासिक शिव मंदिर काठगढ़ में तीन दिवसीय जिला स्तरीय महाशिवरात्रि महोत्सव का गत दिवस शुभारंभ भव्य शोभायात्रा और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ उनकी पत्नी एवं वैज्ञानिक अधिकारी सुनंधा पठानिया, स्थानीय विधायक मलेंद्र राजन, शिव मंदिर कमेटी के प्रधान ओम प्रकाश कटोच, मंदिर के मुख्य पुजारी महंत काली दास सहित कई गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मेले और त्योहार हमारी आस्था और संस्कृति के प्रतीक हैं, जो हमें हमारे पूर्वजों से विरासत में मिले हैं। उन्होंने कहा कि इन धार्मिक आयोजनों का महत्व किसी न किसी देवी-देवता से जुड़ा होता है, और इन्हें पीढ़ियों से आयोजित किया जाता रहा है। ऐसे आयोजनों को संरक्षित रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। पठानिया ने सभी श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर काठगढ़ न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका महाशिवरात्रि उत्सव भी विशेष मान्यता रखता है।

**मंदिर के विकास के लिए 21 हजार देने की घोषणा**

उन्होंने बताया कि वे अपने छात्र जीवन से ही इस मंदिर में आ रहे हैं और उनकी इस मंदिर के प्रति अटूट आस्था है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में धार्मिक पर्यटन को भी प्राथमिकता दी जा रही है। मंदिरों के सौंदर्यीकरण और रखरखाव को सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानियो ने मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा के विजेताओं को सम्मानित किया और मंदिर के रखरखाव एवं विकास कार्यों के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। विधायक मलेंद्र राजन ने भी मंदिर कमेटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए मंदिर के विकास कार्यों में सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार देने की घोषणा की। (अनंत ज्ञान)

### ततवानी में गर्म पानी के कुंड में लगाई डुबकी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने बुधवार को ततवानी में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ततवानी मेला कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इससे पूर्व उन्होंने गर्म पानी के कुंड में स्नान कर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा में यह एकमात्र गर्म पानी का चश्मा है, जहां पर जिला कांगड़ा के साथ साथ प्रदेश के अन्य स्थानों से श्रद्धालु बड़ी ही श्रद्धा भाव से आते हैं। उन्होंने बताया कि ततवानी शिव मंदिर एवं गर्म पानी का चश्मा धार्मिक आस्था का केंद्र है जहां पर दूर-दूर से लोग आकर स्नान कर पुण्य कमाते हैं। उन्होंने कहा कि मेले मनोरंजन के साथ हमारी समृद्ध संस्कृति एवं सभ्यता के प्रतीक हैं। उन्होंने शिव मेला कमेटी को 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

## नई जोड़ी



दियाल के सन्नी एवं टकोली की मंजू को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



टक्का (ऊना) के संजीव और मोनिका को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजे शिवालय

## सुबह ही मंदिरों में पहुंच गए शिवभक्त, पूजा-अर्चना के साथ किया भजन-कीर्तन

**अनंत ज्ञान टीम**

महाशिवरात्रि पर्व पर कांगड़ा जिले के शिवालय बम-बम भोले, हर-हर महादेव और ओम नम: शिवाय के जयकारों से गूंज उठे। शिवभक्त सुबह ही शिव मंदिरों में पहुंच कर पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन करने में जुट गए। यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा।



**कांगड़ा।** महाशिवरात्रि पर कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और कांगड़ा के विधायक पवन काजल ने दिव्या योग समिति पुराना कांगड़ा द्वारा आयोजित 24 घंटे के अखंड महामृत्युंजय जाप हवन यज्ञ में आहुतियां डालीं। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए योग गुरु रंजीत सिंह को 11,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी। वहीं, गंगेश्वर महादेव गुप्तगंगा धाम में रुद्राभिषेक किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने पूजा-अर्चना की। एक मार्च को गुप्तगंगा में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कांगड़ा के प्राचीन मंदिर वीरभद्र शिवालय कांगड़ा में भी श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर बिलपत्र, जल व फल अर्पित करके भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**कोटला।** उपतहसील कोटला के अंतर्गत आने वाले त्रिलोकपुर शिव मंदिर को फूलों और भव्य तरीके से सजाया गया है। लोग सुबह से ही भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर के बाहर लंबी कतारें लगी रहीं। त्रिलोकपुर प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालु फल, फूल, बेलपत्र दूध और पंचामृत से रुद्राभिषेक करने पहुंचे। शिव मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि शिवरात्रि का विशेष महत्व होता है।

**जवाली।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उपमंडल जवाली के शिव मंदिरों में शिव महिमा गुंजायमान रही। उपमंडल जवाली के अंतर्गत शिव मंदिर कैहरियां, शिव मंदिर नगरोटू, शिव मंदिर हरसर, शिव मंदिर झरोली जवाली में पंच कुंडीय हवन यज्ञ किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कृपालेश्वरी महिला मंडल सुधेड़ द्वारा बुधवार को महा शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिव मंदिर सुधेड़ में भजन कीर्तन और नाच गाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# बारिश भी नहीं रोक पाई भोले के भक्तों के कदम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर बारिश के बावजूद बैजनाथ के ऐतिहासिक शिव मंदिर में श्रद्धा का अपार संगम देखने को मिला। मूसलाधार बारिश के बावजूद श्रद्धालु रात 12 बजे ही मंदिर के बाहर इकट्ठे होने आरंभ हो गए थे। जैसे-जैसे बारिश बढ़ती जा रही थी श्रद्धालुओं के जय भोलेनाथ उद्घोष के जयकारे भी जोर पकड़ते जा रहे हैं। जैसे ही 4 मंदिर के द्वार खुले मंदिर परिसर के अलावा साथ लगते पार्क में भी श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगनी आरंभ हो गईं। प्रशासन ने बारिश से बचने के लिए जर्मन हैंगर मंदिर परिसर में लगाया हुआ था, जिसकी वजह से बुजुर्ग लोगों को बारिश से बचने के लिए काफी सहायता भी मिली। शिवभक्त 95 वर्षीय प्रकाश डोगरा का कहना है कि आज तक उन्होंने इस तरह का श्रद्धालुओं की श्रद्धा का सैलाब कभी नहीं देखा। इसी बीच प्रदेश के विभिन्न भागों से आए देवी देवता तथा झांकियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। इस बार जहां प्रशासन ने मेले का स्थान बदलकर इंदिरा गांधी स्टेडियम में कर दिया है जिससे जगह तो काफी खुली हो गई है पर जिस तरह कीचड़ का आलम इस ग्राउंड में बना हुआ है वह कहीं आने वाले समय में व्यापारियों का रुख किसी और स्थान की ओर न मोड़ दे। वहीं पर ग्राउंड को मेले के दौरान ठेके में लेने वाले सुरजीत कुमार का कहना है कि प्रशासन की ओर से बारिश के पानी की निकासी के कोई भी प्रबंध नहीं किए गए हैं जिसकी वजह से व्यापारी भाइयों को भारी नुकसान का सामना कर करना पड़ रहा है। सुरजीत सिंह ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि यहां पर कीचड़ से बचाव के लिए क्रशर बिछाया जाए।

### दधोना सांबा मंदिर में मनाया शिवरात्रि पर्व

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्राचीन शिव मंदिर दधोना सांबा में शिवरात्रि उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आस पास के ग्रामीण शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए एकत्रित हुए। इस दौरान मंदिर में हवन-यज्ञ व पाठ का आयोजन भी किया गया। हवन-यज्ञ के यजमान स्थानीय निवासी योगेश्वर चंद कटोच व उनकी धर्मपत्नी रहीं। इस बीच मंदिर के पुजारी महंत मंगल गिरि ने श्रद्धालुओं को भोले नाथ का प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा से शिवलिंग पर जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर मिलेंगे पांच वर्ष के प्रश्न पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड अपनी वेबसाइट पर पिछले पांच वर्ष के प्रश्नपत्रों को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रखेगा। उन्होंने कहा इससे प्रदेश भर में 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं सहित नॉन बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि बोर्ड द्वारा अभी तक केवल मॉडल प्रश्नपत्र ही अपनी वेबसाइट पर अपलोड़ करता रहा है।



शिक्षा बोर्ड ने यह फैसला राजकीय अध्यापक संघ के आग्रह के बाद लिया है। इससे पहले बोर्ड प्रबंधन केवल मात्र विभिन्न विषयों के मॉडल प्रश्नपत्र ही उपलब्ध करवाता था, लेकिन अध्यापक संघ ने शिक्षा बोर्ड से आग्रह किया है कि बोर्ड की वेबसाइट पर पिछले पांच वर्षों में बोर्ड परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नपत्रों को उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि बोर्ड प्रबंधन ने अब फैसला लिया है कि वह जल्द ही पिछले पांच वर्षों में पूछे गए प्रश्नपत्रों को वेबसाइट पर अपलोड करेगा। इन प्रश्नों के मूल्यांकन से संबंधित बोर्ड परीक्षार्थी जहां अपना मूल्यांकन कर सकेंगे, वहीं उन्हें यह भी पता चल सकेगा कि शिक्षा बोर्ड अब तक किस प्रकार के प्रश्नों को परीक्षाओं के दौरान पूछता है। इसके अलावा शिक्षा बोर्ड प्रश्नपत्र बैंक भी तैयार कर रहा है। जिससे भी बोर्ड के परीक्षार्थियों को अपना मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी।

### ब्रह्माकुमारी संस्था समाज को दिखा रही सही दिशा : बुटेल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने बुधवार को शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पालमपुर इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लोगों को शिवरात्रि की बधाई दी और क्षेत्रवासियों के उज्ज्वल भविष्य और स्वास्थ्य जीवन की मनोकामना की। उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक आध्यात्मिक संस्था है। इस संस्था द्वारा सामाजिक जागरूकता, मानव को सही दिशा दिखाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आयोजनकर्ताओं को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने पर बधाई भी दी। ब्रह्माकुमारी आध्यात्मिक संस्था है, जिसका लक्ष्य शांतिमय विश्व की पुनर्स्थापना है।

## जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर में प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित

# 92 स्टूडेंट्स को बांटे सर्टिफिकेट

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर में इंफोसिस फाउंडेशन और एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित प्रोफेशनल एज स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए एक विशेष समारोह आयोजित किया गया।

एनआईआईटी फाउंडेशन के स्टेट हेड अमित बख्शी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्यातिथि के रूप में पधारे। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को इस कौशल विकास कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूरा करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कोर्स महाविद्यालय में विद्यार्थियों के करियर को मजबूत बनाने और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है और हमें गर्व है कि फाइनल ईयर के 92 विद्यार्थियों ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया और तीन विद्यार्थियों को इस कोर्स के माध्यम से रोजगार का अवसर भी मिला।

एनआईआईटी फाउंडेशन के स्टेट हेड अमित बख्शी ने कहा कि हमने कई महाविद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम शुरू करने का प्रयास किया, लेकिन जो सफलता हमें गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में मिली, वह कहीं और देखने को नहीं मिली। एक्सीलेंट श्रेणी में प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एनआईआईटी फाउंडेशन विशेष नौकरी के अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा के प्रयासों की सराहना की और कहा कि भविष्य में इस कार्यक्रम के अंतर्गत ही तकनीकी प्रशिक्षण भी जोड़ा जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को और अधिक लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार और कौशल विकास कार्यक्रम टीम के सदस्य सहायक प्राध्यापक यशविंदर कुमार और डॉ. गीता रानी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में नशा तस्करी के बढ़ते मामले चिंता की बात: एबीवीपी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

विभाग सयोजक चंबा विवेक ने बयान जारी करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में बढ़ता चिट्टे जैसा नशा बेहद प्रभावी रूप से अपने पैर पसार रहा है।

विद्यार्थी परिषद द्वारा नशे के हिमाचल में आने के पहले चरण में ही इसका विरोध शुरू कर दिया गया था, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थी परिषद की नशे के खिलाफ कदम उठाने की मांग को हल्के में लिया गया। इसके कारण आज हमें हिमाचल के युवा चिट्टे जैसे नशे के चपेट में आकर बर्बाद होते दिखाई दे रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ती नशा तस्करी एवं युवाओं में नशाखोरी एक चिंता का विषय है। पिछले 5 से 10 वर्षों में लगातार नशे में संलिप्तता के दर्ज किया जा रहे केसों में वृद्धि हो रही है। अगर हम 2015 से आंकड़ों की बात करें तो वर्ष 2015 में नशे के 622 मामले सामने आए, 2016 में 929, 2017 में 1010, 2019 में 1345, 2022 और 2023 में 2000 प्लस मामले और 2024 में 2515 अपराधियों को पकड़ा गया है। जिसमें 2 विदेशी एवं 112 महिलाएं भी शामिल हैं। इन आंकड़ों को देख कर हमें इसका ग्राफ बढ़ता हुआ ही नजर आ रहा है।

## एचआरटीसी ड्राइवर और कंडक्टर यूनियन ने सरकार को चेताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम ड्राइवर यूनियन और कंडक्टर यूनियन ने धर्मशाला में गेट मीटिंग कर प्रदेश सरकार को चेताया है कि छह मार्च तक उनकी सभी मांगों को पूरा नहीं किया तो वह काम छोड़ों और चक्का जाम करने से भी पीछे नहीं रहेंगे। इसकी सभी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। गेट मीटिंग हिमाचल पथ परिवहन निगम ड्राइवर यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर और कंडक्टर यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रीत महेंद्र के नेतृत्व में की गई है, जिसमें दोनों नेताओं ने साफ किया है कि यूनियनें अब वह अपनी मांगों को मनमाने के लिए किसी भी हद तक जाने से पीछे नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा कि यूनियनों की मांगों में लगभग 65 महीनों का रात्रि एवं अतिरिक्त भत्ता एक मुश्त दिए जाने,50 हजार एरियर की किश्त तुरंत दी जाने, डीए व 04.09.14 के सभी तरह के एरियर भुगतान करने, चालकों को वरिष्ठ चालकों का दर्जा दिया जाने, रुकी हुई पदोन्नति को बहाल किया जाना, चालकों की भर्ती तुरंत किए जाने, पेंशनरों व कर्मचारियों को वेतन व पेंशन पहली तारीख को दिए जाना सुनिश्चित किया जाना।

### शिवरात्रि पर खैरियां में लगाया 38वां भंडारा

**अनंत ज्ञान, देहरा।** महाशिवरात्रि पर सत्यनगर शिव मंदिर खैरियां में 38वां भंडारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ लगाया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों शिव भक्तों ने अपनी उपस्थिति देकर भंडारे की शोभा बढ़ाई। इस भंडारे में सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि खैरियां, अमलेहड़ और अमलोह वार्ड के 80 वर्ष के ऊपर वरिष्ठ नागरिकों को कमेटी प्रधान जगदीश चांदला ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रणजीत, डॉ. दलजीत डॉ. अशोक, इंद्र, रच्छपाल सिंह, रणजीत, पवन, गगन, कमलेश, राजेंद्र कुमार, रसाल सिंह, बंटी, सुशील, मुन्ना, अनिल, ओंकार सिंह, गुरजीत आदि मौजूद रहे।

# डाडासीबा अस्पताल के लिए सरकार ने मंजूर किए 5 करोड़

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

नागरिक अस्पताल डाडासीबा में 50 बेडों के अतिरिक्त ब्लॉक के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 5 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी गईहै। स्वीकृति मिलते ही इलाके के लोगों में खुशी की लहर है। बता दें कि कुछ समय पहले सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इलाके में अपने दौरा करते हुए इस अस्पताल का निरीक्षण किया था उस समय उन्होंने डाडा सीबा के अस्पताल को 50 बेड़ों के लिए अतिरिक्त ब्लॉक के निर्माण किए जाने की घोषणा की थी, जिसके लिए अब सरकार द्वारा बजट जारी किए जाने से निर्माण कार्य को और गति प्रदान होगी।

**50 बेडों के अतिरिक्त ब्लॉक के निर्माण पर होंगे खर्च**

नागरिक अस्पताल डाडा सीबा में इलाके की 25 पंचायतों के करीब 50 हजार के लगभग लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित होंगे। वर्तमान में यहां बीएमओ सहित 7 डॉक्टर कार्यरत है और जल्द ही 6 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति होने से लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिलने में सुगमता होगी।

**सुंदरता**

## सीएसआईआर-आईएचबीटी के निदेशक डॉ. सुदेश यादव ने रिबन काटकर आम जनता के लिए खोला बगीचा

# दर्शकों के दीदार के लिए फिर खुला हिमाचल का पहला ट्यूलिप गार्डन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर स्थित सीएसआईआर-आईएचबीटी संस्थान में कश्मीर के बाद देश का दूसरा और प्रदेश का पहला ट्यूलिप गार्डन फिर दर्शकों के दीदार के लिए वुधावर को खोल दिया गया।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने वर्चुअल तौर पर ही गार्डन का अनावरण किया, जबकि संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने रिबन काटकर इसे आम जनता के लिए खोल दिया। गार्डन की खूबसूरती की चर्चा देश-विदेश में हो चुकी है।



26 फरवरी को ट्यूलिप गार्डन को देखने करीब 80 हजार लोग पहुंचे थे, जिसे देख इस बार यह संभावना जताई जा रही है कि अबकी बार एक लाख से अधिक लोग इस ट्यूलिप गार्डन को देखने आ सकते हैं। खास बात यह है कि ट्यूलिप गार्डन को देखने के लिए कोई शुल्क नहीं लगता है। इस ट्यूलिप गार्डन में करीब सात किस्मों के हजारों की संख्या में ट्यूलिप फूल खिले हैं। काफी शोध के बाद तैयार किए गए फूलों का बीज अब हिमाचल के लाहौल स्पीति व लदाख के लोगों की आर्थिकी भी मजबूत कर रहा है।

सीएसआईआर की देखरेख में यहां पर लगाए जा रहे ट्यूलिप के फूल क्षेत्र के किसानों की आर्थिकी मजबूत करने में काफी सहायक हो रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### क्योंथल क्षेत्र में रोट व चंदूए की होती है पूजा



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** महाशिवरात्रि का पावन पर्व क्योंथल क्षेत्र में बड़े पारंपरिक ढंग के साथ मनाया गया। इस पर्व को विशेषकर अपर शिमला के कुछ क्षेत्रों में वर्ष का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। अन्य क्षेत्रों में मनाए जाने वाले शिवरात्रि पर्व की तुलना में शिमला जिला में इसे भिन्न तरीके से मनाते हैं। जिसका वर्ष भर से लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। महाशिवरात्रि पर्व पर जहां शिवालयों में लोगों द्वारा शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। वहीं पर क्योंथल अथवा अपर शिमला क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पर्व पर लोगों द्वारा अपने घरों में शिव पार्वति व गणेश की पूजा करने की अलग परंपरा। पूजा के लिए घर को बड़े अच्छे तरीके से सजाया जाता है। कई गांव में लोगों द्वारा घर की एक दिवार पर शिव व पार्वति के विवाह के चित्र बनाए जाते हैं। धरेच के शिव राम शर्मा ने बताया कि शिवरात्रि अपर शिमला में सबसे बड़े त्यौहार के रूप में मनाया जाता है।

### खेलो भारत के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला महानगर द्वारा हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी ग्राउंड में खेलो भारत के माध्यम से फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज करवाया गया। खेलो भारत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गतिविधि जो युवाओं के अंदर खेलों के माध्यम से खेल के क्षेत्र में आगे लाने का काम करती है। प्रदेश में बढ़ते नशे को रोकने के लिए प्रदेश के युवाओं को खेल क्षेत्र में अवसर प्रदान करता है और जीवन में नशे को त्यागते हुए खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करता है। खेलो भारत के माध्यम से फुटबॉल टूर्नामेंट में लगभग 10 टीमों ने भाग लिया जिसमें लीग मैच करबाए गए । पहले दिन लीग मैच खेले गए और अगले दिन नॉकआउट मैच रहेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यार्थी शैक्षणिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण चंदेल उपस्थित रहे एवं वशिष्ठ अतिथि खेलो भारत राष्ट्रीय सह संयोजक शिवानी चौहान भी इसमें उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कुलभूषण चंदेल ने बताया की किस प्रकार विद्यार्थी परिषद लंबे समय से नशे के विरुद्ध अलग-अलग अभियान चलता रहा है और प्रदेश के अंदर सबसे पहले नशे के विरुद्ध मुहिम चलाने वाला संगठन विद्यार्थी परिषद है आज समाज के हर क्षेत्र में विद्यार्थी परिषद एक अलग पहचान से कम कर रहा है और हम देखते हैं कि ऐसे छोटे-छोटे टूर्नामेंट करवा कर युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर प्रदान करवा रहा है। आज विद्यार्थी परिषद का विराट स्वरूप बन चुका है और हर विद्यार्थी आज विद्यार्थी परिषद के साथ जुड़ने के लिए आतुर है।

### ढाबे में बिना पैसे दिए फरार युवकों ने तोड़ा पुलिस नाका

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के उपमंडल ठियोग के बाईपास में रात करीब 9:00 बजे चोर-चोर का शोर मच गया। लोग घरों से बाहर निकल आए। कुछ ही पलों में पुलिस की गाड़ी भी पहुंच गई। उसके बाद सब शांत हो गया। लोगों को सुबह पता चला कि बाईपास पर राजस्थान नंबर की एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। पुलिस थाना ठियोग के प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि रात को गाड़ी आरजे 27 सीबी 7260 में चार युवक मतियाना के साथ लगते किसी ढाबे में खाना खाने के बाद बिना पैसे दिए निकल गए। इसकी सूचना के बाद पुलिस ने प्रेम घाट के जीरो प्वाइंट पर नाका लगा दिया। इस दौरान एक गाड़ी आई और नाके को तोड़कर निकल गई। उसके बाद पुलिस ने अपनी गाड़ी पीछे लगा दी, लेकिन नाका तोड़ भागे युवकों की गाड़ी बाईपास पर ही अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर से टकरा गई। गाड़ी में चार युवक सवार थे, जिनमें एक रह गया और बाकी गाड़ी से उतरकर भाग गए। पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया है। उसके बाद पुलिस ने अन्य तीन युवकों को फोन किया तो पता चला कि वे तीनों अपने घरों की तरफ निकल चुके हैं।

# शिमला में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की निकली बारात





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में महाशिवरात्रि के पवित्र त्योहार पर खासा उत्साह देखने के लिए मिल रहा है, शिमला के राधा कृष्ण मंदिर से भगवान शिव की बारात राम मंदिर के लिए निकली। महाशिवरात्रि के मौके पर शिमला में शिव भक्तों में खासा उत्साह देखने के लिए मिल रहा है। इसी तरह शिमला के शिव मंदिर के साथ अन्य मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई है।

राधा कृष्ण मंदिर से निकाली बारात में भगवान शिव और अन्य गणों के पात्र भी बनाए गए हैं, यह भी भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सनातन धर्म सभा शिमला के सचिव धर्मवीर पुरी ने बताया कि मंगलवार को भी हल्दी और संगीत का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बुधवार (26 फरवरी) महाशिवरात्रि पर सुबह 12 बजे राधा कृष्ण मंदिर से भगवान शिव की बारात निकली। यह बारात पूरे शिमला का भ्रमण करते हुए राम मंदिर पहुंची। भगवान शिव और माता पार्वती के परिवार के सदस्यों को भी सभा की ओर से नियुक्त किया गया है। सनातन संस्कृति के अनुसार यह विवाह संपन्न होगा। विवाह सम्पन्न होने के बाद भगवान शिव और माता पार्वती वापस राधा कृष्ण मंदिर आएंगे। सूद सभा शिमला के अध्यक्ष राजीव सूद ने बताया कि राम मंदिर में भक्तों के लिए चारधाम के पप्रतिबिंब भी बनाए गए हैं। राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी पंडित उमेश नौटियाल ने बताया कि महाशिवरात्रि पर व्रत रखने से भगवान शिव को प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को आशीर्वाद देते हैं। इस दिन भगवान शिव पर दूध और जल चढ़ाने से भी भगवान प्रसन्न होते हैं। महाशिवरात्रि पर भक्त महामृत्युंजय मंत्र और ओम नम: शिवाय का जाप कर अपने आराध्य भगवान शिव का ध्यान कर सकते हैं।

### कोटखाई शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने नवाया शीश



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** सनातन धर्म के प्रसिद्ध त्योहार शिवरात्रि के मन पर प्रदेश प्रदेश के शिव मंदिरों में श्रद्धालु शिव मंदिर दर्शन के लिए जा रहे हैं। वहीं कोटखाई दरबार गांव में प्राचीन काल से स्थित शिव मंदिर में भी शिवरात्रि के दिन अच्छी खासी भीड़ देखी गई। इस मंदिर की खास बात यह है कि यह मंदिर गिरी गंगा नदी के तट पर स्थित है गंगा की एक धारा मंदिर परिसर में बहती है जिस कारण स्थान की मान्यता और भी अधिक बढ़ जाती है।

### मां हाटेश्वरी के मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**अनंत ज्ञान, जुब्बल**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हाटकोटी में स्थित प्राचीन माँ हाटेश्वरी के मंदिर में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़े। वहीं मां हाटेश्वरी के मंदिर के प्रांगण में प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मंदिर भी बना हुआ है। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां हाटेश्वरी के दर्शन करने के बाद शिव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव व पार्वती की प्रतिमा के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, फल, बेलपत्र एवं विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री अर्पित की। भक्तों ने भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं एसडीएम जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी ने भी हाटेश्वरी मंदिर का दौरा किया और श्रद्धालुओं से शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की।



### रामपुर व कुमारसेन में महाशिवरात्रि की धूम

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर व कुमारसेन क्षेत्र में आज महाशिवरात्रि पर्व धूम धाम से मनाया जा रहा है। यहां के शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ आया है। रामपुर में शिवरात्रि का मुख्य कार्यक्रम भूतनाथ मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। जबकि कुमारसेन में नालूकाला शिवालय में आयोजन की तैयारी चल रही है। पुरातन मान्यता के अनुसार गांवों के घरों में महादेव सजाकर रात्रि जागरण किया जाता है। ऊपरी शिमला में इस मौके पर पहाड़ी व्यंजन सनसे, पकेन, भल्ले, चूड़े आदि भोले शंकर को अर्पित किए जाते हैं।

### शिवलिंग का जलाभिषेक

**दशमी रावत, रोहड़ू।** शिव मंदिर टोडसा में पच्चीस से सताईस फरवरी तक तीन दिवसीय महाशिवरात्रि उत्सव का भव्य आयोजन चल रहा है, जिसमें रणसार वैली के टोडसा गांव के परशुराम व महासू देवता और देवीधार व रनोल के खुंद देवता शामिल रहे हैं। शिव मंदिर टोडसा में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भगवान शिव व पार्वती की प्रतिमा के दर्शन किए और शिवलिंग का जलाभिषेक किया।

## रक्छम गांव के सौंदर्यीकरण में व्यय होंगे 5 करोड़: आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली ने कहा कि राज्य सरकार सांगला घाटी के रक्छम गांव में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए 5 करोड़ का निवेश करेगी।

उन्होंने कहा कि किन्नौर की सांगला घाटी में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन ढांचे को और बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने 5 करोड़ की विकास परियोजना तैयार की है।

इस परियोजना के तहत रक्छम के साथ-साथ बटसेरी और खरोगला में रास्तों की मरम्मत की जाएगी। इसके अलावा, क्षेत्र में शौचालय, वॉचमैन हट, वुडन हट और वॉच टावर जैसी सार्वजनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सांगला से देबर कांडा होते हुए सांगला कांडा तक ट्रॉली आधारित ट्रेल भी विकसित की जाएगी। बाली ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दक्षता से समर्पित प्रयास कर रही है।

यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना को विकसित करने में धन की कोई कमी न हो। सरकार अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए प्रदेश भर में आवश्यक पर्यटन बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है।

### नैक की टीम करेगी रामपुर महाविद्यालय का दौरा

**आत्मा सिंह, कुमारसैन/रामपुर बुशहर।** राजकीय महाविद्यालय रामपुर में नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) की टीम का दो दिवसीय दौरा 28 फरवरी से 1 मार्च तक प्रस्तावित है। नैक के अधिदेश में विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रदर्शन, मूल्यांकन, आकलन और मान्यता का कार्य शामिल है।

नैक का दर्शन उद्देश्यपूर्ण और निरंतर सुधार पर आधारित है, जिससे उच्चतर शिक्षा के सभी संस्थान अपने संसाधनों, अवसरों और क्षमताओं को अधिकतम उपयोग करने के लिए सक्षम हों। राजकीय महाविद्यालय रामपुर के प्राचार्य पंकज बसोतिया ने बताया कि रामपुर महाविद्यालय में पिछली बार 2004 और 2015 में नैक की विजिट हुई थी।(अनंत ज्ञान)

## सुक्खू सरकार में हर जगह हो रहे घोटाले : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू की सरकार प्रदेश में घोटालों और भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है। जहां भी नजर उठाकर देखिए वहीं पर घोटाले ही घोटाले नजर आ रहे हैं। आज समाचार पत्रों से पता चला कि सामाजिक और अधिकारिता विभाग में गलत तरीके कुछ एनजीओ के 97 लाख रुपये के प्रोजेक्ट्स को मंजूर करने का मामला सामने आया है।

जिन एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति सक्षम अधिकारियों द्वारा की गई थी, उन्हीं पर उच्च अधिकारी मेहरबान हो रहे हैं और अपने अधीनस्थों की अपील ठुकरा कर नियम विरुद्ध काम कर रहे हैं। यह मामला सामान्य नहीं बल्कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से जुड़ा है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिन संस्थाओं के खिलाफ सक्षम अधिकारी ने कार्रवाई करने के लिए कहा हो उस पर उच्च अधिकारी कैसे मेहरबान हो सकता है? आखिर ऐसा किसके कहने पर किया गया? ऐसा करने और करवाने वाले की क्या मंशा है? एक तरफ़ सरकार आर्थिक बदहाली के नाम पर प्रदेश वासियों पर तमाम टैक्स लाद रही है और नियमानुसार दी जा रही सहूलियतें छीनकर आम लोगों का जीना दूभर कर रही है दूसरी तरफ़ अपने मित्रों के लिए नियम-कायदे को दरकिनार कर केंद्र सरकार के करोड़ों रुपए लुटा रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के फैसलों में हर जगह पक्षपात नजर आता है। प्रदेश में राज्य स्तरीय बहुविषयक अनुदान सहायता समिति (एमडीडीजीआई) की बैठक में कांगड़ा की तीन एनजीओ के प्रोजेक्ट को सदस्य सचिव द्वारा अनियमितता के आधार पर नामंजूर कर दिया गया था और उनके पंजीकरण रद्द करने की सिफारिश की गई। जिसका अनुमोदन बैठक के चेयरमैन द्वारा भी किया गया था। बाद में उन तीनों एनजीओ के प्रस्तावों को गलत रूप से सशर्त मंजूरी देते हुए उन्हें केंद्र सरकार के पास भेजने की सिफारिश विभाग के सचिव द्वारा कर दी गई। केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं में इस प्रकार से धन का दुरुपयोग हो रहा है।

एक महीने से ज्यादा समय हो जाने के बाद भी सरकार द्वारा इस तरह के गलत काम का समर्थन क्यों किया गया? इस पूरे प्रकरण में किस अधिकारी ने नियमों की अनदेखी करते हुए पक्षपात किया?

## दुकानदारों ने गुरुद्वारा चौक के समीप लगाया खीर का भंडारा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बिलासपुर शहर में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। गुरुद्वारा चौक के समीप स्थानीय दुकानदारों ने भक्तों के लिए खीर का भंडारा आयोजित किया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं को मीठी खीर किया गया।

इस आयोजन में विशेष रूप से शिवभक्तों, राहगीरों और जरूरतमंदों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। हर हर महादेव के जयकारों के साथ भक्तों ने इस सेवा कार्य की सराहना की। दुकानदारों में कपिल गुप्ता, शैलेंद्र बख्शी, अनुपम बक्शी, सतपाल ने बताया कि हर साल शिवरात्रि के मौके पर भंडारा लगाया जाता है, ताकि भक्तों को सेवा का लाभ मिल सके। इस बार विशेष रूप से शुद्ध देसी घी और ड्राई फ्रूट्स से बनी खीर का वितरण किया गया। भंडारे के आयोजन में व्यापारियों और स्थानीय निवासियों का पूरा सहयोग रहा। सुबह से लेकर शाम तक चले इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और शिवभक्ति में लीन हो गए।

### महाशिवरात्रि: शिवभक्तों ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन

# भोलेनाथ के जयकारों से गूंजे शिवालय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बिलासपुर जिले में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधिवत पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर में शिव पूजन, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने पूरे भक्ति भाव से भाग लिया। मंदिर परिसर हर हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। शिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष्य में 27 फरवरी को लक्ष्मी नारायण मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा और इस धार्मिक आयोजन में नगर के कई श्रद्धालु शामिल होंगे। शहर में शिवरात्रि के मौके पर विशेष सजावट, शिव बारात और झांकियों का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान शिव की आराधना की और रात्रि जागरण किया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष शिवरात्रि महापर्व को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान शिव की कृपा पाने के लिए श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की। शिवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरा बिलासपुर भक्तिमय हो गया और चारों ओर आध्यात्मिकता का अनूठा नजारा देखने को मिला।

### शिवरात्रि पर झंडूता में जगह-जगह लगे भंडारे

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल में महा शिवरात्रि का पर्व बुधवार को बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों में आज दिनभर 'हर-हर महादेव 'बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की ओर से मंदिरों में आज विशेष पूजन भी करवाए गए। लोगों ने भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखा और कथा श्रवण किया। दिनभर शिवालयों पर श्रद्धालुओं की जल चढ़ाने को लेकर कतार लगी रहीं। लोगों ने बड़े श्रद्धाभाव से शिवलिंग पर दूध, दही गंगा जल चढ़ाया और बाबा भोलेनाथ से मन्नत मांगी। अनेक शिवालयों पर शिव भक्तों द्वारा हरिद्वार से लाई गई कांवड़ भी चढ़ाई। ढोल बाजों के साथ भजन गाते हुए शिव भक्त मंदिरों में पहुंचे और पूरे विधि विधान से शिवालय पर जलाभिषेक किया। बरठीं स्थित त्रिमूर्ति मंदिर सहित अन्य शिवालयों पर दिनभर शिव महिमा के भजन गूंजते रहें। शिव रात्रि के उपलक्ष्य में आज जगह-जगह पर लंगर-भंडारे का भी आयोजन किया गया है। शिवरात्रि पर्व पर समितियों ने लगाये भंडारे। शिवरात्रिपर्व पर बुधवार को झंडूता रोड पर अनेक समितियो की ओर से भंडारे लगाये गये। इसमें सर्वेश्वर मन्दिर आनन्दघाट में भी बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भक्त सुबह से ही लाइनों में लग कर शिव को जल अर्पित किया।

### शिवलिंग एवं राधा-कृष्ण प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा की

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उपमंडल घुमारवीं की ग्राम पंचायत लुहारवीं के गांव मतवाना में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ शिवलिंग एवं राधा-कृष्ण प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में समस्त ग्रामवासियों ने भाग लिया और विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन-यज्ञ से हुआ, जिसमें गांव के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन-यज्ञ के उपरांत भक्तों ने शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की एवं राधा-कृष्ण की भव्य मूर्तियों की स्थापना की गई। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा और हर ओर हर-हर महादेव एवं जय श्री कृष्ण के जयघोष गूंजते रहे। इस अवसर पर स्थानीय पुजारी द्वारा भगवान शिव की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व आत्मशुद्धि और भक्ति का प्रतीक है। भगवान शिव के आदर्श हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को शिवलिंग की पूजा के महत्व के बारे में बताया और कहा कि भगवान शिव कल्याणकारी शक्ति के प्रतीक हैं, जो अपने भक्तों को आशीर्वाद देकर उन्हें सदैव सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। गांववासियों के सहयोग से यह आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांव की महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

### स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं बनें सशक्त

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला सहकारी संघ की उपाध्यक्षा रक्षा कपिल ने बताया सहकार भारती हिमाचल प्रदेश द्वारा जिला बिलासपुर में ग्राम पंचायत लैहड़ी सरेल के हरी देवी और छत गांव में स्वयं सहायता समूहों के लिए आयोजित चार दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्ण संपन्न हो गया। जिला सहकारी संघ की उपाध्यक्ष व बिलासपुर गृह लक्ष्मी सशक्तिकरण बहुउद्देशीय सहकारी सभा की निदेशक रक्षा कपिल और सहकार भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य देव दत्त शर्मा ने समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर सहकार भारती के प्रांत कोषाध्यक्ष राजेंद्र जगोता और जिला महामंत्री सुनील शर्मा भी शामिल रहे। रक्षा कपिल ने महिलाओं से आग्रह किया कि उन्हें स्वयं सहायता समूहों से जुड़ कर उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण लेना चाहिए, ताकि स्वरोजगार के अवसर पैदा हो सके और उनकी आर्थिक उन्नति सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह केवल कागजों तक सीमित न रह कर धरातल पर कार्य करें। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य देव दत्त शर्मा ने बताया कि सहकार भारती एक गैर राजनीतिक संगठन है तथा सहकारिता के प्रचार- प्रसार का कार्य है। उन्होंने बताया कि जून माह में स्वयं सहायता समूहों का प्रदेश अधिवेशन संगठनात्मक जिला नूरपुर में आयोजित किया जाएगा ।

### चलते-चलते गिरे व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। पुलिस थाना घुमारवीं के तहत एक व्यक्ति की गिरने से मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 69 वर्षीय प्यारे लाल निवासी गतोल, तहसील घुमारवीं के रूप में हुई है। मृतक के बेटे ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसके पिता सुबह 9 बजे किसी निजी कार्य से घुमारवीं जा रहे थे। जब वे दाबला स्थित प्राइमरी स्कूल के पास पहुंचे, तो अचानक गिर गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए घुमारवीं अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया। एम्स में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पीएम की 'मन की बात' को करें आत्मसात: कटवाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि गत रविवार को इस कार्यक्रम के 119वें संस्करण में प्रधानमंत्री ने 'गागर में सागर' कहावत की तरह विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहे भारत के साथ ही कई लोगों की सफलताओं का ब्यौरा भी दिया। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे प्रधानमंत्री की इन सारगर्भित बातों को लोगों तक पहुंचाने के साथ ही उन्हें भविष्य में उनके इस कार्यक्रम को नियमित रूप से सुनने के लिए प्रेरित करें।

मंगलवार को झंडूता में भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद में जीतराम कटवाल ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के नए एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत द्वारा स्पेस में शतक लगाने का ब्यौरा बेहद प्रभावी ढंग से दिया। उन्होंने इसे इन दिनों चल रही चैंपियंस ट्रॉफी से जोड़कर क्रिकेट में शतक के रोमांच से जोड़ते हुए कहा स्पेस में इसरो के 100वें रॉकेट की लॉंचिंग से देश के नई ऊंचाइयों को छूने के संकल्प का बखूबी पता चलता है।

उन्होंने साइंस और स्पेस साइंस में नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए जहां महिलाओं की प्रतिभा को मुक्त कंठ से सराहा, वहीं इस क्षेत्र में स्टार्ट-अप का उदाहरण देते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया।

जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जहां एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) में भारत के तेजी से आगे बढ़ने की जानकारी दी, वहीं उन्होंने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए एक नई पहल का ऐलान भी किया।

### एचआरटीसी बस में सवार चंडीगढ़ के व्यक्ति से 10.74 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने नाकाबंदी के दौरान गरामोड़ा के पास एक निगम की बस में सवार यात्री से 10.74 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार स्पेशल डिटेक्शन टीम द्वारा कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर गरामोड़ा के पास नाका लगाकर वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा था। इस दौरान पंजाब की तरफ से एक बस नंबर एचपी 69ए-1588 आई। टीम ने बस को निरीक्षण के लिए रोका। निरीक्षण के दौरान बस में सवार एक यात्री से यह चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान विवेक गोयल निवासी सेक्टर 28 चंडीगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई के लिए थाना स्वारघाट पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

## सतलुज नदी में सीमेंट बहाने पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के हरनोड़ा पंचायत और मंडी व बिलासपुर की सीमा पर स्थित एनटीपीसी कोलडैम परियोजना में चल रहे स्पिलवे व प्लंज पूल के रिपेयर कार्य के दौरान कुछ गंभीर मुद्दे सामने आए हैं। परियोजना का यह कार्य भूमि कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इसे लेकर स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं। ग्राम पंचायत प्रधान हरनोड़ा, देशराज ठाकुर ने बताया कि ग्रामीणों ने सुबह उन्हें सूचना दी कि सतलुज नदी में भूमि कंपनी द्वारा सीमेंट बहाया जा रहा है। इस वजह से नदी का पानी मटमैला हो गया है। प्रधान ने स्वयं कार्य स्थल के पास स्थित तांतिया पुल से यह स्थिति देखी और संबंधित घटना को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार से सीमेंट बहाने से नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है, जो न केवल नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है, बल्कि आसपास के इलाकों में पानी की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है।

**अवहेलना** घुमारवीं नगर परिषद के सफाई कर्मचारी ही उड़ा रहे परिषद के बनाए नियमों की धज्जियां

# जहां लगाए जुर्माने के बोर्ड, वहीं जलाया जा रहा कूड़ा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**




नगर परिषद नियमों को ताक पर रखकर घुमारवीं शहर में कूड़े को जनाने का काम कर रही है। एक तरफ नगर परिषद घुमारवीं शहर में कूड़ा फेंकने वालों से जुर्माना बसूलने की बात करती है वहीं दूसरी तरफ खुद कूड़े को खुले में फेंक कर जला रही है। इससे वातावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है। घुमारवीं नगर परिषद द्वारा शहर में कई जगहों पर बोर्ड लगाए गए हैं और उन पर लिखा है कि यहां कूड़ा न फेंके और कूड़ा फेंकने वाले को 500 से 5000 रुपए तक का जुर्माना होगा, लेकिन नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शहर से बोरियों में कूड़े को भर कर घुमारवीं पुल, ओवर ब्रिज और दकड़ी चौक पर जला रहे हैं, जिस कारण सुबह सुबह बाजार और पुल के पास चारों ओर फैला धुआं वातावरण को दूषित कर रहा है। नगर परिषद घुमारवीं शहर के कूड़े को इकट्ठा करके जगह-जगह जला रही है। नगर परिषद द्वारा सुनहनी रोड और घुमारवीं पुल पर कूड़ा न फेंकने के बोर्ड तो लगा दिए, लेकिन अब लोगों का कहना है कि यहां पर नगर परिषद के कर्मचारी पूरे शहर का कूड़ा जला रहे हैं, जिस पर उनका जुर्माना कौन वसूल करेगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### 'शिवा गद्दीयाली शिव वंदना' भजन रिलीज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हिमाचली लोकगायक केएस प्रेमी ने श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत भक्ति संगीतमयी सौगात प्रस्तुत की है। शिवा गद्दीयाली शिव वंदना भजन चंबा के सुप्रसिद्ध तीन भजनों का यह संग्रह केएस प्रेमी के यूट्यूब चैनल की एक शानदार उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा और भक्तों के लिए एक अनमोल धरोहर साबित होगा। यह संगीतमयी भेंट निश्चित रूप से हर भक्त के हृदय में भक्ति की लौ प्रज्वलित करेगी और हिमाचली लोक संगीत की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह केवल एक भजन नहीं, बल्कि शिव कृपा का दिव्य प्रवाह है, जो हर श्रद्धालु के मन में आस्था की नई रोशनी जलाएगा।

### डीएसपी डलहौजी ने लोकगीत का किया विमोचन



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर एवं उनके परिवार द्वारा आज लोक गायक मनोज अत्री द्वारा गाय गीत के विमोचन के कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस आयोजन में जिला परिषद सदस्य पवन टंडन ने भी विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई। इस लोकगीत को लेकर उन्होंने बताया कि 'झूठे तेरे लारे' गीत लेकर मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कामना की किए गीत को कामयाबी मिले ताकि भविष्य में मनोज अत्री और भी ज्यादा शानदार गीत गाकर लोगों का मनोरंजन करें उन्होंने उनके अच्छे भविष्य की भी कामना की, पवन टंडन ने भी अपने संबोधन में लोकगायक मनोज अत्री के लोकगीत को लेकर कामना की कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी अपने पहचान बनाए तथा हर हिमाचली के दिल पर यह गाना राज करें। इस आयोजन में विक्रम, तारा चंद वर्मा शेरपुर पंचायत के प्रधान, ग्राम पंचायत सुकडांईबाई के उप प्रधान के अलावा कई गणमान्य मौजूद रहे।

### मुगला बाजार में हाईवे गड्ढों में हुआ तब्दील

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर मुगला बाजार के समीप गड्ढों की भरमार है। इसके चलते वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर हुए गड्ढों से हर समय वाहन हादसे की संभावना बनी हुई है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। बारिश के कारण ये गड्ढे पानी से भर जाते हैं। ऐसे में राहगीरों को भी परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर जगह-जगह तारकोल उखड़ गई है। उन्होंने नेशनल हाईवे प्रबंधन से मांग की है कि जल्द हाईवे पर हुए गड्ढों को भरा जाए।

### हिमाचल पथ परिवहन निगम को ट्रांसपोर्ट एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम को ट्रांसपोर्ट एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में अन्य पहाड़ी राज्यों की अपेक्षा हिमाचल पथ परिवहन निगम ने बेहतर सेवाएं दी हैं। यह अवॉर्ड दिल्ली में 8 मार्च को एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडर टेकिंग की ओर से दिया जाएगा। एचआरटीसी को अलग अलग चार पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। टायर परफॉरमेंस में एचआरटीसी विजेता रहा जबकि डिजिटल ट्रांजेक्शन, वाहन उपयोग और कर्मचारी उपयोगिता में हिमाचल पथ परिवहन निगम रनरअप रहा है।

### बोर्ड परीक्षाओं के लिए गठित होंगी फ्लाइंग स्क्वायड की 3 टीमें

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बोर्ड की परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए शिक्षा विभाग फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें गठित करेगा। इस बारे में शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की तरफ से पत्र चम्बा पहुंचा है। 2 से 3 दिन में टीमों का गठन किया जाएगा जो परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों में दस्तक देंगी। 10 वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं मार्च के पहले सप्ताह से शुरू हो रही हैं। धर्मशाला बोर्ड के अलावा उच्च व प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक की अगुवाई में कुल 3 टीमों का गठन किया जाएगा। उड़नदस्ते की टीमें परीक्षाओं में नकल को रोकने के लिए टीमें बोर्ड परीक्षाओं में कड़ी निगरानी रखेंगी। संवेदनशील केंद्रों पर नकल रोकने के लिए पूरे प्रयास किए जाएंगे। नकल को रोकने के लिए उड़नदस्ते में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपेंगे। नकल को रोकने के अलावा प्रश्नपत्रों को लेकर भी दो-टूक आदेश हैं कि किसी भी चूक को गंभीरता से लिया जाएगा। इसलिए परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र क्लास वाइज बहुत ही ध्यान से पहले डेटशीट में दर्ज विषय/कोड नंबर और तारीख अनुसार परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले केंद्र कंट्रोलर से हस्ताक्षरों सहित रिसीविंग देने के उपरांत प्राप्त किए जाएं। केंद्र कंट्रोलर से प्रश्नपत्रों के पैकेट सील चैक कर प्राप्त किए जाएं। यदि किसी पैकेट की सील टूटी हुई मिले तो तुरंत बोर्ड के ध्यान में लाया जाए। प्रश्नपत्रों के सीलबंद पैकेट खोलने के समय पैकेट पर समय दर्ज करके हस्ताक्षरों के साथ निरीक्षकों के हस्ताक्षर सुनिश्चित किए जाएंगे। दसवीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए करीब 240 परीक्षा केंद्र रहेंगे। इनमें से कुछ निजी स्कूल भी शामिल हैं। परीक्षा केंद्र के गेट को भी ताला न लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं। ऐसे मामले सामने आने पर केंद्र कंट्रोलर और स्कूल प्रभारी पर कार्रवाई होगी। बोर्ड की फ्लाइंग को चैकिंग पर आने वाली टीमों को केंद्र में दाखिल होने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बोर्ड की परीक्षाएं सुबह 9 से 12 व दोपहर 2 से 5 बजे तक होंगी जिसके लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के करीब एक घंटा पहले तक परीक्षा केंद्र के बाहर पहुंचना होगा। उच्च शिक्षा उपनिदेशक चम्बा, भाग सिंह ने कहा कि फ्लाइंग स्कवायड की टीम के लिए धर्मशाला से पत्र चम्बा पहुंचा है। अब शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार फ्लाइंग स्कवायड टीमों का गठन किया जाएगा जोकि स्कूलों में परीक्षाओं के दौरान निगरानी करेंगी।

# चंद्रशेखर महादेव मंदिर में भक्तिमय हुआ माहौल

**अनंत ज्ञान, चंबा**



हिमाचली देवभूमि चंबा में स्थित प्रसिद्ध चंद्रशेखर महादेव मंदिर, साहो में स्थित 24 फुट लंबा शिवलिंग, जो प्राकृतिक पत्थर से निर्मित है और बाहरी सतह पर तांबे की परत से सजाया गया है, 10वीं शताब्दी या उससे पहले का माना जाता है।

मंदिर निर्माण के दौरान यह शिवलिंग अपने आप बढ़ने लगा था, जिसके कारण निर्माण योजनाओं को बार-बार संशोधन करना पड़ा। तब क्षेत्र के राजा ने तपस्या की और भगवान शिव के दर्शन में उन्हें निर्देश मिला कि मंदिर का निर्माण यथावत छोड़ दिया जाए और तब से शिवलिंग की वृद्धि रुक गई। मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग के साथ, नंदी का अद्भुत प्रतिरूप भी देखने को मिलता है।

वहीं इस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर, चंद्रशेखर मंदिर कमेटी, साहो ने समाज में बढ़ते नशे के प्रचलन को रोकने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में भांग (घोटा) बनाने और सेवन पर प्रतिबंध लगाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

यह कदम न केवल धार्मिक आस्था को शुद्ध करने का प्रयास है, बल्कि युवाओं और समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश भी है कि सच्ची भक्ति संयम, जागरूकता और आत्मशुद्धि से आती है। शिवभक्ति का असली अर्थ नशामुक्त जीवन, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक जागरूकता से है।

अगर हम सच में भगवान शिव के भक्त हैं, तो हमें उनके दिखाए संयम, ध्यान और शुद्धता के मार्ग पर चलना चाहिए। भक्ति के साथ जागरूकता अपनाएं इस पावन शिवरात्रि पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि नशे से दूर रहकर सच्चे भक्ति भाव से शिव को अर्पित हों।

### चौरासी मंदिर में उमड़े भक्त



**भरमौर।** चौरासी मंदिर परिसर भरमौर में शिवरात्रि के अवसर पर भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान बारिश के बीच भी भक्त मंदिर में दर्शन के लिए लाइन में खड़े रहे। वहीं भक्तों ने इस अवसर पर सुख शांति का आशीर्वाद लिया।

## शिवालियों में भक्तों ने लगाई हाजिरी

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



डलहौजी में इसके आसपास के क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन अवसर को लेकर स्थानीय मंदिरों में कल सुबह से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के डलहौजी रघुनाथ मंदिर गांधी चौक लक्ष्मी नारायण मंदिर सदरबाजार, गुरु नाग देवता मंदिर बनीखेत शिव पार्वती मंदिर बाथरी, शिव मंदिर नैनीखड्ड, शिव मंदिर खैरी के अलावा सम्मा नाग मंदिर चकरा में शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिली जहां शिव भक्तों ने सुबह से ही विधिवत पूजा पाठ कर हवन कीर्तन किया तो वहीं बात सुबह दोपहर हर मंदिर में आए भक्तों के लिए लंगर काफी आयोजन किया गया।

बता दें शिव रात्रि का पावन त्यौहार पर क्षेत्र के ज्यादातर मंदिरों में जहां शिव नवाले का आयोजन किया जा रहा है तो वही कल भव्य भंडारों का भी आयोजन रखा गया है। महाशिवरात्रि भारतीयों का एक प्रमुख त्यौहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है।

माघ फागुन फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारंभ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व पत्नी पार्वती की पूजा होती है।

क्षेत्र के बाथरी में शिव पार्वती मंदिर में आज रात्रि शिव न्वाले का गुणगान किया जाएगा तो वहीं कल विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत भव्य लंगर का भी आयोजन किया जाएगा। बनीखेत के भुरू नाग देवता मंदिर में भी आज रात्रि शिव न्वाला में शिव का गुणगान किया जाएगा और कल 27 फरवरी सुबह पूजा अर्चना के उपरांत भव्य लंगर तथा प्रसिद्ध भजन गायक सुनील शास्त्री लकी ठाकुर तथा गायिका पुष्पा भारद्वाज द्वारा आए हुए शिव भक्तों को भक्ति रस में डुबाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# राजस्व दफ्तरों से निराश लौटे लोग, नहीं बने दस्तावेज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पटवारी एवं कानूनगो के जिला कैडर को बदलकर राज्य कैडर करने की जारी अधिसूचना के विरोध में जिले के करीब 214 पटवारी और कानूनगो सामूहिक अवकाश पर चले गए। कर्मचारियों ने साफ किया है कि यदि वीरवार तक सरकार बलवान कमेटी की ओर से की गई सिफारिशों को लागू नहीं करती है तो पटवारी-कानूनगो पैन डाउन स्ट्राइक पर चले जाएंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की रहेगी।

पटवारी-कानूनगो जोगेंद्र, नरोत्तम सिंह, अंजू, विजय, दीपक, शैलजा, सुरेंद्र पाल आदि ने बताया कि मंगलवार को मुख्यालय में कानूनगो एवं पटवारी महासंघ चंबा के समस्त पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर गेट मीटिंग की। बैठक में पटवारी एवं कानूनगो के जिला कैडर को बदल कर इसे राज्य कैडर करने के संबंध में जो अधिसूचना जारी की गई है, उसके विरोध में आगामी रणनीति तैयार की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर के कानूनगो और पटवारी इस अधिसूचना के विरोध में सामूहिक अवकाश पर हैं। ऐसे में अब यदि वीरवार को सरकार पटवारियों और कानूनगो की मांग को पूरा कर अधिसूचना को निरस्त नहीं करती है तो आगामी दिनों में लोगों की मुसीबतें बढ़ सकती हैं।

# सम्मान को साजिश में बदलने की कोशिश: प्रधान रीना

**आरके सहगल, चंबा**



जानकारी देते हुए प्रधान व साथ हैं अन्य।

प्रधान रीना कुमारी ने बताया कि 25 फरवरी को चंबा सदर के विधायक नीरज नैय्यर उनके क्षेत्र सिल्लाघ्राट के दौरे पर आए थे। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते, उन्होंने विधायक के सामने अपनी पंचायत की प्रमुख समस्याओं को रखा, ताकि उनके समाधान के लिए उचित कार्रवाई हो सके, लेकिन कुछ लोगों ने इस मुलाकात को राजनीतिक रंग देकर झूठा प्रचार शुरू कर दिया कि उन्होंने कांग्रेस ज्वाइंन कर ली है।

प्रधान ने बताया कि हिमाचल की परंपराओं के अनुसार, जब कोई माननीय अतिथि क्षेत्र में आता है, तो सम्मानस्वरूप उन्हें हार पहनाया जाता है। विधायक नीरज नैय्यर के सम्मान में भी ऐसा ही किया गया, लेकिन इस सामान्य परंपरा को विपक्षी ताकतों ने उनके खिलाफ हथियार बना लिया। सोशल मीडिया पर झूठी खबरें फैलाकर यह दावा किया जाने लगा कि उन्होंने कांग्रेस ज्वाइंन कर ली है।

प्रधान रीना कुमारी ने इन सभी अफवाहों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है, लेकिन मैं यह साफ कर देना चाहती हूं कि मैं भाजपा की निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। भाजपा के सिद्धांतों और विचारधारा के प्रति मेरी प्रतिबद्धता अटूट है और मैं पार्टी के साथ थी, हूं और हमेशा रहूंगी।

प्रधान ने जनता से अपील की कि वे इस झूठे प्रचार से गुमराह न हों और विकास कार्यों पर ध्यान दें।

अब बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या यह सिर्फ एक अफवाह थी या इसके पीछे कोई राजनीतिक साजिश थी? क्या प्रधान रीना कुमारी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है?

## जब मुख्यमंत्री को लिखा प्रधानमंत्री

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव वीरवार से आरंभ हो जाएगा। ऐसे में स्वागत के लिए लगे पोस्टर भी खासे चर्चा का केंद्र बन रहे हैं। बुधवार सुबह शहर में एक ऐसा पोस्टर लगाया गया जिस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को प्रधानमंत्री पद से संबोधित किया गया था।

हालांकि यह टाइपिंग मिसटेक थी और पोस्टर में 5 मिनिट के अंतराल में ही हटा दिया गया, लेकिन दिन भर शहर यही चर्चा बनी रही। कुछ लोग यह कहते भी सुने गए कि भाग्य का कोई पता नहीं मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री बन जाते हैं। नरेंद्र मोदी इसका बड़ा उदाहरण हैं।

# अवैध खनन के खिलाफ हो रही कार्रवाई : मुकेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिले चंबा में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस तथा खनन विभाग द्वारा निरंतर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा भविष्य में भी इसकी रोकथाम के लिए पुलिस व प्रशासन पूर्णतः सतर्क है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिला में अवैध खनन की रोकथाम के लिए पुलिस तथा खनन विभाग निरंतर कड़े कदम उठा रहे हैं इस कड़ी में वर्ष 2024 के दौरान जिला चंबा अवैध खनन से संबंधित मामलों में 860 चालान किए गए तथा 30 लाख 08 हजार 950 रुपए जुर्माना बसूला गया।

इसमें से पुलिस विभाग चंबा द्वारा 703 चालान कर 21 लाख 67 हजार 150 रुपए जुर्माना वसूला गया है जबकि खनन विभाग द्वारा 74 चालान कर 8 लाख 41 हजार 800 रुपए जुर्माना वसूला गया है। अवैध खनन के खिलाफ पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में चंबा उप मंडल में 238 चालान कर 1132850 रुपए, डलहौजी उपमंडल में 135 चालान कर 345900 रुपए, सलूनी उपमंडल में 196 चालान कर 470900 रूपए तथा पांगी व भरमौर उपमंडलों में 134 चालान कर 217500 जुर्माना राशि वसूल की गई है। यही नहीं अवैध खनन के रोकथाम की निरंतरता को जारी रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा वर्ष 2025 के दौरान अब तक कुल 92 चालान कर 3 लाख 700 रुपए की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई, इनमें चंबा उपमंडल में 32 चालान कर 115300 रुपए, डलहौजी उपमंडल में 26 चालान कर 108700, सलूनी उपमंडल में 33 चालान कर 75700 तथा पांगी व भरमौर में 1 चालान कर 1000 जुर्माना राशि वसूल की गई है।

अवैध खनन के खिलाफ भविष्य में भी जिला में निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन न केवल पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है बल्कि कानूनी दृष्टि से भी दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि जिला चंबा की रावी सहित अन्य नदियां धार्मिक आस्था का प्रतीक है, इसलिए नदी नालों में अवैध खनन धार्मिक दृष्टि से भी अपराध है। उन्होंने जिला चंबा के समस्त जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में अवैध खनन पाए जाने पर पुलिस व प्रशासन को सूचित करें।

# महाशिवरात्रि में बुलाए जाएं यादविंद्र गोमा : चमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राज्य सहसंयोजक सन्नी इपन आदि ने आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल, विधि एवं एनआर मंत्री यादविंद्र गोमा के पैतृक गांव पंचरुखी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने के लिए निमंत्रण दिया।

इस दौरान चमन राही ने कहा कि यादविंद्र गोमा प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा से दलित युवा चेहरा हैं और मंडी जिला के दामाद होने के नाते हमने उन्हें निमंत्रण दिया और सांस्कृतिक संध्या और देवी देवताओं से आशीर्वाद लेने के लिए इनको और इनके परिवार को आमंत्रित दिया। उन्होंने कहा कि मेला कमेटी के अध्यक्ष से आग्रह किया जाएगा कि वह भी यादविंद्र गोमा को आमंत्रित करें, ताकि सामाजिक संतुलन बना रहे।

## दलितों व अल्पसंख्यक वर्ग को मिले निगमों और बोर्डों में प्रतिनिधित्व

**मंडी।** अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव व प्रदेश प्रवक्ता चमन राही ने मुख्यमंत्री सुक्खू को बधाई देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में कांग्रेस सरकार पांच साल पूरे करेगी।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पूरा दलित समुदाय सुखविंद्र सिंह के साथ खड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि निगमों व बोर्डों में दलितों व अल्पसंख्यकों प्रतिनिधित्व दिया जाए, ताकि दलित समाज समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सके। जयराम सरकार की दलित व अल्पसंख्यक विरोधी मानसिकता के चलते इन वर्गों को अपने अधिकारों से वंचित रखा गया था। दलितों व अल्पसंख्यकों को भरोसा है कि निगमों व बोर्डों में व अन्य प्रदेश सरकार के विभागों में बतौर चेयरमैन व निदेशकों के पदों पर जनहित में शीघ्र नियुक्तियां की जाए।

### सूडोकू नवताल- 7354 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7353 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

27 फरवरी, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** चतुर्दशी (8:57): **नक्षत्र** धनिष्ठा (03:44), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** शिव (11:40) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11-12:57), **राहुकाल** (02:00-03:26)।

### विशेष दिन

- 27 फरवरी 2025 : देवपितृकार्य अमावस्या आज।
- 27 फरवरी 2025 : शिव खप्पर पूजा आज।

**मेष:** विचारों पर अंकुश रखें। संतों का सानिध्य प्राप्त होगा। कुसंगति से बचें। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। पार्टी का आनंद मिलेगा।

**वृषभ:** कार्य से लोग प्रभावित होंगे। भय, चिंता व तनाव का कारण रहेगा। जोखिम न लें, चोट-दुर्घटना, चोरी आदि से हानि संभावित है।

**मिथुन:** कार्यस्थल पर अकारण तनाव संभव है। यात्रा सफल रहेगी, शुभ समाचार मिलेंगे। मेहनत का फल मिलेगा। धनागम होगा।

**कर्क:** विवाद आज शांत होंगे। गृहस्थ सुख मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सम्मान बढ़ेगा, निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। मन में संकोच है।

**सिंह :** अपनी आदतों को बदलें। परिजनों का साथ मन को आनंद देगा। हानि से बचें, जोखिम न उठाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। यात्रा से लाभ होगा।

**कन्या :** अनजाने में हुई गलती परेशान करेगी। व्यवसाय में जोखिम न लें। व्यय वृद्धि होगी। चोरी-चोट विवाद से हानि संभव है। अपेक्षा न करें।

**तुला:** आज कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। अटका हुआ रुपया वापस मिलेगा। यात्रा सफल रहेगी। धनलाभ होगा।

**वृश्चिक:** व्यवसाय में विरोधी सक्रिय रहेंगे। दिनचर्या में बदलाव रहेगा। नई योजना बनेगी। कार्यशैली में बदलाव से लाभ बढ़ेगा।

**धनु:** गृह क्लेश को टालें। अपने आप को बदलें। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। तीर्थाटन संभव है।

**मकर :** प्रेम-प्रसंग में सफलता के योग है। अग्नि-वाहन-मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें, कुसंगति हानि पहुंचाएगी।

**कुंभ :** मानसिक शांति मिलेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी। अस्वस्थता रहेगी। विवेकपूर्ण कार्य लाभ देंगे।

**मीन :** धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। संपत्ति के कार्यों से लाभ होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। निवेशादि मनोनुकूल रहेंगे।

# कैंप में लोगों को बताए सड़क सुरक्षा के नियम

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विकासखंड भटीयात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत के चिनार पैलेस में बीते कल आधा दिन सड़क सुरक्षा का कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस आयोजन में आए हुए सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण विषय है।

सड़क सुरक्षा के नियमों पैदल यात्री और साइकिल चालक जैसे सभी लोगों पर लागू होते हैं। अच्छे सड़क सुरक्षा उपाय सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने में मदद कर सकते हैं। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति शिक्षित करके ड्राइवरों, पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों को यातायात कानूनों का पालन करने और अपने आस-पास के वातावरण के प्रति जागरूक किया।

सड़क दुर्घटनाओं में शिकार हुए घायल लोगों को आप कैसे हैं प्राथमिकी देकर उनके सहायक सिद्ध हो सकते हैं उसके बारे में जागरूक किया। वहीं आए हुए

**नियम पैदल यात्री और साइकिल चालक पर भी लागू**

लोगों को स्वास्थ्य खंड भटियात की ओर से 200 रुपए मानदेय दिया गया साथ ही आए हुए लोगों में फल इत्यादि भी वितरित किए गए।

वहीं इस आयोजन को लेकर स्वास्थ्य खंड समौट से आए हुए स्वास्थ्य दल ने लोगों का धन्यवाद किया तो वहीं लोगों ने भी ऐसे जागरूकता अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ऐसी कामना की।



**आश्वासन** आईटीआई जोगिंद्रनगर को ग्रीन कैंपस के रूप में विकसित करने की योजना, धर्माणी बोले-

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में इंडस्ट्री बेस्ड कोर्स होंगे शुरू

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को नई तकनीकों और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश के आईटीआई संस्थानों में इंडस्ट्री बेस्ड कोर्स शुरू किए जाएंगे, जिससे युवा न केवल रोजगार के लिए तैयार होंगे, बल्कि स्वरोजगार की ओर भी बढ़ सकेंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य संस्थानों की संख्या बढ़ाने से अधिक उनकी गुणवत्ता में सुधार लाना है। संस्थान खोलना आसान है, लेकिन उन्हें एक मजबूत प्लेटफॉर्म पर लाना और संसाधनों से सुसज्जित करना चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि जो संस्थान पहले से संचालित हैं, उनमें उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा मिले।

उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है कि सभी आईटीआई संस्थानों में आवश्यक तकनीकी उपकरण और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने आईटीआई जोगिंद्रनगर को ग्रीन कैंपस के रूप में विकसित करने की योजना की भी घोषणा की। इस संस्थान में पहले से ही एक किलोवाट का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है, जो संस्थान की जरूरतों को पूरा कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### संस्थान में जल्द होंगे बुनियादी सुधार

**मंत्री** धर्माणी ने यह भी कहा कि प्रदेश के तकनीकी शिक्षा संस्थानों में बुनियादी सुधार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही नई लैब्स, अत्याधुनिक उपकरण और स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था की जाएगी, ताकि छात्र आधुनिक तकनीकों से अवगत हो सकें। इस दौरे के दौरान मंत्री ने संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे छात्रों की जरूरतों को प्राथमिकता दें और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सभी संभव प्रयास करें।

## 5.67 ग्राम चिट्टे के साथ धरा पठानकोट का युवक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस की एसआईयू टीम ने पठानकोट-चंबा-भरमौर एनएच पर पुलिस मैदान बारगाह के समीप एक युवक से 5.67 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सदर थाना में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस की टीम जब पुलिस मैदान बारगाह के समीप गश्त कर रही थी तो टीम की नजर सड़क पर खड़े एक युवक पर पड़ी। जब उन्होंने युवक से पूछताछ आरंभ की तो वह घबरा गया।

संदेह के आधार पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर उससे 5.67 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विशाल शर्मा निवासी गांव उच्चा थड़ा डाकघर और तहसील धारकलां जिला पठानकोट बताया। एसपी अभिषेक यादव ने मामले की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश करने की औपचारिकताएं पूरी करने में पुलिस जुट गई है।

### नाम परिवर्तन

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ. कमल के.प्यासा/कमल के. परुथी/कमल कुमार प्यासा/कमल कुमार परुथी, सुपुत्र श्री तारा चंद, निवासी समखेतर मंडी एक ही व्यक्ति का नाम है। सभी संबंधित नोट करें।

**जो** एक अच्छा अनुयायी नहीं हो सकता वह एक अच्छा नेता नहीं हो सकता। –**अरस्तु**

## संपादकीय

# दिव्य और भव्य महाकुंभ

प्रयागराज महाकुंभ में इस बार जहां पवित्र स्नान करने का रिकॉर्ड बना तो वहीं, इतने बड़े आयोजन का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए यूपी सरकार बधाई की पात्र है, क्योंकि यह कार्य वाकई बेहद चुनौतिपूर्ण था। महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से शुरू हुआ था, जो 26 फरवरी तक चला। यह आयोजन प्रत्येक 12 वर्ष में एक बार होता है, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं, लेकिन बार तो करोड़ों के हिसाब से जनसैलाब आस्था की डुबकी लगाने के लिए उमड़ा था। सही मायनों में यह महाकुंभ एक दिव्य आयोजन रहा और ऐसा आयोजन पूरी दुनिया में करना तो छोड़िए कल्पना करना भी मुश्किल होता है। 144 साल बाद बने महासंयोग के आखिरी दो दिनों में श्रद्धालुओं के उत्साह में गजब उत्साह देखा गया। अपनी धार्मिक इच्छा पूर्ति के लिए प्रयागराज पहुंचना हर किसी की दिली इच्छा थी, लेकिन समय के अभाव या प्लानिंग न कर पाने की सूरत में जो लोग इस आयोजन में जाने से वंचित रह गए उन्हें अगले महाकुंभ तक ऐसी दिव्य अनुभूति का इंतजार अब करना होगा।

अंतिम दिन भीड़ कहीं आउट ऑफ कंट्रोल न हो जाए इसके लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। आयोजन के दौरान कुछ लोगों ने यह दुष्प्रचार भी किया कि संगम का पानी नहाने लायक नहीं रहा था। हालांकि, श्रद्धालुओं की आस्था इस दुष्प्रचार पर भारी पड़ी और उन्होंने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया, बल्कि कई लोग तो संगम स्थल से बोतलों में पानी भरकर भी अपने घरों को ले गए। संसार में महाकुंभ से बड़ा आस्था का कोई आयोजन नहीं है। इस महाकुंभ ने पूरे संसार को भारत की प्राचीन परंपरा के दर्शन करवाए, जिसने अपनी दिव्यता और भव्यता से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस महाआयोजन में करीब 73 देशों के राजनयिकों के अलावा भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत कई नामचीन हस्तियों ने प्रयागराज में अमृत स्नान किया। वर्ल्ड पापुलेशन रिव्यू, प्यू रिसर्च के मुताबिक भारत की अनुमानित जनसंख्या 143 करोड़ है। इसमें सनातन धर्म को मानने वालों की संख्या अनुमानतः 110 करोड़ है, जबकि दुनियाभर में सनातन धर्मावलंबियों की संख्या 120 करोड़ है। इस हिसाब से देखा जाए तो स्नान करने वालों तादाद की तुलना सनातनियों की संख्या से की जाए, तो 50 प्रतिशत से भी ज्यादा लोगों ने इस अद्‌भुत त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया।


यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुमान लगाया था कि महाकुंभ में करीब 45 करोड़ श्रद्धालु आ सकते हैं, लेकिन यह आंकड़ा उनकी कल्पना से कहीं ज्यादा रहा। संगम तक पहुंचने के लिए लोग 10-15 किलोमीटर सामान के साथ पैदल चले, लेकिन उनके जज्बे में कोई कमी नहीं आई। माथे पर थकान की शिकन नहीं दिखती थी। प्रशसान को यह व्यवस्था ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए करनी पड़ी और श्रद्धालुओं ने भी इस व्यवस्था का बखूबी पालन किया। जो लोग संगम स्नान कर जन्म जन्मांतर के पाप धोना चाहते थे उनके लिए यहां पहुंचना बेहद सुरुचिपूर्ण मौका था। ट्रेनों में लोगों को जगह नहीं मिल रही थी। भगदड़ की आशंकाएं भी थीं और उसमें जान जाने का खतरा भी था। पेट्रोल पंपों पर तेल मिलेगा या नहीं, ढाबों पर रोटी मिलेगी या नहीं अथवा महंगी मिलेगी। बाथरूम जाने के लिए जगह नहीं है आदि चिंताएं भी लोगों को सता रही थी। हालांकि उन्हें ये सारी बातें भली भांति पता थी फिर भी निःसंकोच प्रयागराज पहुंचे।

सब कोई मां गंगा और यमुना के पानी में खुद को भिगो लेना चाहता था। इन श्रद्धालुओं में अमीर-गरीब, शिक्षित-अशिक्षित सभी शामिल रहे। जाहिर है कि यह भीड़ अब शोध का विषय हो सकता है, क्योंकि धर्म और आस्था से भी बड़ी और कोई चीज नहीं हो सकती। इसी का नाम तो महाकुंभ है। बहरहाल, इस आयोजन की सार्थकता को देखते हुए, यह कहा जा सकता है कि यह एक सफल आयोजन रहा। करोड़ों श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया और संगम में स्नान किया। आयोजन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। हालांकि, आयोजन के दौरान कुछ हादसे भी हुए। कुछ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई घायल हो गए। इसके अलावा, आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं में भी कुछ चूकें भी हुईं। श्रद्धालुओं को रहने और खाने की व्यवस्था में परेशानी हुई और कुछ स्थानों पर शौचालयों की व्यवस्था भी खराब थी। भविष्य के महाकुंभों के लिए, यह आयोजन कुछ सबक देता है। सबसे पहले, आयोजन के दौरान सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के रहने और खाने की व्यवस्था में भी सुधार की आवश्यकता है। आयोजन के दौरान व्यवस्थाओं में चूकें न हों, इसके लिए आयोजकों को पहले से ही तैयारी करनी चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### मराठी कवि, नाटककार, उपन्यासकार व लघु कथाकार

**विष्णु** वामन शिरवाडकर कुसुमाग्रज मराठी कवि, नाटककार, उपन्यासकार और लघु कथाकार थे। उन्होंने स्वतंत्रता, न्याय और वंचितों की मुक्ति के बारे में लिखा। उन्हें मुख्यत:'कुसुमाग्रज' नाम से जाना जाता था। विष्णु ने पांच दशकों के अपने कॅरियर में कविताओं के 16 खंड, तीन उपन्यास, लघु कथाओं के आठ खंड, निबंध के सात खंड, 18 नाटक और छह नाटक लिखे। 'विशाखा' जैसी उनकी रचना भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में एक पीढ़ी को प्रेरित करती है। आज इसे भारतीय साहित्य की उत्कृष्ट कृतियों में से एक माना जाता है। विष्णु का जन्म आजादी से पूर्व धार्मिक स्थल नासिक, महाराष्ट्र में हुआ था। जब वह नासिक के एचपीटी आर्ट्स कॉलेज में थे, तब उनकी कविताएं रत्नाकर पत्रिका में प्रकाशित हुईं। सन 1932 में 20 साल की उम्र में विष्णु ने नासिक के कालाराम मंदिर में अछूतों के प्रवेश की अनुमति देने की मांग का समर्थन करने के लिए एक सत्याग्रह में भाग लिया। स्वभाव से विष्णु एकांत से लेकर अनन्य तक थे। उनके पास एक गहरी सामाजिक समझ थी और उन्होंने जमीनी स्तर की गतिविधियों में खुद को शामिल किए बिना दलितों का समर्थन किया। विष्णु की प्रसिद्धि एक कवि और लेखक के रूप में अधिक थी। मराठी साहित्यकार विष्णु को कई सम्मान व पुरस्कार भी मिले।



विष्णु वामन शिरवाडकर कुसुमाग्रज
जन्म : 27 फरवरी, 1912
मृत्यु : 10 मार्च, 1999



ग़ज़ल

## आईने भी अब सच बोलने से कतराने लगे हैं

राकेश मनहास, रुखसार, केसीसी बैंक, थुरल


*आईने भी अब सच बोलने से कतराने लगे हैं।*
*दर्द ए दिल को खुद दिल में ही छुपाने लगे हैं।*
*आब ओ हवा में कुछ तो बदला हुआ नजर आता है।*
*हकीम भी दारू को अब दवा बताने लगे हैं।*
*दूरियां इस कद्र बढ़ जाएंगी कभी सोचा न था।*
*करीब उनके आने में अकसर जमाने लगे हैं।*
*मुद्दत से बोलचाल बंद थी जिन अजीजों से।*
*मय्यत को मेरी बेतकल्लुफ वो सजाने लगे हैं।*
*दौर महफिलों के चलते थे जहां शाम ढलते।*
*उन कूचों में अश्क बहा कर अब छुपाने लगे हैं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आस्था और मानवता के सर्वोत्तम आदर्शों का संदेश है महाकुंभ

अध्यात्म,कला, संस्कृति,भक्ति, डिजिटलीकरण व सनातन का महासंगम, वैश्विक महाकुंभ 2025 अपनी संपन्नता की ओर अग्रसर है, विश्वभर से आंगुतक आस्था की डुबकी लगाने को अभी तक शिवरात्रि के समापन पर लगभग 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी का सौभाग्य प्राप्त कर लिया है।

यह महाकुंभ अपने आप में दिव्य भव्य व अलौकिकता का संदेश पूरे विश्व को दे रहा है। महाकुंभ एक ऐसा आयोजन है जो जाति, धर्म और भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर मानवता के एकीकरण का संदेश देता है। यह आयोजन हमें यह याद दिलाता है कि जीवन की असली सफलता भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि आध्यात्मिक शांति और मोक्ष में है। सनातन धर्म, ऐसी दिव्य परंपरा है, जो कालांतर से आस्था और मानवता के सर्वोत्तम आदर्शों को संगठित करती आ रही है। सनातन धर्म की जड़ें इतनी गहरी हैं कि यह न केवल व्यक्ति को, बल्कि समाज और राष्ट्र को भी दिशा प्रदान करता है। इसके भीतर निहित प्रत्येक तत्व, परंपरा, उत्सव, पर्व, अनुष्ठान का उद्देश्य जीवन को श्रेष्ठ, पवित्र और दिव्य बनाना है। कुंभ मेला, सनातन धर्म का अभिन्न अंग है। महाकुंभ के माध्यम से भारतीय संस्कृति की गहराई और समृद्धि का प्रदर्शन होता है। यह आयोजन धर्म, आस्था, और संस्कृति के साथ-साथ समाज में एकता और सह-अस्तित्व का संदेश दे रहा है। महाकुंभ में लोग विभिन्न पृष्ठभूमियों से आकर एकत्रित होते हैं और एक दूसरे के साथ मिलकर प्रार्थना करते हैं, संगम में स्नान करते हैं और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करते हैं।



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज



प्रकृति से बढ़कर आनंददायी कुछ नहीः हर्वे जुविन द इंडिया फाउंडेशन के निमंत्रण पर महाकुंभ मेला 2025 में आए फ्रांसीसी कलमकार व पूर्व यूएन पार्लियामेंटेरियन हर्वे जुविन इंटरनेशनल लोकलिस्ट मूवमेंट के प्रेसीडेंट भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति, वायु, जल और अंतरिक्ष मानवता से जुड़कर बेहतर तौर पर जीवन जीने का तरीका सिखाती है, निश्चित तौर पर महाकुंभ भी एक ऐसा ही क्षण है। उन्होंने कहा कि मानवता के इस सबसे बड़े समागम का हर क्षण विशिष्ट है, ऐसे में यहां की सकारात्मकता का संचार सकल विश्व में होना चाहिए। महाकुंभ का संदेश यह है कि हमें अपने मतभेदों को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलकर रहना चाहिए।

हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखना चाहिए, लेकिन साथ ही हमें आधुनिक समय के अनुसार खुद को ढालना भी चाहिए। महाकुंभ का संदेश हमें यह याद दिलाता है कि हमारी एकता और सहयोग से ही हम एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

डोमिनिक बोलीं, मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण है महाकुंभ फ्रेंच पर्यटक डोमिनिक ने कहा कि निश्चित तौर पर मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण महाकुंभ मेले का हिस्सा बनना है। यह अद्भुत है, अकल्पनीय है और अतुलनीय है। महाकुंभ के जरिए ब्रह्मांडीय सद्भाव को खुद में आत्मसात करना अविस्मरणीय अनुभूति है और यही कारण है कि महाकुंभ मानव कल्याण के लिए व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों ही स्तरों पर व्यापक भूमिका का निर्वहन कर रहा है। करोड़ों लोग एक आस्था की डोर में बंधे यहां आ रहे हैं जो धर्म की खूबसूरती को दर्शाने के साथ ही एकता का संदेश भी देता है। महाकुंभ का इतिहास केवल धार्मिक आयोजन का इतिहास नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परंपराओं और श्रद्धा का प्रतीक है। यह आयोजन भारतीय सभ्यता के निरंतर प्रवाह और उसकी आध्यात्मिक विरासत को दर्शाता है। महाकुंभ स्थानीय व्यापार और हस्तशिल्प को बढ़ावा देता है। लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। यह आयोजन समाज में भाईचारे और एकता का संदेश देता है। महाकुंभ न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और मानवता की उत्कृष्टता को भी प्रदर्शित करता है। इसकी विशेषताएं इसे एक अद्वितीय आयोजन बनाती हैं, जहां श्रद्धा, भक्ति और आत्मिक शांति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

कुंभ मेला, भारतीय समाज में व्याप्त शुद्धता, समानता, भाईचारा और दिव्यता के संदेश को प्रसारित करता है। प्रत्येक 12 वर्ष में आयोजित होने वाला कुंभ मेला न केवल व्यक्तिगत आस्था, बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। यहां सभी धर्म, जाति, वर्ग और समुदायों के लोग एकत्र होते हैं। इस एकता में न केवल सामाजिक समरसता की भावना होती है, बल्कि यहां भारतीय संस्कृति के मूल्यों की भी अभिव्यक्ति होती है। महाकुंभ भारतीय कला, संगीत, नृत्य और परंपराओं को जीवंत रूप से प्रस्तुत करता है। यह आयोजन विभिन्न भाषाओं, वेशभूषाओं और परंपराओं के लोगों को एक मंच पर लाता है तथा भारत को एक प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करता है।

**वैश्विक प्रभाव:** भारत की वैश्विक पहचान के रूप में महाकुंभ ने भारत को विश्व में एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित किया है। विदेशी पर्यटकों की बड़ी संख्या भारतीय अर्थव्यवस्था और संस्कृति पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। आज इतनी बडी संख्या में भव्य आयोजन की चर्चा की जा रही है यहां आस्था व डिजिटलकरण का अनूठा संगम हमें देखने को प्राप्त हो रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# चुनौती है बढ़ता तापमान, बदलता वायुमंडलीय पैटर्न

पृथ्वी की जलवायु को नियंत्रित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक ध्रुवीय क्षेत्रों में तैरती समुद्री बर्फ की मात्रा है। हालांकि, बदलते वायुमंडलीय पैटर्न और बढ़ते तापमान के कारण, यह घटकर 15-76 मिलियन वर्ग किमी के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर आ गया है।

वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है, समुद्री धाराएं अशांत हो रही हैं, तथा इस गिरावट के कारण चरम मौसम की घटनाएं और भी बदतर हो गई हैं। दुनिया भर में चरम मौसम की घटनाएं पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन से प्रभावित हो रही हैं। भीषण वन्य आग, वर्षों तक चलने वाला सूखा, भारी वर्षा, भयंकर बाढ़, भूमि और समुद्र में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की लहरें, तथा तूफानों के दौरान व्यापक बाढ़ की आवृत्ति और तीव्रता सभी बढ़ रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद से, मानवीय गतिविधियों विशेष रूप से जीवाश्म ईंधनों के जलने के कारण ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडलीय सांद्रता में तीव्र वृद्धि हुई है। मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसें एक कंबल की तरह काम करती हैं, जो गर्मी को रोक लेती हैं और जैसे-जैसे उनकी सांद्रता बढ़ती है, पृथ्वी को गर्म करती हैं। परिणामस्वरूप पृथ्वी पर हवा और महासागर गर्म हो जाते हैं।



लेखिका : प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

भूमि पर बर्फ पिघलती है, मौसम का पैटर्न बदलता है, तथा जल चक्र इस तापमान वृद्धि से प्रभावित होता है, जिससे चरम मौसम की स्थिति और खराब हो जाती है। जलवायु परिवर्तन हमारे समाज को अनेक तरीकों से प्रभावित करता है। सूखे से मानव स्वास्थ्य और खाद्य उत्पादन पर असर पड़ सकता है। बाढ़ से बुनियादी ढांचे और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है और बीमारी फैल सकती है। खाद्य उपलब्धता में परिवर्तन और श्रमिक उत्पादकता को सीमित करने के अलावा, सूखा, बाढ़ और अन्य मौसम संबंधी घटनाओं के कारण उत्पन्न मानव स्वास्थ्य समस्याएं भी मृत्यु दर को बढ़ाती हैं।



हमारी परिवहन और संचार प्रणालियों के भौतिक बुनियादी ढांचे में सड़कें, पुल, बंदरगाह, विद्युत ग्रिड, ब्रॉडबैंड इंटरनेट और अन्य घटक शामिल हैं। इसे अक्सर कई वर्षों तक चलने के लिए डिजाइन किया जाता है। इसलिए अधिकांश समुदायों में बुनियादी ढांचे का निर्माण जलवायु परिवर्तन पर विचार किए बिना किया गया था। वर्तमान बुनियादी ढांचा हवा, बर्फ, बाढ़, भारी बारिश या तापमान में उतार-चढ़ाव जैसी गंभीर मौसम स्थितियों को संभालने में सक्षम नहीं हो सकता है। इन घटनाओं के प्रभाव कई अलग-अलग रूप ले सकते हैं। उदाहरण के लिए, उच्च तापमान के कारण घर के अंदर अधिक ठंडक की आवश्यकता होती है, जिससे ऊर्जा ग्रिड पर दबाव पड़ सकता है। अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक वर्षा के कारण आने वाली बाढ़, जो तूफानी जल निकासी क्षमता से अधिक होती है, प्रमुख मार्गों, व्यवसायों और राजमार्गों को बंद कर सकती है।

समुद्र स्तर में वृद्धि के कारण तटीय अवसंरचना, जैसे जल आपूर्ति, सड़कें, पुल और बहुत कुछ, खतरे में हैं। चूंकि बहुत-सी आबादी तटीय क्षेत्रों में रहती है, अतः इससे होने वाले जोखिम से लाखों लोग प्रभावित होंगे। इसके अलावा, समुद्र स्तर में वृद्धि से तटीय कटाव और उच्च ज्वार के कारण बाढ़ आ सकती है। शोध से पता चलता है कि कुछ समुदाय वर्ष 2100 तक समुद्र तल पर या उससे नीचे पहुंच जाएंगे।

अब यह उन पर निर्भर करेगा कि वे क्या करें। प्रबंधित वापसी नामक प्रक्रिया के दौरान, समुदाय संभवतः तटरेखा से दूर चले जाएंगे और अपने बुनियादी ढांचे में बदलाव करेंगे। समुद्री बर्फ में वैश्विक गिरावट के लिए मुख्य रूप से महासागरीय ऊष्मा परिवहन जिम्मेदार है। जब गर्म महासागरीय धाराएं ध्रुवीय क्षेत्रों में प्रवेश करती हैं, तो समुद्री बर्फ आधार पर तेजी से पिघलती है। हमारे समाज के सभी सदस्यों, जिनमें शिक्षक, जोखिम संचारक, आपातकालीन प्रबंधक और नगर नियोजक शामिल हैं, को इस बारे पर्यावरणीय शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। पर्यावरणीय शिक्षा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति सीख सकता है कि जलवायु परिवर्तन के लिए कैसे तैयार रहा जाए।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**बढ़ती** जनसंख्या के दौर में आज हमारे भारत देश के स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने एक ऐसी समस्या पर चिंता जताई है जो भारतीय लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ी हुई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने कहा कि हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों, डायबिटीज और दिल की बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। मोटापे से बचने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने कुछ सुझाव भी दिए। उन्होंने संतुलित आहार लेने की बात कही। स्वास्थ्य विशेषज्ञ की इस बात के पक्ष में बहुत से डाक्टर, फिल्मी सितारे और अन्य लोग भी आए। आज हम अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने सुझाव यह भी दिए कि हम भारतीयों को घर के खाने पर ही अधिक ध्यान देना होगा।

**वर्षा चौधरी,धर्मशाला**

# हिमाचला च चिट्‌टे दे तस्करां दा नेटवर्क कन्नें रुलदा समाज

चिट्टे दा नशा इक ऐड़िया बीमारियां ए भई न ए जीणा दिंदा न ए मरना दिंदा। हौले हौले इस दा असर बददा जादां। माह्णु इक बरी फसी गिरा सौक्खा छुड्डी नी सकदा। ऐसी लत लगी जांदी घरे दा घरेखेड़ा करी दिंदी। पहले पहल हिमाचल च चिट्टे दी जगह भंग अफीम चरस दे केस दिखेणें की मिलदे थे। पर दुईं सालां च इस नौए चिट्टे दे कारोबारें अपणिया खूब जड़ा जमाई लेईयां हन। भंग मलदे आसे पासे मिली जांदे तां समाज के ते डरदे भी थे। कन्नैं पता भी लगी जांदा था भेई इन्नी भंग पीतियों। चिट्टा चुपचपाती मार करदा। बेचणें आला भी कन्नैं लेणें आला भी कुसी की पता नहीं लगदा। बस चिट्टे दा असर ही नजर औंदा की नशा कीतिया।



लेखक : शिव सान्याल
मकड़ाहन, ज्वाली (कांगड़ा)

आज कल चिट्टे दे तस्करां दा इक बड़ा बड्डा नेटवर्क कम करा दा। हिमाचला दे सौगी लगे इलाकियां ते बड़ी आसानी ने चिट्टा चोरिया घरकुंदला बणी पैर फसा करदा। पैसे दे लालचें नौए नौए माह्णु फंसाई ने कारोबार चलाया जा दा। स्कूलां ढाबियां कन्नें होटलां च काबिज होई कुंगले मुंड्डुआं की नशे दा आदी बणाया जा करदा। हुण तां हालात इतणें माड़े जे इस पर काबू पाणा बड़ा औक्खा लगा दा। इसदा इक सब ते बड्डा कारण बेरोजगारी ए। चिट्टे ते पैसा बेथोहा कमाई ने तस्करां जमीना कोठिया धड़ल्ले ने बणाई लेईयां। सौगी अपनें नेटवर्क कन्नें चिट्टे बेचणें आलियां दी फौज खड़ी कर लेइयो अज्ज कोई भी ऐसी थांह् नी जित्थू चिट्टा नी बिकदा। घर-घर चिट्टे दे आदी मिल्ला दे। मां पियो सारे परेशान। प्रशासन परेशान। चिट्टा भुलभुलैया सेंईयां सब्बों की नचाई जादा। चिट्टे दा सेवन टरी केली अपणिया जानू गंवाई बैठे हन।

केली लाचार हन। यह रैग लाइलाज ए। चिट्टा छड़णें वास्ते सयंम दी बड़ी जरूरत ए तांई चिट्टा छुट्टी सकदा। चिट्टा सफेद रंगे दा पाउडर सिंथेटिक ड्रग्स ए। हेरोइन इक नशा ए तिस च केमिकल मिलाई ने सफेद पाउडर तैयार करा दे। एह सब ते खतरनाक नशा ए। जेहड़े ज्यादा आदी होंदे सैह् सिरिंज भरी ने टीका बांई लगा दे। नशा उतरने पर तलमश होई जांदे तां फिरी सिरिंज भरी लगाई लेंदे। चिट्टे दा आदी नशे च रहणा चांह्दा। नशा उतरे पर थर थर कम्दा तड़फदा कोई होस नी रेंहदी।



न जिंदियां च न मरियां च। रोटी खाणें की मिल्ले न मिले चिट्टा जरूर चाहिदा। सब ते बड्डा कसूर मां पियो दा होंदा जेह्ड़े बच्चियां पर नजर नहीं रख दे। मुन्नू पैसियां लेई क्या करा दा। एबी दिखणा चाहिदा इस वाल पैसे कुत्थी ते औआ करा दे। क्या क्या कमा करदा। नजर रखणा जरूरी ए। मुरले सख्ती बरतिये तांई बच्चा गंदिया सोसायटिया च पौणें ते बची सकदा। हर रोज बेथोहा चिट्टा पखड़ोआ करदा। इस पेशे च सौखी कमाई दिक्खी किच्छ सरकारी गैर सरकारी कर्मचारियां दी भी मिलीभगत ए। जिसियो कल तक रोटी दे लाले थे चिट्टा बेची बड़े छैल कोठी बंगले कारां दा मालिक बणी गिया ए। तिस दिया देखा देखी होर भी इसी धंधे च पेईगे। बोलदे हन् जित्तू ज्यादा कमाई होए सारे तिस पासे डूलदे।

अज्ज सरकार सब्बना की जागरूक करा दी। पुलिस महक्मा दिन रात इक करा करदा। अणमुक चिट्टे दे तस्कर पकड़ोआ दे। केस चला दे। बड़ी हैरानिया दी गल्ल ए जणासां भी चिट्टा सप्लाई करी जहर घोला करदियां। जितना हिमाचल सुर्ग था उतणा नर्क बणी जा करदा। कोई घर ऐसा नहीं जित्थू चिट्टे ने अपनें पैर नि पसारे। घर उजड़ा दे परिवार उजड़ा दे। बड़ी शर्मा आली गल्ल ए समाज दे बुद्धि जीवी भी इस कम्में कमा करदे। परदेसे अंदर खरे औंदे पर बैठियो भी चिट्टे दे तस्कर बणी चांदी कुप्पा दे। देश दे रखवाले हिमाचल दे सूरमें छैल गबरू सरहदा पर मुस्तैद रेंहदे। तांई हिमाचल की शहीदां दी धरतु बोलदे। ऐसा कोई घर नहीं जिस घर दा जुआन फौजी नी। बड़े अफसोस ने लिखणा पोआ दा। अज्ज साढ़े गबरू जुआन चिट्टे दे शिकार होआ दे।

चिट्टे बेचणें आलियां पर सख्त कानून बणाणें दी जरूरत ए। हिमाचल सरकारा की चिट्टे दे खात्में तांई इक सर्जिकल स्ट्राइक दी जरूरत ए तांई इस चिट्टे जो काबू करी सकदे। सारी पंचायतां मिली ने, गली गली च नाके लगाई ने,जन संपर्क विभाग, लोक संस्कृति विभाग, महिला मंडल, युवा सब्बो मिली ने चिट्टे तस्करां दे विरुद्ध अभियान चलान। सारे जागरूक होंगे तांई चिट्टे ते हिमाचल मुक्त होणा। कानून भी सख्त ते सख्त होए, कोई जमानत न मिले। चिट्टे दी कमाई भी जब्त होए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नदी के बहते जल के साथ मिलकर औषधि का रूप ले लेता है शिवलिंग पर चढ़ाया दूध,दही व जल

शिवलिंग पर चढ़ाए जल को लांघा नहीं जाता और शिवलिंग की परिक्रमा आधी की जाती है। शिवलिंग पर अर्पित नैवेद्य भी नहीं खाया जाता उसे गऊ वंश को खिला दिया जाता है, क्योंकि उनमें ही इसकी शक्ति को सहने की क्षमता होती है।

भारत का रेडियोएक्टिविटी मैप उठा ले हैरान हो जाएंगे भारत सरकार के न्युक्लियर रियेक्टर के अलावा सभी ज्योतिर्लिंगो के स्थानों पर सबसे ज्यादा रेडिएशन पाया जाता है। शिवलिंग और कुछ नहीं, बल्कि एक न्युक्लियर रिएक्टर्स ही तो है तभी तो उस पर जल चढ़ाया जाता है, ताकि वो शांत रहे, महादेव के सभी प्रिय पदार्थ जैसे कि 'बिल्वपत्र, आक, धतूरा, गुड़हल, आदि सभी न्युक्लियर एनर्जी सोखने वाले हैं, शिवलिंग में अपार ऊर्जा है जो परमाणु अस्त्र के कई टन शक्ति के बराबर है जिसे पूजन और जल से स्नान कराके नियंत्रण में रियेक्टर की तरह ही शक्तिमान ऊर्जा देता है एक प्रकाश जैसा है शिवलिंग पर चढ़ा पानी भी रिएक्टिव हो जाता है, इसलिए तो जल निकासी नलिका को लांघा नहीं जाता है भाभा एटॉमिक परमाणु रिएक्टर का डिजाइन भी शिवलिंग की तरह ही है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार



शिवलिंग पर चढ़ाया दूध,दही, मट्ठा व जल नदी के बहते जल के साथ मिलकर औषधि का रूप ले लेता है, तभी तो हमारे पूर्वज हम लोगों से कहते थे कि 'महादेव शिवशंकर' अगर नाराज हो जाएंगे तो प्रलय आ जाएगी, ध्यान दें कि हमारी परंपराओं के पीछे कितना गहन विज्ञान छिपा हुआ है। जिस संस्कृति की कोख से हमनें जनम लिया वो तो चिर सनातन है। विज्ञान को परंपराओं का जामा इसलिए पहनाया गया, ताकि वो प्रचलन बन जाए और हम भारतवासी सदा वैज्ञानिक जीवन जीते रहे। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि भारत में ऐसे महत्वपूर्ण शिव मंदिर है जो 'केदारनाथ' से लेकर 'रामेश्वरम' तक एक ही सीधी रेखा में बनाए गए हैं, आश्चर्य है कि हमारे पूर्वजों के पास ऐसा कैसा विज्ञान और तकनीक थी जिसे आज का विज्ञान आज तक नहीं समझ पाया, उत्तराखंड का 'श्री केदारनाथ' तेलंगाना का 'कालेश्वरम' आंध्र प्रदेश का 'कालहस्ती' तमिलनाडु का 'एकंबरेश्वर' चिदंबरम और अंततः 'रामेश्वरम' मंदिरों को भौगोलिक सीधी रेखा में बनाया गया है, यह सारे मंदिर प्रकृति के 5 तत्वों में लिंग की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसे हम आम भाषा में पंचभूत कहते हैं, पंचभूत यानी पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष, इन्हीं पांच तत्वों के आधार पर इन पांच शिवलिगों को प्रतिष्ठापित किया गया है।

जल का प्रतिनिधित्व तिरूवनैकवल मंदिर में है, आग का प्रतिनिधित्व तिरूवन्नमलई में है, हवा का प्रतिनिधित्व कालाहस्ती में है, पृथ्वी का प्रतिनिधित्व कांचीपुरम में है, और अंत में अंतरिक्ष का प्रतिनिधित्व चिदंबरम मंदिर में है, वास्तु-विज्ञान-वेद के अद्‌भुत समागम को दर्शाते हैं ये पांच मंदिर में,भौगोलिक रूप से भी इन मंदिरों में विशेषता पाई जाती है, इन पांच मंदिरों को योग विज्ञान के अनुसार बनाया गया था और एक दूसरे के साथ एक निश्चित भौगोलिक संरेखण में रखा गया है, इसके पीछे निश्चित ही कोई विज्ञान होगा जो मनुष्य के शरीर पर प्रभाव करता होगा, इन मंदिरों का करीब पांच हजार वर्ष पूर्व निर्माण किया गया था जब उन स्थानों के अक्षांश और देशांतर को मापने के लिए कोई उपग्रह तकनीक उपलब्ध ही नहीं था

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### स्व. नागणु राम को उपाध्यक्ष ब्रह्मदास ने दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, मंडी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नांडी के प्रधान फता राम के पिता के निधन नागणु राम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास ने श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनकी माता लाली देवी व परिवार के रिश्तेदारों के साथ इस दुखद घड़ी में संवेदना प्रकट की और ईश्वर से प्रार्थना की पुण्य आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। इस मौके पर सिधु राम भारद्वाज, श्याम चंद, टेक चंद, कर्मचंद भूप सिंह, भगत राम, सरवन सहित नाचन कांग्रेस के कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### बीबीएमबी नहर किनारे छोड़ें आवारा पशु

**आदर्श, नेरचौक।** सलवाहन पंचायत के पाली गांव में नहर किनारे रात के अंधेरे में तथाकथित शरारती तत्वों द्वारा गाड़ियों में भरकर पशु लाकर बीबीएमबी नहर किनारे छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात को भी आवारा पशुओं से भरी गाड़ी ग्राम पंचायत सलवाहन के पाली गांव में उतारी गई है। हाटेश्वरी महिला मंडल पाली की प्रधान हिमा यादव, सचिव रीता, सोमा, लक्ष्मी व पिंकी देवी ने प्रदेश सरकार व प्रशासन से आवारा पशुओं को लेकर सख्त नीति बनाने की मांग की है। महिला मंडल की प्रधान ने बताया कि पाली गांव में कई बार रात के अंधेरे में लोग पहले भी आवारा पशु छोड़ चुके हैं जिससे पंचायत में आवारा पशुओं की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सलवाहन पंचायत के प्रधान पंकज चौधरी ने बताया कि करीब एक दर्जन नए पशु छोड़े गए हैं जो एक बहुत ही गंभीर समस्या है।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन



**जोगिंद्रनगर अभिषेक शर्मा।** छोटी काशी मंडी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद स्वर्गीय रामस्वरूप शर्मा की पुण्यतिथि पर उनके निवास स्थान जलपेहड़ गांव में चल रही श्रीमद भागवत भक्ति ज्ञान कथा के पांचवें दिन श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। कथा में भगवान शिव की महिमा और श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। भागवत आचार्य तिलक शर्मा ने भगवान शिव के तप, त्याग और भक्तों पर कृपा की कथाएं सुनाईं। शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। आचार्य ने बताया कि भगवान शिव हमें समर्पण, धैर्य और सादगी का संदेश देते हैं।

### करियाना की दुकान से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सलियाणी चौक में हंस राज पुत्र फिंकू राम निवासी गांव सलियाणी डाक घर भद्रवाड़ तह सरकाघाट अपनी करियाना की दुकान में ठेका से शराब देशी व अंग्रेजी लाकर ग्राहकों को सेल करके बेचने का अवैध धंधा करता है। जिस पर सरकाघाट पुलिस टीम ने सूचना मिलने के बाद जब इसकी दुकान की तलाशी ली गई तो दौरान 2250एमएल शराब बरामद हुई जिस पर पुलिस थाना सरकाघाट में मामला दर्ज किया गया।

### 'आर्ट ऑफ लिविंग' विषय पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे, पांचवें और छठे दिन विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। शिविर के चौथे दिन नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल कौंडल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों से 'आर्ट ऑफ लिविंग' विषय पर चर्चा की और सभी जीवों के हित में कार्य करने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी भी साझा की। पांचवें दिन वन विभाग की रेंज ऑफिसर मोनिका और वन रक्षक रमेश मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने वनों के संरक्षण और वन विभाग की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# राज माधव मंदिर से बाबा भूतनाथ मंदिर के लिए निकली लघु जलेब



शहर से गुजरते हुए गणमान्य।

**अनिल शर्मा, मंडी**



बाबा भूतनाथ व श्री माधो राय मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए डीसी मंडी।

महाशिवरात्रि के अवसर पर उपायुक्त एवं अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव अपूर्व देवगन सपरिवार व गणमान्य लोगों के साथ राज देवता माधव राय के प्रांगण में पारंपरिक शिवरात्रि महायज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने टारना स्थित मां श्यामा काली मंदिर में शीश नवाया तथा बड़ा देव कमरुनाग की पूर्जा-अर्चना कर जिलावासियों की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने देवता राज माधव राय के मंदिर में पूजा अर्चना की।

उपायुक्त ने बाबा भूतनाथ मंदिर में भी पूर्जा अर्चना की तथा हवन यज्ञ में भी शामिल हुए। वे राज माधव मंदिर से बाबा भूतनाथ मंदिर के लिए निकली लघु जलेब में भी शामिल हुए। पुलिस की टुकड़ी, होमगार्ड बैंड और मंडी जनपद के राज देवताओं के साथ भूतनाथ मंदिर तक लघु जलेब के माध्यम से बाबा भूतनाथ को निमंत्रण दिया। नगर निगम महापौर विरेंद्र भट्ट व पार्षदगण, सर्व देवता समाज समिति के प्रधान शिव पाल शर्मा व समिति के अन्य प्रतिनिधि, अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त जिलादंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, एसडीएम ओम कांत ठाकुर, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। 27 फरवरी से 5 मार्च तक के इस आयोजन में देवी-देवताओं, उनसे जुड़ी पवित्र परंपराओं और समृद्ध देव संस्कृति से जनता को जोड़ने पर खास जोर रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# शिवरात्रि पर बाबा बालकरूपी और सयूरी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**अनंत ज्ञान ,जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर उपमंडल में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत लांगना स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

इस दौरान लांगना के पंचमुखी महादेव मंदिर के साथ-साथ जोगिंद्रनगर के सनातन धर्म मंदिर में भी शिवरात्रि का आयोजन हुआ। मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक और हवन का आयोजन किया गया। इसी तरह, बाबा बालकरूपी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

## धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि पर्व

**भीम बसेड़ू, महादेव।** क्षेत्र भर में महाशिवरात्रि का पर्व धार्मिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी गांव महादेव के प्राचीन शिव मंदिर (शम्भू जी नाथ मंदिर) में इस पावन अवसर पर दूर-दूर के श्रद्धालुओं ने शीश नवाया। शिवरात्रि के लिए किए गए मंदिर कमेटी के प्रबंध देखते ही बने वहीं शिवभक्तों का श्रद्धा भाव भी देर रात तक देखते ही बना। इस पर्व के मौके पर शहरी क्षेत्र पुराना नगर स्थित एक अन्य प्राचीन शिव मंदिर सहित त्रांबड़ी (ताम्रकूट पर्वत)के यहां के कल्वाड़ा महादेव मंदिर, चतरोखड़ी के डोडेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तजनों की भीड़ लगी रही।

## शिवमय हुआ जोगिंद्रनगर, भक्तिमय बना माहौल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जोगिंदर नगर शिवमय हो उठा। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहां भक्तजन भोलेनाथ के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना में लीन रहे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ढेलु द्वारा आकर्षक सर्व धर्म झांकी निकाली गई, जो नगर परिक्रमा करते हुए ढेलु पहुंची। झांकी का मुख्य उद्देश्य समाज में शांति, एकता और भाईचारे का संदेश देना था। इस दौरान शिव ध्वजारोहण किया गया और शिव जयंती के महत्व पर प्रकाश डाला गया। ब्रह्मकुमारी सावित्री दीदी ने बताया कि शिवरात्रि का वास्तविक अर्थ तब है जब संसार में धर्म ग्लानि होती है और परमात्मा शिव निराकार रूप में आकर कलियुग रूपी अंधकार को समाप्त कर भक्तों को दुखों से मुक्ति दिलाते हैं। वहीं ब्रह्मकुमारी अंजना, ब्रह्मकुमारी सुमन और खेमसिंह ठाकुर ने भी शिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला।

# कब्जे को हटाने के खिलाफ धर्मपुर में बनी संघर्ष समिति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सरकार सरकारी भूमि पर तथाकथित अवैध कब्जों को हटाने के लिए कार्रवाई कर रही है, जिसके चलते सैकड़ों किसानों और अन्य नागरिकों द्वारा निर्मित मकानों पशुशालाओं को गिराने की कार्रवाई चल रही है जिसके लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। जिसका हिमाचल किसान सभा पिछले कई दिनों से राज्य स्तर पर विरोध कर रही है। बैठक धर्मपुर में हिमाचल किसान सभा द्वारा पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई और सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष समिति गठित की गई।

बैठक में आगामी 6 मार्च को इस मुद्दे पर प्रभावितों का अधिवेशन धर्मपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। संघर्ष समिति का कन्वीनर अधिवक्ता अनिल कटवाल को तथा को कन्वीनर रंगीला राम को बनाया गया तथा दुर्गा दास, बीरी सिंह, जयचन्द, गुलाब सिंह,राजेन्द्र, हेम सिंह, कश्मीर सिंह, मेहर सिंह, सुरेश ठाकुर इत्यादि को संघर्ष समिति का सदस्य बनाया गया।

# थर्मो मैकेनिकल कंक्रीट ब्लॉक तैयार आईआईटी मंडी को मिली सफलता

**अनंत ज्ञान, मंडी**

आईआईटी मंडी ने थर्मो मैकेनिकल इफिशिएंट ग्रेडड लाइटवेट फोम कंक्रीट ब्लॉक तैयार किया है। यह कंक्रीट ब्लॉक से पूरी तरह से अलग है। शोधकर्ताओं की ओर से बनाए ब्लॉक के बने घर में अंदर से गर्मी में तापमान कम और ठंड में अधिक रहेगा। यह ब्लॉक थर्मल इंसोलेशन आधारित है। इन ब्लॉक की शुरुआती जांच में मजबूती और थर्मल से जुड़ी चीजें सही पाई गई हैं। यह ब्लॉक फ्लाई ऐश और सीमेंट से बनाई गई है। यह सीमेंट से बने ब्लॉक के मुकाबले में बेहद हल्का है। इसकी कीमत भी इससे भी बेहद कम रहेगी। फ्लाई ऐश वेस्ट प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हुए इसे ईको फ्रेंडली बनाने का भी प्रयास किया गया है। एमटेक रिसर्च कर रहे विशाल चौधरी ने बताया कि इस ब्लॉक पर ढाई साल से अनुसंधान चल रहा है।

आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ सिविल एवं इन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रो. डॉ. रजनीश शर्मा की देखरेख में एमटेक रिसर्च कर रहे विशाल चौधरी और पीएचडी छात्र शुभम शर्मा इस ब्लॉक पर काम कर रहे हैं।

# नेशनल साइकिलिस्ट आशीष शेरपा ने जीता पहला पुरस्कार



**उमेश, मंडी**

छोटी काशी मंडी के अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव को लेकर मंडी जिला पुलिस की ओर से एक अनूठी पहल करते हुए एमटीबी साइकलिंग रेस इवेंट का आयोजन किया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी राजेश तोमर ने मुख्यातिथि के साथ-साथ बतौर एमटीबी साइक्लिस्ट भी शिरकत की। साइकिलिंग रेस में 18 से 25 आयु वर्ग में शिमला के शोघी के रहने वाले नेशनल साइकिलिस्ट आशीष शेरपा ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं 35 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में उत्तराखंड के रहने वाले नेशनल साइकिलिस्ट कृष्ण वीर यादव ने पहला स्थान हासिल किया।












## न्यूज ब्रीफ

### राघव को परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब के वाणिज्य संकाय के छात्र राघव ठाकुर ने जनवरी 2025 में आयोजित यूजीसी नेट वाणिज्य परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक-2 प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर समस्त महाविद्यालय परिवार को गर्व है। उनकी मेहनत और समर्पण की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए,. बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों के लिए भी एक गौरवपूर्ण क्षण है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो दर्शन कुमार तथा अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा राघव को सम्मानित किया गया तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### शिवरात्रि पर गलुआ में लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, चौकीमनियार।** शिवरात्रि के अवसर पर प्राचीन ध्यूंसर सदाशिव मंदिर तलमेहडा के गलुआ में गांव वड़ोआ से शर्मा परिवार की ओर से खीर एवं फ्रूट के भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें फल फ्रूट का आयोजन संजू जालंधर ने किया। इस आयोजन में विशेष रूप से इंजीनियर रमन शर्मा, अमन शर्मा,सतीश शर्मा, चंदन शर्मा, अंश शर्मा, विपन शर्मा आदि ने सहयोग किया। भंडारे में 1000 से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। गलुआ से सदा शिव मंदिर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए सैकड़ो से भक्तों ने भंडारे के भोग को स्वीकार किया।

# जिलेभर के शिवालयों में लगे 'बम-बम भोले' के जयकारे

## 5600 साल पुराने धौम्येश्वर मंदिर में लगा भक्तों का तांता, हर साल शिवरात्रि के महापर्व पर चार पहर होती है विशेष पूजा : प्रवीण शर्मा

**अनंत ज्ञान टीम, बंगाणा/ बड़ूही/ ऊना**

जिलेभर के शिव मंदिरों में बुधवार को शिव भक्तों द्वारा भगवान शिव शंकर के जयकारे लगाते हुए शिवलिंग पर जलाभिषेक भी किया। सुबह से ही सभी मंदिरों में भारी भीड़ थी और यह सिलसिला देर शाम तक भी वैसे ही जारी रहा। कई मंदिरों में भंडारे का आयोजन भी किया गया। व्रत करने वालों के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। खासकर सदाशिव धौम्येश्वर महादेव मंदिर तलमेहड़ा, महादेव मंदिर कोटला कलां, शिवबाड़ी गगरेट, बनोड़े महादेव मंदिर ऊना में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे।

कोटला कलां महादेव मंदिर के महंत मंगलानंद जी द्वारा लोगों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। तलमेहड़ा के गांव बही में स्थित 5600 साल पुराने मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था। भक्त शिवलिंग का अभिषेक करते रहे और तलमेहड़ा की महादेव नगरी भोलेनाथ के उद्घोषों से गूंज उठी। बुधवार को शिवरात्रि के महापर्व की जिलेभर में धूम है। भक्तों द्वारा भोलेनाथ की भक्ति में पूजा-अर्चना की जा रही है। महाशिवरात्रि पर्व पर तलमेहड़ा में धौम्येश्वर सदा शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही देवालय में जाकर लंबी कतारों में लगकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के तमाम इंतजाम किए गए थे।

तलमेहड़ा के गांव बही में स्थित प्राचीन धौम्येश्वर सदाशिव मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर में महाशिवरात्रि के अलावा प्रत्येक सोमवार और सावन माह में परम भक्त भगवान शिव के दर्शन और शिवलिंग का अभिषेक करने के लिए मंदिर में पहुंचते हैं।



सदाशिव धौम्येश्वर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में लगी भक्तों की कतार।

### स्वयंभू हैं इस मंदिर में भगवान शिव

सदाशिव चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि मंदिर में जो शिवलिंग विराजमान हैं, वह स्वयंभू है। यानी की जमीन से खुद प्रकट हुए थे। मंदिर में हर साल शिवरात्रि पर चार पहर विशेष पूजा अर्चना होती है। महाशिवरात्रि के विशेष पर्व पर मंदिर को पूरी तरह से सजाया जाता है। पहले सुबह मंदिर में पूजा होती है। उसके बाद इसके कपाट भक्तों के लिए खोल दिए जाते हैं। सदाशिव चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने कहा कि मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन और श्रद्धा से मंदिर में पूजा-अर्चना करता है। भगवान शिव उसकी हर मनोकामना पूरी करते हैं। हर साल शिवरात्रि पर मंदिर में विशेष पूजा की जाती है। वहीं मंदिर में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहते हैं।पुलिस द्वारा मंदिर में पहरा दिया जाता है,त ाकि किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना ना घटित हो। वहीं, शिव मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा ने बताया कि यह सदियों पुराना ऐतिहासिक शिव मंदिर है। सदा शिव मंदिर पांडवों के पुरोहित धौम्य ऋषि की तपस्थली है, जिसके चारों तरफ प्राकृतिक सौंदर्य की छठा बिखेरती शिवालिक पहाड़ियों और सामने धौलाधार की बर्फ से ढकी पहाड़ियों का दिलकश नजारा शिव भक्तों को देखने को मिलता है।

## संजय सांवरिया ने भोलेनाथ का गुणगान करके नचाया पंडाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की रामगढ़ धार के टीले पर स्थित तलमेहड़ा स्थित प्राचीन धौम्येश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष भी अत्यंत भव्यता और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु सदाशिव भगवान के दर्शन करने पहुंचे और शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया।

मंदिर परिसर में चारों ओर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों की गूंज सुनाई दी, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर धौम्येश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं ने जल, दूध, बिल्व पत्र और भांग-धतूरा अर्पित कर भक्तों ने भोलेनाथ को प्रसन्न किया।

मंदिर के पुजारियों द्वारा विशेष रुद्राभिषेक, हवन और आरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रात्रि में आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक संजय सांबरिया ने अपनी शानदार प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। महाशिवरात्रि पर्व को भव्य बनाने के लिए सदाशिव मंदिर ट्रस्ट कमेटी ने एक माह पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी थीं। कमेटी के चेयरमैन के नेतृत्व में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पीने के पानी और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी पूरी मुस्तैदी दिखाई। मंदिर के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई थी, ताकि भक्तों को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर जागरण के दौरान शिव बारात का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने भगवान शिव, माता पार्वती और अन्य देवी-देवताओं की झांकी निकाली। डीजे की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए मंदिर तक पहुंचे। पूरे दिन श्रद्धालुओं की सेवा में लगे मंदिर ट्रस्ट और अन्य स्वयंसेवी संगठनों ने भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अनुसार अगले वर्ष महाशिवरात्रि को और भी भव्य बनाने की योजना है। चेयरमैन प्रवीण शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को और बढ़ाया जाएगा और मंदिर परिसर में और सुधार किए जाएंगे।

धौम्येश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से भरपूर रहा। हजारों श्रद्धालुओं की आस्था ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। हर-हर महादेव के जयकारों के साथ यह पावन पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ। इस मौके पर कमेटी सदस्यों ने भरपूर सेवा की।



सदाशिव मंदिर में पावन शिवलिंग पर जलाभिषेक करते भक्त।

## शिव मंदिर चक में धूमधाम से मनाई महाशिवरात्रि

**अनंत ज्ञान, अंब**

बेहड़ जसवां पंचायत के गांव चक के शिव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बेहड़ जसवां के गांव चक के प्राचीन शिव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। भक्त शिवलिंग का अभिषेक कर रहे और गांव चक भोलेनाथ के उद्घोष से गूंज उठा।

महाशिवरात्रि की ऊना जिले में धूम है और भक्तों द्वारा भोलेनाथ की भक्ति में पूजा-अर्चना की जा रही है। महाशिवरात्रि के पर्व पर गांव चक्र में सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी हुई है और भक्तों द्वारा सुबह से ही मंदिर में जाकर लंबी कारों में लगकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जा रही है और जलाभिषेक किया जा रहा है। मंदिर कमेटी द्वारा भक्तों के लिए फलाहार के भंडारे का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि गांव चक के ही बाबा बलवंत को सपने में बाबा भोलेनाथ ने दर्शन दिए उसके बाद बाबा बलवंत ने बाबा भोले का मंदिर निर्माण कराया था।

मंदिर में हर किसी की मनोकमना पूर्ण होती है। मंदिर के पुजारी पंडित ओमप्रकाश, कमेटी सदस्य विमला देवी, जोगिंद्र राणा बलदेव चंद, तिलक राज, बलदेव चौधरी, राजेश कपिला, विजय कपिला व अन्य भक्तों को महाशिवरात्रि पर्व की बधाई दी और भगवान भोलेनाथ से सुख-शांति की कामना की।



## वेद मंत्रों से गूंजा शिव मंदिर बड़ूही

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर बड़ूही में हवन और वेद मंत्रों के साथ धार्मिक आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने हवन के बाद पूरण आहुति डाली व झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की।

कमेटी सदस्यों ने बताया कि 27 फरवरी को विशाल भंडारे का आयोजन होगा , जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद का ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर ब्रिगेडियर अशोक शर्मा, केवल चौहान, रघुवीर चौहान, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, दीपक साहनी, विक्रमजीत सिंह व नरेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## द्रोण महादेव मंदिर शिवबाड़ी में भक्तों का उमड़ा सैलाब

**सन्नी पुरी, गगरेट**

महाशिवरात्रि पर सुप्रसिद्ध द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी अंबोटा शिवभक्तों की अथाह भीड़ से ऐसा भरा कि कहीं तिल धरने तक की जगह नहीं बची। द्रोण महादेव शिव मंदिर के पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए रात्रि करीब बारह बजे से ही श्रद्धालु कतारबद्ध जुटना शुरू हो गए और सुबह होते-होते श्रद्धालुओं की कतारें मेला ग्राउंड तक पहुंच गईं।

मंदिर प्रशासन द्वारा पहली बार महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर मंदिर परिसर में आयोजित भजन-कीर्तन के कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया और सब द्रोण महादेव के रंग में रंगे नजर आए। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर एसीजेएम निरंजन कुमार व पैरा ओलंपियन निषाद सहित कई हस्तियों ने पवित्र शिवलिंग का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की।

द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य पंजाब के हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। महाशिवरात्रि पर यहां हर साल हजारों श्रद्धालु नतमस्तक होने पहुंचते हैं। इस बार उम्मीद से अधिक श्रद्धालुों की यहां भीड़ उमड़ी। मंदिर प्रशासन द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर व्यापक प्रबंध किए गए थे। महाशिवरात्रि पर्व पर यहां उमड़ने वाली भीड़ के बीच व्यवस्थाओं को बनाए रखने के लिए एसडीएम सौमिल गौतम, तहसीलदार कुलताज सिंह, नायब तहसीलदार जागृति राठौर, एसएचओ सन्नी गुलेरिया स्वयं दलबल सहित मंदिर परिसर व मेला क्षेत्र में नजर बनाए हुए रहे। श्रद्धालुओं की सुविदा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी यहां पर एक शिविर स्थापित किया गया था। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए व्यापक पुलिस बल तैनात किए गए थे।

इस बार पहली बार हुआ कि मंदिर परिसर के साथ भजन-कीर्तन का कार्यक्रम चलता रहा तो मेला ग्राउंड में शिव भक्त विभिन्न झूलों का भी लुत्फ उठाते रहे। एसडीएम सौमिल गौतम ने बताया कि द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए थे। उन्होंने बताया कि करीब 35 हजार लोगों ने महाशिवरात्रि पर पवित्र शिवलिंग के दर्शन किए। इसके अतिरिक्त उपमंडल के तमाम शिवालय शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिवभक्तों से भरे रहे। (अनंत ज्ञान)



द्रोण महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में मेला क्षेत्र तक पहुंची श्रद्धालुओं की कतारें

## मैड़ी मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग खाद्य वस्तुओं के लेगा सैंपल

**अनंत ज्ञान, अंब**

बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी होली मेले के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग मुस्तैद हो गया है। लोगों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत विभाग ने योजना बनाई है। फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की टीम हर खाद्य पदार्थों के सैंपल की जांच करेगी। इसके लिए फूड सेफ्टी वैन भी उनके साथ होगी।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा ऊना जगदीश धीमान ने कहा कि मोबाइल टेस्टिंग फूड वैन सहित विभाग की खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष नजर रहेगी। दुकानदारों से आग्रह किया है कि सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। इसे लेकर विभाग ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके अलावा मेले के दौरान क्षेत्र में मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन भी तैनात रहेगी। बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। यह मेला इस वर्ष 7 से 17 मार्च तक मनाया जाएगा। इसे लेकर मेला क्षेत्र में लगने वाले लंगर और अन्य व्यवस्थाओं पर खाद्य सुरक्षा विभाग की पैनी नजर रहेगी।

इसके अलावा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था व खाद्य पदार्थ बेचने वाली दुकानों पर भी सफाई व्यवस्था बनाने के लिए दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने साफ किया है कि सफाई व्यवस्था को लेकर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा गुणवत्ता को लेकर भी विभाग पूरी नजर रखेगा, ताकि मेले के दौरान परोसे जाने वाली खाद्य वस्तुएं लोगों को बीमार न कर सकें। बाबा बड़भाग सिंह मैड़ी मेले के दौरान हिमाचल प्रदेश के अलावा विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु माथा टेकने के लिए पहुंचते हैं। बीते वर्षों में भी सफाई व्यवस्था को लेकर खाद्य वस्तुओं के गुणवत्ता को लेकर मामले सामने आ चुके हैं, ऐसे में विभाग इस बार सतर्क हो गया है।

## टाहलीवाल में पेट्रोल पंप लूट केस का मामला सुलझा

**पुलिस ने 72 घंटों के भीतर दो को पकड़ने में पाई कामयाबी**

**अनंत ज्ञान टीम ऊना/टाहलीवाल**

जिला ऊना पुलिस कप्तान राकेश सिंह के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक हरोली मोहन रावत के निर्देशानुसार हरोली और टाहलीवाल पुलिस टीम ने मिलकर जियो पेट्रोल पंप पर हुई लूट की ब्लाइंड घटना को बेनकाब कर दिया है। गत 22 फरवरी को रात तीन बजे के आसपास पंजाब से आए दो बाइक सवारों ने टाहलीवाल में स्थित जियो कंपनी के एक पेट्रोल पंप के अंदर घुसकर कर्मचारियों को लहूलुहान कर दिया था और करीब 60000 रुपए की राशि छीन करके भाग गए थे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर बेहद वायरल हुआ था, परंतु दोनों ही आरोपियों ने अपनी पहचान को मुंह पर नकाब बांध कर छुपा रखा था।

पूरी वारदात के दौरान आरोपियों की पहचान संभव नहीं थी। घटना की सूचना मिलते ही हरोली के डीएसपी मोहन रावत तथा टाहलीवाल की पुलिस टीम मौका पर पहुंच गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी हरौली सुनील संख्यान को भी डीएसपी मोहन रावत ने टीम में शामिल करके खुद मोर्चा संभाला। पुलिस की कई टीमें बनाकर इलाका में भेजी गईं। पुलिस घटना में शामिल पुलिस उक्त बाइक की तलाश में जुटी परंतु बाइक पर कहीं भी कोई नंबर प्लेट मौजूद न थी, जिस कारण बाइक की पहचान करना भी मुश्किल थी परंतु पुलिस लगातार हरोली में लगे कैमरों तथा बाइक सवार के रूट को कंफर्म करते हुए रूट की पहचान करके गढ़शंकर नवांशहर तक पहुंची। पंजाब के गढ़शंकर के इलाके में जितने भी पुराने क्रिमिनल थे, उनका रिकॉर्ड खंगाला गया तथा घटना को देखते हुए यह पाया कि आरोपी नवांशहर साइड से टाहलीवाल में वारदात करने आए थे, जो आने-जाने के लिए करीब 2 घंटे का समय लगता था और वारदात करने के लिए आरोपियों ने केवल 7 मिनट लगाए थे।

गढ़शंकर से लेकर टाहलीवाल तक बीच में कई पेट्रोल पंप आते हैं परंतु आरोपियों ने कहीं भी किसी भी अन्य पेट्रोल पंप को निशाना न बनाया था जिस कारण पुलिस को शक हुआ कि वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियों ने पहले रेकी की होगी। उसे नजरिए से घटना स्थल पेट्रोल पंप की पिछली फुटेज भी खंगाली गई, जहां से एक संदिग्ध गाड़ी को आधार बनाते हुए पुलिस ने उस गाड़ी का बैक लिंक निकाला तथा फील्ड में जाकर बैक लिंक पर काम करते हुए मुखबिरों की सहायता से आरोपियों की पहचान की और पिछले कल गढ़शंकर में दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है । दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई है। दोनों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपियों के पास से घटना के दौरान पहने हुए कुछ कपड़े तथा तलवार बरामद हो चुकी है और घटना में रेकी करने के लिए प्रयोग की गाड़ी भी बरामद हो चुकी है तथा अन्य कई रिकवरियां अभी आरोपियों से होनी हैं।

आरोपियों को आज पुलिस अदालत में पेश करके आगामी 5 दिन रिमांड हासिल करने की तैयारी में जुटी है। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि उक्त घटना अपने आप में ही एक बेहद चैलेंज भरा काम था, लेकिन पुलिस ने बेहद अच्छे तरीके से काम करते हुए 3 दिन के भीतर इस घटना को सुलझाने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान मनप्रित सिंह पुत्रबलविंद्र सिंह निवासी गांव व डाकघर डगांम तहसील गढशंकर जिला होशियारपुर पंजाब व उम्र 26 साल है। दूसरा दलविन्द्र सिंह पुत्र श गुरमेल सिंह निवासी गांव व डाकघर मंगूवाल तहसील व जिला नवांशहर पंजाब व उसको भी उम्र 26 साल है।

## महाशिवरात्रि पर ब्रह्मकुमारीज ने शिवबाड़ी मंदिर में दिया शिव संदेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर ब्रह्माकुमारीज ऊना द्वारा गगरेट स्थित शिवबाड़ी मंदिर में भक्तों के लिए एक विशेष शिव संदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शिव ध्वज फहराने के साथ हुआ। इस दौरान ब्रह्मकुमारी बबिता ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक अर्थ पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व केवल उपवास और पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और परमात्मा से जुड़ने का संदेश देता है।

संस्था के बीके अवधेश ने राजयोग और सकारात्मक चिंतन के महत्व को समझाते हुए भक्तों को सदा सत्य, अहिंसा और आध्यात्मिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। शिवबाड़ी मंदिर में विशेष राजयोग ध्यान सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित भक्तों को परमात्मा शिव से साक्षात्कार करने की विधि सिखाई गई। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज द्वारा भक्तों को 'स्वच्छता, शांति और सत्यमार्ग' अपनाने का संदेश दिया गया। शिवभक्तों ने भक्ति गीतों और शिवनाम संकीर्तन के साथ भगवान शिव की आराधना की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी गईं।

यह आयोजन भक्तों के लिए आध्यात्मिक उन्नति का एक प्रेरणादायक अवसर बना और सभी ने शिवसंदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बीके हरजीत, बीके रजनी, बीके महेशदत्त, अवधेश, आरती, रीमा, आदर्श, सोमनाथ आदि बीके सदस्य मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण** वशिष्ट पब्लिक स्कूल में अध्यापकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन

## छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए किया प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल में अध्यापकों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। स्कूल में नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फाउंडेशनल स्टेज पर एकदिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप योगेश गंभीर, डीएवी स्कूल फिल्लौर के प्रधानाचार्य तथा उनके सहयोगी आशीष कुमार द्वारा ली गई, जो कि प्रख्यात प्रशिक्षक तथा प्रेरक वक्ता हैं।

उन्होंने बताया कि नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क का उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों और कौशलों से सुसज्जित करना है ताकि वे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि सर्वप्रथम वे स्वयं खुश रहें और अपने क्लासरूम को हैप्पी क्लासरूम बनाएं। शिक्षण को बेहतर बनाने के लिए विजुअल एड्स का प्रयोग करके अवधारणा को समझाएं। उन्होंने कहा कि आपके पास गतिविधियों के लिए अलग-अलग विचार होने चाहिएं। अपनी कक्षा को चिंतनशील कक्षा बनाएं।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी आपसे पढ़ाए गए विषय पर अधिक से अधिक प्रश्न करें, ताकि वे विषय को गहराई से समझ सकें और जो विद्यार्थी पढ़ाई में कमजोर हैं, उनके लिए रिमेडियल टीचिंग की अलग से योजना बनाई जाए। उन्होंने शिक्षकों से तरह-तरह की गतिविधियां करवाईं, जिससे अध्यापकों को बहुत सी नई चीजें सीखने को मिलीं।

'स्पाइरल लर्निंग' के बारे में उन्होंने शिक्षकों को बताया कि यह एक शिक्षण पद्धति है, जिसमें किसी विषय को बार-बार लेकिन हर बार अधिक गहराई और जटिलता के साथ दोहराया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र धीरे-धीरे लेकिन स्थायी रूप से ज्ञान और कौशल विकसित करें। छात्रों को केवल रटने के बजाए वास्तविक परिस्थितियों में प्रयोग और अनुभव के माध्यम से सीखने का अवसर मिलता है तथा छात्रों की तार्किक और रचनात्मक सोच विकसित होती है।

उन्होंने बताया कि 'अनुभवात्मक अधिगम' शिक्षा को अधिक रोचक, व्यावहारिक और प्रभावी बनाता है। यह छात्रों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर,उ न्हें वास्तविक दुनिया की समस्याओं को समझने और हल करने के लिए प्रेरित करता है। पंचकोश विकास के बारे में भी संपूर्ण रूप से चर्चा की गई। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने योगेश गंभीर और आशीष कुमार का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण सत्र शिक्षकों के लिए उपयोगी रहेगा।



वीपीएस में लगी वर्कशॉप में मौजूद अध्यापक व अन्य गणमान्य।

## थानाकलां स्कूल के छात्रों ने किया व्यावसायिक भ्रमण

**विनोद शर्मा, लठियाणी**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में प्री वोकेशनल ट्रेनिंग व्यवसाय के बारे में छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों को अपना व्यवसाय एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए बूसल गांव का भ्रमण किया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी स्वरोजगार करके अपने जीवन में एवं समाज के लोगों को भी रोजगार देने की दिशा में कदम उठाने एवं व्यवसाय के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

स्कूल की पढ़ाई के बाद छात्रों को अपना काफी समय नौकरी की तलाश में ही व्यतीत करने के उपरांत भी नौकरी नहीं मिलती है। थानाकलां स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने रोजगार और स्वरोजगार सृजित करने के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए गांव बूसल में बकरी पालन एवं मशरूम फार्म का भ्रमण करवाया, ताकि विद्यार्थी इस प्रकार के व्यवसाय को अपने और समाज के युवाओं को भी जागृत करें। स्कूल के विद्यार्थियों ने बहुत ही अच्छे ढंग से जानकारी ली। बूसल गांव के राजकुमार ने बकरी पालन के बारे में स्कूल के विद्यार्थियों को बहुत ही अच्छे ढंग से जानकारी दी कि बकरी का पालन-पोषण और खाने की सामग्री के बारे में जानकारी दी।

राजकुमार ने कहा कि बकरी का दूध बहुत ही कीमती होता है, जो कि बहुत ही लाभकारी एवं कई बीमारियों का विनाश करता है, लेकिन आजकल इलाके में बकरियां बहुत ही कम मिलेंगी, क्योंकि बकरी पालने का कार्य बहुत ही कम लोग कर रहे हैं। मशरूम का का उत्पादन करने वाले सूबेदार रोशन लाल ने विद्यार्थियों को मशरूम के उत्पादन के बारे में जानकारी दी और कहा कि इससे आप बहुत ही अच्छा लाभ ले सकते हैं, लेकिन इसके लिए मेहनत करनी पड़ेगी, तभी मशरूम अच्छी और सही मात्रा में पैदावार होगी। स्कूल के शिक्षक बलविंदर शर्मा ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थी स्वरोजगार के माध्यम से अपना और अन्य समाज के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। इस अवसर पर अमित, नीलम , अनूप एवं कमल चौहान एवं विद्यार्थी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



प्री वोकेशनल ट्रेनिंग और व्यावसायिक के बारे में बूसल गांव में ली जानकारी।

## सालाना समारोह की तिथि में किया बदलाव

**अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 28 फरवरी के स्थान पर अब तीन मार्च सोमवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे महाविद्यालय परिसर में होगा।

प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू होंगे। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विभिन्न गतिविधियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विधायक अपने कर कमलों से सम्मानित करेंगे। सभी छात्रों एक मार्च 2025 से पूर्व महाविद्यालय में संबंधित कमेटी से संपर्क करें और निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपना पारितोषिक स्वयं ग्रहण करें या अपने अभिभावक के माध्यम से प्राप्त करें।

## शिव बिजली के रूप में अपने ऊपर लेते हैं संकट, खराहल घाटी पर मौजूद है महादेव का शिवालय

# एक ऐसा शिवालय जहां पिंडी पर गिरती है बिजली

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिले में यूं तो अनेक स्थल हैं, लेकिन बिजली महादेव एक ऐसा धार्मिक व रमणीय स्थल है, जो कि अपनी सुंदरता व विहंगम दृश्य से लोगों को बरबस ही अपनी ओर खींच लेता है।

कुल्लू से करीब 20 किलोमीटर दूर 7874 फुट की ऊंचाई पर मथान स्थित बिजली महादेव मंदिर के अंदर पिंडी पर हर साल बिजली गिरती है, जिसके बाद पिंडी पर लगाया मक्खन का लेप खंडित हो जाता है। हर वर्ष गिरने वाली बिजली का कोई समय निर्धारित नहीं होता है। यह कभी भी किसी भी समय पिंडी पर गिरती है, जिसके बाद स्वयं भोलेनाथ मंदिर के पुजारी को स्वप्न देकर पिंडी के ऊपर लगे मक्खन के लेप के खंडित होने की बात बताते हैं। इसके बाद उसी रात या दिन को मंदिर के पुजारी व सहयोगी फिर से पिंडी को मक्खन का लेप करते हैं। आज तक आसमानी बिजली ने कभी किसी प्रकार की जनहानि नहीं की है। मान्यता है कि यहां पर भगवान शिव युगों-युगों से तप योग समाधि द्वारा विराजमान हैं। सृष्टि की वृष्टि में इस स्थान को बिजली महादेव मंदिर को जालंधर असुर के वध से जोड़ा गया है व दूसरे नाम से इसे कुलांत पीठ भी कहा जाता है, जब भी पृथ्वी पर भारी संकट आन होता है, तो भगवान शिव जीवों के उद्धार के लिए संकट को बिजली के प्रारूप में पिंडी के रूप में अपने ऊपर धारण करते हैं। मंदिर के बाहर लगभग 50 फुट की ऊंचाई पर पेड़ पर लगाए गए त्रिशूल से होकर बिजली पिंडी पर गिरती है, जिसके बाद पिंडी पर लगा मक्खन का लेप स्वयं ही खंडित हो जाता है। मंदिर में सावन मास के मेलों के दिन प्रदेश भर से श्रद्धालु बिजली महादेव में भगवान शिव की पावन पिंडी के दर्शन करते हैं। (अनंत ज्ञान)



### बिजली महादेव की कहानी

**भारत** में भगवान शिव के अनेक अद्भुत मंदिर हैं, उन्हीं में से एक है हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में स्थित बिजली महादेव। कुल्लू का पूरा इतिहास बिजली महादेव से जुड़ा हुआ है। कुल्लू शहर में ब्यास और पार्वती नदी के संगम के पास एक ऊंचे पर्वत के ऊपर बिजली महादेव का प्राचीन मंदिर है। पूरी कुल्लू घाटी में ऐसी मान्यता है कि यह घाटी एक विशालकाय सांप का रूप है। इस सांप का वध भगवान शिव ने किया था, जिस स्थान पर मंदिर है वहां शिवलिंग पर हर बारह साल में भयंकर आकाशीय बिजली गिरती है। बिजली गिरने से मंदिर का शिवलिंग खंडित हो जाता है। यहां के पुजारी खंडित शिवलिंग के टुकड़े एकत्रित कर मक्खन के साथ इसे जोड़ देते हैं। कुछ ही माह बाद शिवलिंग एक ठोस रूप में परिवर्तित हो जाता है।

### यहां रहता था कुलांत राक्षस

**कुल्लू** घाटी के लोग बताते हैं कि बहुत पहले यहां कुलांत नामक दैत्य रहता था। दैत्य कुल्लू के पास की नागणधार से अजगर का रूप धारण कर मंडी की घोग्घरधार से होता हुआ लाहौल-स्पीति से मथाण गांव आ गया। दैत्य रूपी अजगर कुंडली मार कर ब्यास नदी के प्रवाह को रोक कर इस जगह को पानी में डुबोना चाहता था। इसके पीछे उसका उद्देश्य यह था कि यहां रहने वाले सभी जीवजंतु पानी में डूब कर मर जाएंगे। भगवान शिव कुलांत के इस विचार से चिंतित हो गए। बड़े जतन के बाद भगवान शिव ने उस राक्षस रूपी अजगर को अपने विश्वास में लिया। शिव ने उसके कान में कहा कि तुम्हारी पूंछ में आग लग गई है। इतना सुनते ही जैसे ही कुलुत पीछे मुड़ा तभी शिव ने कुलांत के सिर पर त्रिशूल बार कर दिया। त्रिशूल के प्रहार से कुलांत मारा गया। कुलांत के मरते ही उसका शरीर एक विशाल पर्वत में बदल गया। इस बिजली से शिवलिंग चकनाचूर हो जाता है। शिवलिंग के टुकड़े इकट्ठा करके शिवजी का पुजारी मक्खन से जोड़कर स्थापित कर लेता है। कुछ समय बाद पिंडी अपने पुराने स्वरूप में आ जाती है।आकाशीय बिजली शिवलिंग पर गिरने के बारे में कहा जाता है कि भगवान शिव नहीं चाहते चाहते थे कि जब बिजली गिरे तो जन-धन को इससे नुकसान पहुंचे। भोलेनाथ लोगों को बचाने के लिए इस बिजली को अपने ऊपर गिरवाते हैं। इसी वजह से भगवान शिव को यहां बिजली महादेव कहा जाता है।

अनंत ज्ञान विशेष

# ...यहां 'चंदो' के रूप में विराजमान होते हैं शिव

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

महाशिवरात्रि पर्व हिमाचल में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न अंदाज में मनाया जाता है। जिले के आउटर सिराज में इस पर्व को बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाया जाता है। आउटर सिराज क्षेत्र में इस पर्व को मनाने की पौराणिक परंपरा आज भी कायम है।



यहां पर भगवान भोले को अपने घरों में शिवलिंग रूप में विराजमान करने से कोई चूकना नहीं चाहता। यहां पर चंदो के रूप में हर घर में शिव विराजमान होते हैं। इसके लिए पहले भगवान को शिवलिंग रूप में कैमटू को पिरोया जाता है और इसकी पूजा-अर्चना कर इससे घर में स्थापित किया जाता है। चंदों को वही व्यक्ति पिरोता है, जिसने व्रत रखा होता है। इसमें एक विशेष प्रकार के फल जिसे स्थानीय भाषा में केमटू कहते हैं इससे शिवलिंग के रूप में बनाकर इसे हर घर में विराजमान किया जाता है। इसे पाजा और बेल्व पत्र जैसी अनेक प्रकार के फूलों की पत्तियों से सजाया जाता है। नाना प्रकार के व्यंजनों का भोग चढ़ाकर लिंग रूप की पारंपरिक पूजा-अर्चना की जाती है। इसी कड़ी में इस बार भी शिवरात्रि को रातभर प्राचीन वाद्ययंत्रों से पुराने गीत नटाउक तथा जती गाकर भोले को प्रसन्न किया। इन गीतों में भोले की स्तुति साफ झलकती है। बूढ़े, बच्चे और जवानों ने पूरी रात भर नाच-गाकर खुशी मनाई। सुबह करीब चार या पांच बजे घर से इसे विदाई के साथ ही बाहर लटकाया जाता है। इसके लिए क्षेत्र के लोग कई दिन पूर्व से ही तैयारियों में जुट जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### सदियों से चली आ रही है प्रथा

**आनी** से पुरोहित चमन शर्मा ने बताया कि आउटर सिराज के हर घर में भोले के रूप में केमटू से बनी माला को पिरोकर इसे सजावट देकर लगाया जाता है। इसे लगाने के लिए पुरोहित द्वारा समय निर्धारित किया जाता है। पूरे विधि विधान से शिव के रूप की पूजा-अर्चना करने से घर में सुख-समृद्धि प्रदान होती है।

### घर में नए मेहमान आने पर लगता है 'चंदो'

**चंदो** को भोलेनाथ के रूप को लगाने के लिए भगवान का आशीर्वाद होना अनिवार्य होता है। यह चंदो तब लगाया जाता है, जब घर में कोई नया मेहमान आता है। इसमें अगर किसी घर में बच्चा जन्म देता है इसमें भेड़ बकरी, गाय, अन्य जानवरों के बच्चे होने पर भी इसे लगाने की परंपरा है। कई घरों में तो एकलिंग नहीं, बल्कि लिंग के मुख्य भाग में कई शाखाएं लगानी होती हैं। अपनी इच्छा अनुसार आप इसे विराजमान नहीं कर सकते हैं। इसे पूरी विधि विधान के अनुसार ही स्थापित किया जाता है। इस उपलक्ष्य में विभिन्न तरह के पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं, जिन्हें लोग शिवरात्रि के बाद अपने रिश्तेदारों को बांटने जाते हैं, जिसे बासी बांटना कहा जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों को शिवरात्रि के महत्व के बारे में बताया



**अनंत ज्ञान, बंजार।** नगर पंचायत बंजार की वार्ड नंबर-4 में स्थित ब्रह्माकुमारी के भवन में शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत बंजार के कई लोगों ने शिरकत की इस मौके पर विशेष अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया तथा ध्वजारोहण किया। उसके बाद ध्यान साधना आदि का कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस मौके पर नीमू बहन ने उपस्थित सभी लोगों को शिवरात्रि के महत्व के बारे में बताया और इस अवसर पर उन्होंने राजयोग के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी। इस पवित्र और विशेष कार्यक्रम में उक्त ब्रम्हाकुमारीयों ने उपस्थित साधकों को तथा लोगों को राजयोग ध्यान साधना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर के समान हमें अपना जीवन यापन करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कोई बच्चा या व्यक्ति नशा में ग्रस्त है, उसे हमारे आश्रम में भेजें और उन्हें 7 दिन का कोर्स करवाया जाएगा। उन्हें व्यसन से छुटकारा पाने के लिए औषधि भी दी जाएगी। पंचायत बंजार तथा कुल्लू, भुंतर, शमशी, मनाली आदि के साधकों महिला महिलाओं तथा पुरुषों ने भाग लिया। बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बंजार उपमंडल के मंदिरों में काफी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग सुबह से ही मंदिरों में आकर भगवान शंकर की पूजा आराधना करने में ही व्यस्त रहे। लोग दूध, दही, शहद, शक्कर, फूल, अक्षत, धतूरा, बिल्व पत्र आदि से भगवान शंकर की पूजा करने में मशगूल रहे। वहीं, मंदिरों में भजन-कीर्तन का दौर भी चला रहा और मंदिरों में फलाहार आदि भंडारा ग्रहण किया।

### निहाल चंद अध्यक्ष व नवांग छेरिंग बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण की दिशा में लाहौल-स्पीति के बुद्धिजीवी, विचारकों एवं महानुभावों के अथक प्रयासों के फलस्वरूप जिला स्तरीय जनजातीय सांस्कृतिक मंच लाहौल-स्पीति का गठन किया गया, जिसे जिला स्तर पर डीसी कार्यालय लाहौल-स्पीति द्वारा पंजीकृत कर अंतिम रूप दिया गया। सांस्कृतिक मंच के कार्यकारिणी सदस्यों के नवनिर्वाचित पदाधिकारी में निहाल चंद सेवानिवृत्त शिक्षक को अध्यक्ष, नवांग छेरिंग सेवानिवृत्त पंचायत सचिव उपाध्यक्ष, वांगचुक शास्त्री सेवानिवृत्त शिक्षक को महासचिव, गणेश लाल शिक्षक को कोषाध्यक्ष और अमरनाथ को सांस्कृतिक सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर जनजातीय सांस्कृतिक मंच लाहौल-स्पीति के नव निर्वाचित अध्यक्ष निहाल चंद ने बताया कि इस मंच का प्रमुख उद्देश्य धर्म जाति एवं राजनीति से उठकर प्रत्यंत भूभाग लाहौल-स्पीति के सांस्कृतिक हितों की रक्षा करना है। उन्होंने बताया कि लाहौल-स्पीति में भाषा, बोली, खान-पान, वस्त्र, आभूषण, लोकगीत, लोक कलाओं एवं पर्व त्योहार की एक समृद्ध परंपरा रही है। अतः इनके संरक्षण एवं संवर्धन को अधिमान देते हुए आवश्यक ठोस कदम उठाना सांस्कृतिक मंच की प्राथमिकता रहेगी। नवांग छेरिंग उपाध्यक्ष ने बताया कि बदलते युग के साथ-साथ आज लाहौल-स्पीति का परिवेश भी बदल रहा है। आचार-विचार, रहन-सहन और रीति रिवाज के मायने बदल रहे हैं। परिवर्तन प्रकृतिक का नियम है और अभी बहुत कुछ बदलना है। अतः आदर्श मान्यताओं और नैतिक मूल्यों को संस्कारित करने की आवश्यकता है, जो हमारी भावी पीढ़ी को सशक्त तौर पर मानवीय उद्धार और विवेकशील बना सके। वांगचुक शास्त्री सचिव ने संबोधित करते हुए बताया कि जनजातीय सांस्कृतिक मंच लाहौल-स्पीति का प्रमुख उद्देश्य लाहौल-स्पीति की संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर करना है।

# 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंजे शिवालय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

महाशिवरात्रि का पर्व जिले में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। बम-बम भोले की गूंज से जिला कुल्लू पूरी तरह से गूंज उठा। शिवरात्रि पर्व के चलते दिनभर भोलेनाथ के शिवालयों में भक्तों की खूब भीड़ उमड़ी रही। हालांकि, सुबह से बारिश का दौर जारी था। बारिश और भारी ठंड भी भोले के भक्तों के कदमों को नहीं रोक पाई।

कुल्लू घाटी के आराध्य देवता बिजली महादेव मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं, 15 दिसंबर के बाद दो माह बाद बिजली महादेव के कपाट दो दिनों के लिए खुले, जो कि शुक्रवार सुबह से फिर से 15 मार्च के लिए बंद कर दिए जाएंगे। दो माह के बाद बिजली महादेव के कपाट खुलने से भक्त काफी उत्साहित दिखे और सुबह छह बजे से लेकर रात तक दर्शन करने के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी रही। उधर, जिला मुख्यालय स्थित भूतनाथ मंदिर के अलावा अन्य स्थानों पर शिवराड़ी महादेव, पिरड़ी महादेव, ज्वाणी महादेव, बिननी महादेव, सियाली महादेव, शिव मंदिर बजौरा, विश्वेश्वर महादेव मंदिर बजौरा, बुंगड़ू महादेव, मणिकर्ण स्थित शिव मंदिर, बाबा बालकनाथ मंदिर, अंजनी महादेव व शमशरी महादेव मंदिर, बंजार, सैंज सहित अन्य सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, जल व बेलपत्र चढ़ाकर भोले से सुख-शांति का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर सुबह से लेकर देर रात तक भजन-कीर्तनों का दौर जारी रहा, जिसके चलते माहौल देवमय रहा। जिले के सभी शिवालयों को विशेष रूप से नर्गिस के फूलों और अन्य फूलों से सजाया गया था। बजौरा में सबसे पुराने ऐतिहासिक शिव मंदिर, जो कि पांडवों के समय का है, पगौड़ा शैली से बना कुल्लू जिले का सबसे पुराना मंदिर है, जहां पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि की पावन वेला पर दूरदराज से भक्त शिव भगवान के दर्शन करने के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने इस मौके पर देवालयों में प्रसाद बांटकर पुण्य कमाया। साथ ही परंपरानुसार भांग का घोटा पीकर भी शिव भक्त खूब झूमे। वहीं, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के केलांग तथा उदयपुर उपमंडल में शिव भक्तों ने शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया।



बिजली महादेव मंदिर के पुजारी मदन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवरात्रि के मौके पर भक्तों का खूब तांता लगा रहा। उन्होंने बताया कि बिजली महादेव मंदिर के कपाट शिवरात्रि पर्व के लिए विशेष रूप से खोले गए थे और उसके बाद दोबारा बंद हो जाएंगे, अब 15 मार्च को भक्तों के लिए मंदिर के कपाट खुलेंगे। कुल्लू जिला मुख्यालय स्थित भूतनाथ मंदिर में बुधवार को देवता संगम महादेव का भव्य देवमिलन अन्य देवताओं के साथ हुआ। देवमिलन वाद्यंत्रों की थाप पर किया गया। देवमिलन देखने के लिए यहां पर श्रद्धालु उमड़े। अगले दो दिनों तक देवता संगम महादेव शहर में देव परंपरा का निर्वहन करेंगे। शिवरात्रि पर संगम के महादेव दर्शन श्रद्धालुओं ने किए हैं।

## पंजाब के दो युवकों से 29.700 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में पुलिस ने चिट्टा बेचने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मनाली थाने में दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है।

आरोपियों की पहचान समरगिल पुत्र लखविंद्र सिंह उम्र 21 साल गांव व डाकघर नंगली तहसील व जिला अमृतसर पंजाब व समीर गिल पुत्र विकटर उम्र 21 साल गांव व डाकघर राजासांसी तहसील अजनाला जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान होटल के कमरा नंबर-106 में दबिश दी, तो यहां पंजाब के दो युवक रुके थे और कमरे से ही परचून में चिट्टा बेचने का कारोबार कर रहे थे। इस दौरान जब कमरे की तलाशी ली गई, तो बड़ी मात्रा में चिट्टा बरामद हुआ। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि कमरे में लकड़ी की कुर्सी पर एक नीले रंग के बैग की तलाशी ली गई, जिसमें 29.700 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। उधर, मनाली में एक व्यक्ति की मौत हुई है। व्यक्ति का शव शौचालय में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। युवक 17 मील का बताया जा रहा और जांच जारी है। बताया जा रहा कि की चिट्टे की ओवर डोज से व्यक्ति की मौत हुई है। डीएसपी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

# व्यवस्थित होने लगा मनाली सहयोग करें शहरवासी : मनोज

**अनंत ज्ञान, मनाली**



नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लारजे ने कहा कि मनाली शहर व्यवस्थित होने लगा है। उन्होंने कहा कि डिस्पोजेबल कप-प्लेट का उपयोग न करने की नगर परिषद की मुहिम रंग ला रही है।

उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस मुहिम को सफल बनाने में मनाली वासियों का सहयोग मिल रहा है। मनोज ने कहा कि वह स्वयं इस मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और उपाध्यक्ष सुनीता सहित सभी वार्ड सदस्यों के साथ वार्डों में जाकर लोगों से मिल रहे हैं और उनके सुझाव भी ले रहे हैं। जनवरी के अंतिम सप्ताह में पर्यटन नगरी मनाली को स्वच्छ बनाने के लिए नगर परिषद ने डिस्पोजेबल कप-प्लेट आदि के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जनरल हाउस की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया था, अगर कोई डिस्पोजेबल सामग्री का प्रयोग करता है, तो उस पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। मनोज लारजे ने कहा कि डिस्पोजेबल प्लेट और गिलास से शहर में गंदगी फैला रही थी। डिस्पोजेबल में खाद्य सामग्री खरीदने के बाद पर्यटक इसे यहां-वहां फेंक देते थे। इसे गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद ने पूरे शहर में डिस्पोजेबल सामग्री के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया। शहर वासियों के सहयोग से यह मुहिम अब सफल होती दिख रही है। मनोज ने कहा कि शहर वासियों का सहयोग इसी तरह मिलता रहा, तो जल्द ही माल रोड मनाली अधिक साफ-सुथरा नजर आएगा। नगर परिषद की उपाध्यक्ष सुनीता शर्मा ने लोगों से आग्रह किया कि घरों का कूड़ा इधर-उधर न फेंककर गाड़ी वाले को ही दें, ताकि मनाली को साफ-सुथरा रखा जा सके।

## रायसन व आसपास लगते गांवों में छाया अंधेरा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** रायसन इलाके में बिजली की समस्या गंभीर हो गई है। मंगलवार रात से रायसन बिहाल, रायसन (चंडीगढ़), छाटनसेरी, और बागा इलाके में बिजली गुल होने के कारण लोगों को रात अंधेरे में गुजारना पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में बिजली की वोल्टेज कम रहती है और कई बार बिजली विभाग को सूचित किया गया है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है। रायसन के ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि मंगलवार रात से इलाके में बिजली गुल है, जिससे बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों को भी परेशानी हो रही है। इलाके के लोगों ने बताया कि हल्की बारिश होने पर भी बिजली गुल हो जाती है। सरकार द्वारा बनाए गए यार्ड को भी शुरू करने की मांग की जा रही है और रायसन (चंडीगढ़) के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाने की भी मांग है। सहायक अभियंता बिजली विभाग जितेंद्र ने बताया कि मेन लाइन में फाल्ट आया है और बारिश के कारण बिलंब हो सकता है, लेकिन बिजली जल्द बहाल की जाएगी।

# बर्फ के आगोश में शीत मरुस्थल लाहौल-स्पीति

## कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों में बर्फबारी, निचले इलाकों में बारिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**

लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिले में दो दिनों से मौसम खराब है और बारिश बर्फबारी का दौर जारी है।

शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति बर्फ के आगोश में समा गया है और बर्फबारी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है। अटल टनल के साऊथ व नॉर्थ पोर्टल में दो फुट बर्फबारी हो चुकी है। भारी बर्फबारी से लाहौल-स्पीति में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लाहौल-स्पीति में वाहनों के पहिये थम गए हैं, जबकि लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए हैं। रोहतांग दर्रे में ढाई फुट बर्फबारी हुई है। लाहौल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों कोकसर, सिस्सू, गोंदला, दारचा, योचे, छीका, रारीक, जिस्पा, गेमुर, स्टिंगरी, प्यूकर, केलांग, मुलिंग, नैन गाहर, गवाड़ी, चौखंग सहित मयाड़ घाटी में भारी बर्फबारी हुई है। स्पीति घाटी में लोसर से लेकर समदो तक बर्फबारी हुई। वहीं, सोलंगनाला व कोठी में आधा फुट बर्फबारी हुई है। पलचान, मझाच व कुलंग में दो इंच, जबकि पर्यटन नगरी मनाली में भी बर्फ के फाहे गिरे हैं।



रोहतांग दर्रे के निकटवर्ती पर्यटन स्थल मढ़ी में दो फुट, तो गुलाबा में डेढ़ फुट बर्फबारी हुई है। जिला मुख्यालय केलांग में अभी तक एक फुट से अधिक बर्फबारी हुई है। लाहौल घाटी के निचले क्षेत्रों तिंदी व पांगी की ओर भी भारी बर्फबारी का क्रम जारी है। लाहौल में वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। बुधवार को दिनभर बर्फबारी होती रही, जिससे पूरा जिला ठंड की चपेट के आ गया है, जिससे लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। डीसी राहुल कुमार ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी बर्फबारी हुई है। प्रशासन परिस्थितियों पर नजर रखे हुए है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि मौसम खुलने तक घरों से बाहर न निकलें।

**प्रदर्शनी** रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में श्रीलंका, भारत की संस्कृति के ऊपर प्रदर्शनी का आगाज

# चित्रों के माध्यम से संस्कृति से करवाया परिचित

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में बुधवार को जयपुर आर्ट समिट की ओर से रवि कांत की क्यूरेटरशिप में फागुन शीर्षक के अंतर्गत श्रीलंका और भारत की संस्कृति के ऊपर 18 कलाकारों की चित्रकला प्रदर्शनी का आगाज हुआ। इसका उद्घाटन रौरिक आर्ट गैलरी की रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने रिबन काटकर और द्वीप प्रज्वलित कर किया।



इस प्रदर्शनी में श्रीलंका के कलाकारों में मनुशिखा पथिराना, विदूशिका हेरात, रविंद्री करियप्पेरूमा, उपुल चमीला, दिलरुक्षी नवरत्ने, अनुरुद्धिका हेमामली, सुधार्शि रानाबाहु, तिलिनि दे सिमोन, सुरश कुमार, बीनू गुप्ता, वेंडी जेंस, कृष्णा टशी पालमो और हर्शित परिहार के चित्र प्रदर्शनी पर हैं। श्रीलंका के चित्रकारों ने श्रीलंका की संस्कृति को चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया है, जिसमें उन्होंने वहां के रहन सहन, वेशभूषा, गायन वादन, चित्रकारी आदि को कुछ ही चित्रों में बड़े ही मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया है। दूसरी ओर भारत के चित्रकारों ने भारतीय संस्कृति को चित्रों में दर्शाया है। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति की चित्रकार कृष्णा टशी पालमो ने थांका चित्रकारी और लाहौल की संस्कृति को बड़े ही अनोखे अंदाज में ब्यां किया है। श्रीलंका के चित्रकारों ने शिवरात्रि के दिन शिव के तांडव नृत्य पर चित्र बनाकार मानवता को अध्यात्म का संदेश दिया है। श्रीलंका के ही चित्रकार ने गणेश के चित्र बनाए हैं और बताया कि श्रीलंका में भी गणेश जी की पूजा होती है। भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार ने श्रीलंका से आए सभी चित्रकारों का स्वागत किया और कहा कि यह दो देशों की संस्कृतियों का आदान-प्रदान है, जिससे दो देशों के संबंध मजबूत होते हैं।

रशियन क्यूरेटर ने भी रौरिक आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी लगाने के लिए सभी श्रीलंकाई और भारतीय कलाकारों का धन्यवाद किया और सभी कलाकारों के चित्रों को बहुत ही सराहा। श्रीलंका के सभी चित्रकारों और भारतीय चित्रकारों ने रौरिक आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी लगाने के लिए स्थान देने के लिए डीसी कुल्लू एवं निदेशक आईआरएमटी नग्गर तोरुल एस रवीश एवं रौरिक ट्रस्ट प्रबंधन का धन्यवाद किया। इस अवसर पर रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन, ओलगा कारसेवा, सभी चित्रकार, देश-विदेश के पर्यटक और अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में लगभग 40 चित्र प्रदर्शन पर हैं।

# बरशैणी ठोस कचरा प्रबंधन नियम वाली पहली पंचायत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाने के लिए ग्राम पंचायत बरशैणी की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान ग्राम पंचायत बरशैणी ने की।

खंड विकास अधिकारी भुंतर गौरव धीमान, सहायक अभियंता प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कुल्लू सुनील शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन कुल्लू इंद्र देव ठाकुर व हीलिंग हिमालया के प्रदीप सांगवान विशेष रूप से उपस्थित थे। जानकारी देते हुए इंद्र देव ठाकुर ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस कचरा प्रबंधन अधिनियम-2016 के अनुसार ग्राम पंचायत की अपनी नियमावली (ठलसूं) बनाना था, जिसे गहन चर्चा उपरांत पंचायत द्वारा पारित किया गया और इस प्रकार पंचायत बरशैणी ठोस कचरा प्रबंधन नियमावली बनाने वाली कुल्लू जिले की पहली ग्राम पंचायत बनी। इस नियमावली में कचरा संग्रहण, प्रिथक्कंण, ट्रांसपोर्टेशन, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, यूजर चर्जिस, पंचायत की जिम्मेदारी, घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जिम्मेदारी और एमआरएफ की जिमेदारियों आदि पर चर्चा हुई और पारित किया गया। बरशैणी पंचायत में सूखे कचरे के प्रबंधन के लिए हीलिंग हिमालया संस्था द्वारा एमआरएफ सुविधा तैयार की गई है और जल्द ही इसे आरंभ किया जाएगा।



इस तरह से पंचायत बरशैणी का ठोस कचरा का प्रबंधन किया जाएगा। भुंतर गौरव धीमान ने कहा कि यह जिले और विकास खंड भुंतर की पहली कचरा प्रबंधन के लिए पहली फैसिलिटी तैयार करने वाली पंचायत है, जिसके सफल संचालन के लिए उन्होंने सभी ग्रामवासियों से सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। सहायक अभियंता प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कुल्लू सुनील ने ठोस कचरा प्रबंधन अधिनियम-2016 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। इंद्र देव व हीलिंग हिमालया के प्रदीप सांगवान ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरे की छंटनी व उचित प्रबंधन और एमआरएफ की कार्यप्रणाली पर विचार साझा किए।

## मनाली में फल व खीर की वितरित

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली की कई पंचायतें नशे के खिलाफ आगे आई हैं, जिसका उदाहरण बुधवार को आयोजित महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भी मनाली में देखने को मिला। कुल्लू जिले के अन्य क्षेत्रों में जहां महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में भांग का घोटा प्रसाद के रूप में मिला। वहीं, मनाली के सियाल और सियाली महादेव मंदिर मनाली बाजार समेत ब्राण गांव के नीलकंठ महादेव मंदिर में भी घोटे की जगह खीर, फल आदि का प्रसाद वितरित किया गया। हर साल महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भांग का घोटा बनाया जाता था, जिसे हजारों भक्त प्रसाद के रूप में ग्रहण करते थे, लेकिन इस बार सामाजिक चेतना के तहत घोटा न बनाने का निर्णय लिया गया है। खासतौर पर नीलकंठ महादेव मंदिर ब्राण में पहली बार इस परंपरा को बदला गया है। वहां इस साल भक्तों को साबुदाने की खीर बांटी गई। आराध्य देवता सियाली महादेव के कारदार जय चंद ठाकुर ने बताया कि घाटी में नशे के मामले बढ़ रहे हैं, जोकि चिंतनीय विषय है।

# शिवालयों में महाशिवरात्रि पर रही 'ॐ नमः शिवाय' की गूंज

## सोलन जिले के जटोली शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, माल रोड पर निकली भव्य शिव बारात, बाजार में बढ़ी रौनक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय सोलन सहित उपमंडलों के शिवालयों में ॐ नमः शिवाय की गूंज रही। सोलन के प्रसिद्ध जटोली शिव मंदिर सहित नरसिंह मंदिर, सलोगड़ा स्थित शिवालय और अन्य मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। वहीं, प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाकर प्रदेश लौटे मुख्यमंत्री सुक्खू ने सोलन के नजदीक कुमारहट्टी-पट्टाघाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शीश नवाया।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों को भी शिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद मुख्यमंत्री का काफिला शिमला के लिए रवाना हुआ। वहीं, शिवरात्रि के अवसर पर सोलन में भगवान शिव की बारात भी निकाली गई, जिससे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। महाशिवरात्रि पूर्व को लेकर शिवालयों को खूब सजाया गया। शहर के वार्ड-14 स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ गई। शहर के अधिकतर मंदिरों में विशेष पूजा और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने जहां एक तरफ भोलेनाथ के भजन गाए, तो वहीं, दूसरी तरफ बेल्व पत्री, दूध, दही से भोलेनाथ का अभिषेक भी किया। शिव भक्तों ने दिनभर व्रत कर भी भोलेनाथ को मनाया।

मंदिर शिवालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष नरेश चंद वर्मा और महासचिव डॉ. उपेंद्र कौल के मुताबिक मंदिर में शिवरात्रि को भजन-कीर्तन के साथ चार पहर की पूजा होगी। इस दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को दूध का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके अगले दिन मंदिर में सुबह 9 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं, शिवरात्रि पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। शिवरात्रि पर्व को लेकर शहर सहित आसपास के शिवालयों में मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। अधिकतर मंदिरों में सुबह-सवेरे से ही भक्तों की लाइन लग गई और यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस दौरान भक्तों ने शिवालय में शीश नवाया और मनतें मांगी। सबसे अधिक भीड़ एशिया के सबसे ऊंचे शिव मंदिर में शुमार जटोली में देखने को मिली। यहां भक्त सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान के दर्शन करने के लिए पहुंचे। यहां अधिक भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने भी पहले ही अपनी तैयारी पूरी कर ली थी। यहां पुलिस विभाग से कर्मी भी तैनात किए गए थे। इसी प्रकार से सलोगड़ा, शिव ढाक, पट्टा मोड, सहित जिले के अन्य शिवालयों में भी भक्त बड़ी संख्या में पहुड्डुचे।

महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में माल रोड पर शिव बारात भी निकाली गई। यह शिव बारात दोपहर 3 बजे चौक बाजार से निकली और शाम पुराने डीसी ऑफिस पहुंची। इस दौरान भगवान शिव, पार्वती, गणेश व सहित कई अन्य झांकियां भी माल रोड पर निकाली गईं, जिसका लोगों ने खूब लुत्फ लिया। (अनंत ज्ञान)



### चूड़धार जा रहे श्रद्धालुओं को पुलिस ने भेजा वापस

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रशासनिक रोक के बावजूद भी श्रद्धालु चूड़धार की यात्रा पर निकल रहे हैं। शिवरात्रि के उपलक्ष्य पर बाहरी राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु चूड़धार की यात्रा के लिए निकल रहे थे, जिन्हें नौहराधार पुलिस ने रोक लिया। यह लोग काफी ऊपर निकल गए थे, उन्हें पुलिस के जवानों ने रोक लिया व वापस नौहराधार लाया गया। हालांकि, कुछ लोग रात को निकल गए हैं, जिन्हें पुलिस विभाग ट्रेस कर रही है। बता दें कि इस समय चूड़धार में काफी बर्फ जमी है और अभी मौसम भी खराब है, ऐसे में जाना जोखिमपूर्ण है इसलिए प्रशासन सुबह से ही अलर्ट में दिख रहे हैं।

## दाड़लाघाट में धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि पर्व



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट व आसपास के क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।

दाड़लाघाट में महाशिवरात्रि के महापर्व में प्रातः काल से ही शिव मंदिर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें शिव दर्शनों का इंतजार करने के लिए लग गई थी। शिव मंदिर में बाबा जयदेव गिरी व अन्य श्रद्धालुओं ने शिव भोग के कई स्टॉल लगाए, जहां शिव भक्तों ने विशेष तौर से तैयार किया गया घोटा, फलाहार खीर सभी भक्तों में आवंटित किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर शिव का गुणगान किया, जिससे मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय हो गया। साथ ही दाड़ला बाजार में भी लोगों ने जगह-जगह पर दूध, पकोड़े व फलों का प्रसाद वितरित किया।

## सैकड़ों लोगों ने किया शिवलिंग पर जलाभिषेक

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** यशवंतनगर के समीप सनौरा स्थित शिव मंदिर में शिवरात्रि के पावन पर्व पर सैकड़ों लोगों ने शिवलिंग पर दूध, जल, बिल्व पत्र, भांग, घतूरा अर्पित कर अभिषेक किया। इसके अतिरिक्त शिव मंदिर में बीते 10 दिनों से चल रहे शिव महापुराण का राजगढ़ क्षेत्र के अतिरिक्त सीमा पर लगते सोलन व शिमला जिले से आए हजारों लोगों ने श्रवण कर पुण्य कमाया। यशवंतनगर के समीप सनौरा का शिव मंदिर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। एक सुंदर टीले पर इस मंदिर का निर्माण करीब 20 वर्ष पूर्व चायल टीब्बा मंदिर में रहने वाले 1008 महात्मा शंभू भारती द्वारा किया गया था। मंदिर की सेवा कर रहे महात्मा आदर्श भारती ने बताया कि मंदिर के गृह गर्भ में पांच शिवलिंग स्थापित किए गए हैं, जिसमें पारा, स्फटिक, पीतल, तांबा और नंदीश्वर शिवलिंग विराजमान हैं। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि से पहले इस मंदिर में भागवत व शिव महापुराण का हर वर्ष आयोजन किया जाता है, जिसमें सिरमौर, शिमला और सोलन के सैकड़ों लोग भाग लेते हैं। इस वर्ष पद्म पुराण का आयोजन किया गया, जिसमें कथावाचक आचार्य विजय भारद्वाज द्वारा शिव लीला का बखान किया गया, जिसका लोगों ने भरपूर आन्दद उठाया। व्रत लेने वाले सभी लोगों के लिए मंदिर में फलाहार की व्यवस्थता भी की गई थी।

## न्यूज ब्रीफ

### बद्दी के उद्योग में नाबालिग लड़की की हादसे में मौत

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** जिला सोलन के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के भटोलिकला के हिमुडा हाउसिंग बोर्ड प्लॉट नंबर-14 में स्थित जेनसन अप्लायंसेज कंपनी में काम करते हुए एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई है। मुस्कान मौर्य उम्र 16 वर्ष निवासी बरेली उत्तर प्रदेश की मौत कन्वेयर बेल्ट की मोटर में आने से हुई बताई गई है। कर्मचारियों द्वारा इस लड़की को इलाज के लिए पहले ईएसआई ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया, जिसके बाद बरोटीवाला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर नालागढ़ अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने इंटर फेडरेशन के बैनर तले कंपनी प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इंटर फेडरेशन के प्रदेश महासचिव हरबंस राणा का कहना है कि उनके द्वारा पहले कई बार इस उद्योग की शिकायत लेबर विभाग और पुलिस विभाग में की गई थी कि इस उद्योग में नाबालिग बच्चियों से काम करवाया जाता है, लेकिन प्रशासन द्वारा समय रहते इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई, जिसका खामयाजा 16 वर्षीय बच्ची मुस्कान को अपनी जिंदगी गवा कर चुकाना पड़ा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा का कहना है कि इस बारे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### कल्याणकारी योजनाओं के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत कृषि विभाग द्वारा सोलन, कंडाघाट, कुनिहार, नालागढ़ व धर्मपुर में शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी उपनिदेशक कृषि सोलन देव राज कश्यप ने दी। उन्होंने शिविर में किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में लगभग 100 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र चंबाघाट के प्रभारी डॉ. अमित, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सीमा कंसल, कृषि विकास अधिकारी सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वच्छता के विषय में दी विस्तृत जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला कार्यक्रम अधिकारी के सौजन्य से संस्कृत महाविद्यालय सोलन में मासिक धर्म व स्वच्छता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सोलन डॉ. पदम देव शर्मा ने दी। डॉ. पदम देव शर्मा ने कहा कि जागरूक कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म व स्वच्छता के विषय पर जागरूक करना है। आयुष चिकित्सक डॉ. अनीता शर्मा ने मासिक धर्म व स्वच्छता के विषय में सभी को विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने जीवन में पोषण का ध्यान रखते हुए मासिक धर्म व स्वच्छता का पालन करना चाहिए। इस कार्यक्रम में पोषण अभियान की जिला समन्वयक रेखा शर्मा, मिशन समन्वयक रेनू शर्मा तथा स्वयंसेवक मीनाक्षी शर्मा व स्वास्थ्य विभाग से पदम मणि नेगी तथा राधा ने भाग लिया।


### सीमा का भजन 'भोले दी बारात' हुआ रिलीज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट की सीमा शुक्ला का एक और भजन भोले दी बारात आजकल लोगों की पहली पसंद बन रहा है। सीमा शुक्ला का यह भजन महाशिवरात्रि के महापर्व पर उनके यूट्यूब चैनल सीमा शुक्ला ऑफिशल पर रिलीज किया गया है। इस भजन को पंकज द्वारा लिखा गया है और भैरवी स्टूडियो में परमजीत पम्मी द्वारा संगीत के मधुर स्वरों में पिरोया गया है। इस गीत का निर्देशन भी पंकज द्वारा ही किया गया है। पाल क्रिएशन द्वारा इसका फिल्मांकन किया गया है। इस गीत में शिव पार्वती का किरदार नीलकंठ कला समूह द्वारा अदा किया गया है।

## ग्रामीण स्तर पर नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाएगी पुलिस

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सीमावर्ती जिला सिरमौर में नशे के खात्मे के लिए पुलिस अब पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान शुरू करेगी, जिसके जरिए एक तरफ जहां पुलिस लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेगी। वहीं लोगों से सहयोग की भी अपील की जाएगी। सिरमौर जिला पुलिस अधीक्षक निश्चित सिंह नेगी नाहन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पंचायत स्तर पर जाकर पुलिस कर्मचारी पंचायत प्रतिनिधियों व आम लोगों के साथ-साथ स्थानीय नवयुवक मंडलों और महिला मंडलों को नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से जोड़ेंगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों के सहयोग के बिना नशे को जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता, ऐसे में लोगों को भी आगे आने की आवश्यकता है।

जिले के सभी थाना प्रभारीयों को निर्देश दिए गए कि वह अपने-अपने क्षेत्र में हर सप्ताह एक स्कूल का दौरा करें और वहां बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करें साथ ही बताएं कि यदि उन्हें कोई भी नशा तस्करों से जुड़ी सूचना मिलती है, तो उसे तुरंत पुलिस तक पहुंचाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सिरमौर में टीम नशे के खिलाफ बेहतरीन काम कर रही है और इस टीम के साथ कुछ और पुलिस कर्मियों को जोड़कर इसे और मजबूत किया जाएगा

## दो मामलों में 16.8 ग्राम चिट्टे के साथ महिला व पुरुष गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला पुलिस ने पिछले डेढ़ महीने में करीब 50 से अधिक नशा तस्करों की धर पकड़ की है, जिन्हें सलाखों के पीछे धकेला गया है। इसी कड़ी में पांवटा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक महिला व पुरुष नशा तस्करों को धर दबोचा है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि पांवटा साहिब के देवी नगर के वार्ड नंबर-10 की रहने वाली पिंकी पत्नी दीप राम उर्फ दीपू घर में ही नशे का कारोबार करती है, जिसके चलते पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिंकी के घर छापेमारी की और घर से 8.8 ग्राम चिट्टा बरामद किया। एक अन्य मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सनवर अली उर्फ अख्तर अली कुंजा ढकरानी विकासनगर उत्तरांचल के कब्जे से 8 ग्राम चिट्टा बरामद किया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक महिला और एक पुरुष को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार नशा तस्करों की धर पकड़ कर रही है और उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मानवेंद्र ठाकुर ने कहा कि पुलिस ने दोनों मामलों में गिरफ्तारियां की हैं और मामला दर्ज कर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत दोनों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## अवैध माइनिंग करने पर दो जेसीबी व टिप्पर जब्त

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

नालागढ़-पंजैहरा मार्ग पर महादेव पुल से मात्र 50 मीटर की दूरी पर अवैध माइनिंग पर पुलिस की ओर से कार्रवाई अमल में लाई है।

थाना प्रभारी राकेश राय की अगुवाई वाली टीम ने खड्ड में अवैध माइनिंग करने पर दो जेसीबी मशीन व दो टिप्पर को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात थाना प्रभारी की अगुवाई में टीम महादेव खड्ड की ओर गश्त पर थी, तो देखा कि खड्ड में कुछ वाहन अवैध माइनिंग कर रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो जेसीबी मशीन एचपी-12पी6056 व एचपी-12पी 7064 और दो टिप्पर एचआर-38टी 6310 और एचपी12क्यू9214 को मौके पर पकड़ा, जो कि अवैध रूप से खनिज संपदा को चोरी कर रहे थे।



पुलिस ने वाहनों को जब्त करते हुए मनीष कुमार, सुनील कुमार, नेक मोहम्मद व मनजीत सिंह के खिलाफ धारा 303 (2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 21 माइनिंग एंड मिनरल एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि महादेव खड्ड के साथ लगती भूमि पर अवैध माइनिंग करते दो जेसीबी मशीन व दो टिप्पर को पकड़ा है।

### माइनिंग डिपार्टमेंट खनन रोकने में फेल

**महादेव** खड्ड में बड़े स्तर पर लंबे समय से अवैध माइनिंग चल रही है, जिसके चलते सरकारी भूमि व निजी भूमि से करोड़ों रुपए की संपदा को अब तक माफियाओं द्वारा चोरी कर लिया है। माइनिंग डिपार्टमेंट इन माफियाओं पर लगाम लगाने में पूरी तरह से फेल साबित हुआ है। रोजाना चल रहे अवैध खनन के बाद भी विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



नाहन में धूमधाम से महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया। रानीताल में महाशिवरात्रि पर शिव भक्त लाइनों में खड़े होकर दर्शनों के लिए इंतजार करते हुए।



सनौरा स्थित शिव मंदिर में लोग शिवलिंग पर जल चढ़ाते हुए।

## मिट्टी का शिव परिवार बनाकर होता है मूर्ति पूजन

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

शिवरात्रि पर्व पर देश के सभी क्षेत्रों की तर्ज पर कंडाघाट में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। उपमंडल में घरों से लेकर शिवालयों तक धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है।

यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी मिट्टी से बने शिव परिवार की मूर्तियों की ही पूजा होती हैं, अगले दिन इनको जल में प्रवाह किया जाता है। इस पर्व पर उपमंडल के चायल, सकोड़ी, गंभरेश्वर, वाकनाघाट, ममलीग, सायरी कंडाघाट, स्टोन शिव टेंपल जनेड़घाट गौड़ा सहित सभी शिव मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। सीरिनगर के प्राचीन शिवालय में 19वां शिव महापुराण कार्यक्रम चल रहा है। इसमें कथा वाचक ज्योतिषाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बुधवार को भगवान के अवतारों और ज्योतिर्लिंग की कथा सुनाई। सभी मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम, श्रद्धालुओं की भीड़ और घरों में शिव पूजन से माहौल शिवमय हो गया है।

## शूलिनी यूनिवर्सिटी में कोचिंग की पहल यात्रा परिवर्तनकारी : चांसलर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर लीडरशिप कोचिंग ने दो दिवसीय लेवल-1 आईसीएफ कोचिंग एजुकेशन इमर्शन प्रोग्राम आयोजित किया, जिसमें हैदराबाद, गुड़गांव के प्रतिभागियों और विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों को एक साथ लाया गया।

अनुभवात्मक सीखने की यात्रा में लाइव कोचिंग वार्तालाप, उन्नत कोचिंग तकनीक, रूपक कार्य, बाहरी प्रतिबिंब सत्र और गहन श्रवण अभ्यास शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत शूलिनी विश्वविद्यालय के मुख्य शिक्षण अधिकारी (सीएलओ) डॉ. आशू खोसला के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने प्रतिभागियों को परिवर्तनकारी सीखने के अनुभव को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। घटना पर विचार करते हुए, उन्होंने टिप्पणी की कि विसर्जन ने गहन अंतर्दृष्टि की सुविधा प्रदान की, जिससे प्रतिभागियों को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में कोचिंग को प्रतिबिंबित करने, बढ़ने और एकीकृत करने में सक्षम बनाया गया। कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रतिभागियों को बधाई देते हुए चांसलर प्रो. पीके खोसला ने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल कोचिंग में एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत है। लेवल-1 आईसीएफ कोचिंग शिक्षा प्रदाता के रूप में अंतिम अनुमोदन प्राप्त करने वाले भारत के पहले विश्वविद्यालय के रूप में, शूलिनी विश्वविद्यालय कोचिंग शिक्षा में एक नया मानक स्थापित कर रहा है। सेंटर फॉर लीडरशिप कोचिंग की उपनिदेशक और प्रमुख पायल खन्ना ने इस उपलब्धि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्वविद्यालय कोचिंग शिक्षा में विश्वसनीयता और कठोरता सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है।



## पटवार घरों सहित तहसील कार्यालयों में कामकाज ठप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पटवारियों और कानूनगो के अवकाश पर चले जाने से पटवार घरों सहित तहसील कार्यालयों में कामकाज ठप हो गया है।

संयुक्त पटवार कानूनगो संघ के आह्वान पर जिला सिरमौर में भी पटवारी व कानूनगो 25 से 27 फरवरी तक सामूहिक अवकाश पर हैं। इससे पटवार घरों व कानूनगो के कार्यालयों में ताले लगे पड़े हैं और लोगों को अपने राजस्व कार्यों के लिए भटकना पड़ रहा है। जिलेभर में पटवारी व कानूनगो की संख्या 220 के करीब है। कुछ मांगों को लेकर संयुक्त पटवार कानूनगो संघ ने दो दिन के सामूहिक अवकाश का ऐलान किया है। इससे राजस्व कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त पटवार कानूनगो संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष रजनीश शर्मा, महासचिव राम सिंह ठाकुर व ददाहू इकाई के प्रधान राम मूर्ति ने बताया कि सरकार पटवार कानूनगो संघ की मांगों को अनसुना कर उनसे सौतेला व्यवहार कर रही है।

**लेटलतीफी** सोलन में लीकेज से सड़कों पर रोज व्यर्थ बह जाता है हजारों लीटर पानी

## पुरानी पाइप लाइन बदलने की डीपीआर बनने में देरी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शहर में करीब चार दशक पहले बिछाई गई पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन जंग खा जाने से इसमें रोज हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह रहा है। निगम ने पुरानी पाइप लाइन बदलने के लिए डीपीआर बनाने का जिम्मा जल शक्ति विभाग को देने का निर्णय लिया पर किन्हीं कारणों से मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

इस प्रस्ताव को नगर निगम ने जनरल हाउस में प्रस्ताव पारित किया। दरअसल, सोलन शहर में पेयजल की मांग बढ़ती ही जा रही है, जबकि मुख्य पाइप लाइनों से पेयजल की लीकेज को हल करना नगर निगम के लिए चुनौती बना हुआ है।



फाइल फोटो।

**सोलन** शहर में पुरानी पेयजल पाइपें बदलने के लिए निगम ने जल शक्ति विभाग से डीपीआर बनाने का निर्णय लिया है। जनरल हाउस में इसका प्रस्ताव पारित किया गया है। इसकी प्रक्रिया चल रही है।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### एक दशक से पेयजल किल्लत झेल रहे लोग

**बीते** एक दशक से सोलन शहर में किसी न किसी कारण से लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण पेयजल पाइप लाइनों में पानी की लीकेज होना है। वहीं, वार्ड क्षेत्रों में स्टोरेज टैंक की कमी भी पानी की कमी का एक प्रमुख कारण है। बावजूद इसके नगर निगम न तो पाइप लाइनों से हो रही लीकेज की समस्या को हल कर पा रही है और न ही वार्ड क्षेत्रों में स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जा रहा है। हालात यह हैं कि कई वार्डों में तो चार व पांच दिनों बाद पीने के पानी की सप्लाई दी जा रही है। इसके बावजूद रोजाना हजारों लीटर पानी सड़कों पर व्यर्थ बह जाता है। इसका एक बड़ा कारण सोलन शहर में पेयजल सप्लाई के बिछाई गई पाइपलाइन का पुराना होना है।

### पाइप लाइन कई दशक पुरानी

**शहर** के 17 वार्डों में पेयजल सप्लाई की लाइन नगर परिषद के समय बिछाई गई थी। इसके बाद ज्यादातर क्षेत्रों में पानी की पाइपें नहीं बदली गई हैं। यह पानी की पाइपें काफी पुरानी होने की वजह से जगह-जगह पर लीक होती रहती हैं। पानी की लीकेज रोकने के लिए निगम अब गंभीर हो गया है। यही कारण है कि शहर में पुरानी पाइप लाइन बदलने के लिए जल्द डीपीआर तैयार की जा रही है जिससे पानी को व्यर्थ बहने से बचाया जाए, तो शहर के बहुत से उपभोक्ताओं को पीने का पानी उपलब्ध करवाया जा सकता है। सोलन शहर में रोजाना करीब 22 लाख गैलन पानी की आवश्यकता होती है।

## सब्जी फसल प्रजनन में शुष्क भूमि पर दें ध्यान : प्रो. चंदेल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में जलवायु लचीलेपन के लिए सब्जी फसलों के प्रजनन पर 21 दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संपन्न हुआ। सब्जी विज्ञान विभाग के अंतर्गत बागवानी (सब्जियों) में उन्नत संकाय प्रशिक्षण केंद्र द्वारा आयोजित इस पाठ्यक्रम में देश भर के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। हरियाणा, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों और संस्थानों के पंद्रह वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने शुष्क भूमि और जल-तनावग्रस्त परिस्थितियों में खेती के तरीकों पर अधिक शोध की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रोफेसर चंदेल ने बदलती जलवायु परिस्थितियों का सामना करने के लिए व्यावसायिक सब्जी फसलों की नई किस्मों को विकसित करने की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने वैज्ञानिकों से अपने शोध प्रस्तावों में प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों को शामिल करने और नई शोध पहलों को डिजाइन करते समय स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र पर विचार करने का आग्रह किया।

## स्पेल विजार्ड प्रतियोगिता में कुफ्टू स्कूल प्रथम स्थान पर



**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडाघाट में द्वितीय खंड स्तरीय स्पेल विजार्ड एवं मैथ विजार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में कंडाघाट शिक्षा खंड के 10 विद्यालयों से 35 विद्यार्थियों (मिडिल, हाई एवं सीनियर सेकेंडरी स्तर) ने भाग लिया। यह कार्यक्रम जिला प्रारंभिक शिक्षा विभाग और भारती एयरटेल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में बौद्धिक कौशल, तर्कशक्ति और गणितीय दक्षता को बढ़ावा देना था। खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शीर्ष 6 टीमें अब आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एवं विद्यालय के प्रिंसिपल कुलदीप सूर्या ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं तार्किक विकास में सहायक होती हैं और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में नितिका बंसल और सीमा कुमारी ने विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया। स्पेल विजार्ड प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कुफ्टू ने प्रथम स्थान, राजकीय माध्यमिक पाठशाला डूमैहर ने द्वितीय स्थान और सायरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैथ विजार्ड प्रतियोगिता में कुफ्टू स्कूल ने प्रथम स्थान, कंडाघाट ने द्वितीय स्थान और कवारग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# 100 दिन में संकल्प पत्र के 18 वादे पूरे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 8 अक्टूबर को सरकार बनने के बाद संकल्प पत्र के वायदे को पूरा करते हुए सबसे पहले प्रदेश में किडनी रोगियों के लिए मुफ्त डायलिसिस की सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया। आज सरकारी अस्पताल और पीजीआई, रोहतक में किडनी रोगियों को मुफ्त डायलिसिस का लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने अपने संकल्प पत्र के 18 वायदों को पहले 100 दिनों में ही पूरा करने का काम किया है और आगे भी सरकार अपने वायदों को पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को जिला भिवानी के बवानी खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**मुख्यमंत्री ने भिवानी के बवानी खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत**

सीएम सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने मेरिट पर युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम किया है, जिससे युवाओं का मनोबल बढ़ा है कि उनकी मेहनत खाली नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता, जो युवाओं को रोजगार देने की बात करती है, वो ही युवाओं के रोजगार में बाधा पैदा करने का काम करते हैं।

## सीएम सैनी ने महाशिवरात्रि पर किया भगवान शिव का जलाभिषेक



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने बुधवार सुबह नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन परिसर में बने मंदिर में माथा टेका और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन बड़े सौभाग्य का अवसर है। भगवान शिव की कृपा हम सब पर सदैव बनी रहे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित रहे।



## शिवरात्रि पर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे मंदिर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** महाशिवरात्रि पर बुधवार को शहर के मंदिरों में स्थित शिवालयों में हर-हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं। लोगों ने परिवार और बच्चों के साथ मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सुबह से ही भक्त मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए। मंदिर कमेटियों की ओर से दूध और फलों का लंगर लगाया जा रहा है। शिवालयों में काफी भीड़ हो रही है। सुबह से ही भक्त शिवालयों में जलाभिषेक के लिए पहुंचना शुरू हो गए। अन्य दिनों से पहले ही मंदिरों के कपाट खुल गए।

# राज्य गीत पर विधानसभा कमेटी का काम लगभग पूरा

### कल्याण बोले- हरियाणा का बेहतर परिचय करवाएगा राज्य गीत

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा राज्य गीत के चयन के लिए गठित विधान सभा की कमेटी का कार्य लगभग पूरा हो गया है। हरियाणा राज्य गीत चयन समिति की 10वीं बैठक में विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कमेटी सदस्यों और अधिकारियों के साथ प्रस्तावित राज्य गीत सुना। प्रस्तावित गीत सुनने के बाद कल्याण ने इसकी प्रशंसा करते हुए कहा है कि यह गीत प्रदेश का समग्र रूप से परिचय करवाएगा। गीत के बोल और संगीत काफी प्रभावी हैं। समिति इस बारे में जल्द अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी तथा आगामी बजट सत्र में राज्य गीत के घोषणा होने की संभावना है।

कल्याण ने कहा कि विधानसभा कमेटी के सदस्यों, अधिकारियों और कलाकारों की मेहनत साफ रूप से दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि गीत के भाव और भाषा सौंदर्य काफी अच्छा है। गीत की विषय वस्तु में हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, भौगोलिक संरचना और प्रदेश की विकास यात्रा को चित्रित किया गया है। राज्यगीत में प्रदेश की उत्सवधर्मी संस्कृति और हरियाणा वासियों की सादगी जैसी मूल विशेषताओं को इंगित करने का प्रयास किया है। इसमें प्रदेशवासियों के आपसी भाईचारे, शिक्षा और व्यापार का भी विशेष वर्णन है। गीत में जहां हरियाणवी लोक जीवन को काव्यबद्ध किया गया, वहीं इसमें प्रदेश का गौरव बढ़ाते किसानों, वीर-सैनिकों और खिलाड़ियों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है।

बैठक में समिति के सभापति लक्ष्मण सिंह यादव, सदस्य गीता भुक्कल, विनोद भ्याणा, कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदू तीर्थयात्री पाक के कटासराज के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, अमृतसर।** महाशिवरात्रि मनाने के लिए लगभग 154 हिंदू तीर्थयात्रियों का एक समूह अमृतसर से पाकिस्तान के कटास राज महादेव मंदिर के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्री पंडित रिपु कांत गोस्वामी ने बताया कि हम महाशिवरात्रि के अवसर पर कटास राज महादेव मंदिर के 'अमर कुंड' में पवित्र डुबकी लगाएंगे। तीर्थयात्री ललिता अग्रवाल ने बताया कि हम साल में एक बार पूजा-अर्चना के लिए कटास राज महादेव मंदिर जाते हैं।

### जालंधर में 4 पिस्तौल व 12 कारतूस सहित एक दबोचा

**अनंत ज्ञान, जालंधर।** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने वर्कशॉप चौक के पास एक कुख्यात अपराधी को चार अवैध पिस्तौल (32 बोर) और 12 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर धनप्रीत कौर ने कहा कि सीआईए टीम के ऑपरेशन में कुख्यात अपराधी सुखवंत सिंह उर्फ सुक्खा शेखों को गिरफ्तार किया गया, जो गांव धीरपुर का रहने वाला है। पुलिस ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुखवंत सिंह को उस समय रोका जब वह अपराध करने के इरादे से बर्लटन पार्क की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ, जिसके बाद आर्म्स एक्ट की धारा 25(1)-बी, 54 और 59 के तहत पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 1 जालंधर में केस दर्ज किया गया है।

### 'आप' ने सांसद संजीव को बनाया उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, लुधियाना।** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी के हलका लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत गोगी बस्सी का जनवरी में देहांत हो गया था। टिकट मिलने के बाद संजीव अरोड़ा ने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी के नेतृत्व आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और लुधियाना पश्चिम उपचुनाव लड़ने का अवसर दिया।

### 2 मई को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

**नई दिल्ली।** श्री केदारनाथ धाम के कपाट आगामी 2 मई को प्रात: 7 बजे खुलेंगे। कपाट खुलने की तिथि बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में आयोजित समारोह में पूजा-अर्चना तथा पंचांग गणना के पश्चात, विधि-विधान से घोषित की गई है। 28 अप्रैल को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर से कैलाश के लिए रवाना होगी। प्रथम रात्रि प्रवास के लिए विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी।

### कोलकाता में अवैध कॉल सेंटर से 1.18 करोड़ बरामद

**कोलकाता।** कोलकाता के गार्डेन रीच थाना क्षेत्र में स्थित आयरन गेट रोड पर व्हाइट हाउस बिल्डिंग में छापेमारी कर चार लोगों को पकड़ा गया। सेंटर से 1.18 करोड़ रुपए का कैश तथा कुछ स्वर्णाभूषण जब्त किए गए। कोलकाता पुलिस के संयुक्त सीपी (अपराध) के अनुसार, यह छापेमारी 25 फरवरी को की गई थी। इन आरोपियों पर अवैध कॉल सेंटर चलाने का आरोप है, जिसमें लाखों की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है।

### 'पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर, पर स्थिर



**तिरुवनंतपुरम।** पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य को लेकर बुधवार को अहम जानकारी सामने आई है। एक कार्डिनल ने कहा कि पोप फ्रांसिस अपने गृह देश के एक अस्पताल में भर्ती हैं और हालत अभी भी गंभीर, लेकिन स्थिर बनी हुई है। भारतीय कार्डिनल ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि पोप की हालत अभी भी वैसी ही बनी हुई है।

### राष्ट्रपति और पीएम ने दी महाशिवरात्रि की बधाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए तथा 'विकसित भारत' के संकल्प को मजबूती दे।

### सड़क हादसे में झामुमो सांसद महुआ जख्मी, भर्ती



**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) राज्यसभा सांसद महुआ माजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। प्रयागराज से लौटते समय झारखंड के लातेहार के पास उनका वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। सांसद माजी की बाईं कलाई में फ्रैक्चर हो गया है, उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में सवार उनके परिवार के सदस्यों को भी मामूली चोटें आई हैं।

## लक्ष्य ज्योतिष संस्थान ने शिवरात्रि पर लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



लक्ष्य ज्योतिष संस्थान चंडीगढ़ की ओर से महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में सेक्टर 29 में शिव भक्तों के लिए 12वें भंडारे का आयोजन किया गया। शिवाय अरोड़ा और नन्ही बालिका यशवी वालिया के नन्हे-नन्हे हाथों से भंडारे का शुभारंभ किया गया। संस्थान के चेयरमैन ज्योतिषचार्य रोहित कुमार, प्रेजिडेंट पीयूष कुमार की देख-रेख में भंडारे का आयोजन किया गया था।

इस अवसर पर विख्यात समाजसेवी रविंद्र सिंह बिल्ला और चंडीगढ़ व्यापार मंडल के चुनाव के प्रधान पद के उम्मीदवार अनिल वोहरा और व्यापारी अनिल महाजन विशेष रूप से उपस्थित हुए। सबने अपने आराध्य देव भगवान शिव की पूजा-अर्चना और स्तुति कर आशीर्वाद लिया और समस्त मानव कल्याण की मंगल कामना की। ज्योतिषचार्य रोहित कुमार, प्रेजिडेंट पीयूष कुमार, रविंद्र सिंह बिल्ला, अनिल वोहरा और अनिल महाजन सहित तम्मना वर्मा व अन्य लक्ष्य ज्योतिष संस्थान के ज्योतिष विधार्थियों ने भण्डारे की सेवा में योगदान किया।

ज्योतिषचार्य ने बताया कि संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में पिछले 11 वर्षों से भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं। रविंद्र सिंह और अनिल वोहरा ने समस्त जन को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## फोटो को अश्लील बनाकर ठगी करने वाले दो साइबर ठग काबू

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** चाइनीज ऐप के माध्यम से लोन को भरने के बाद भी ज्यादा रुपए भरने का दबाव बनाते हुए फोटो मार्फ करके ठगी करने के दो साइबर ठगों को पुलिस ने काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आरोपियों के कब्जा से ठगी की वारदातों को अंजाम देने में प्रयोग किए गए पांच मोबाइल फोन व तीन लैपटॉप बरामद किए हैं।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके एक अन्य साथी के माध्यम से चाइनीज ऐप के माध्यम से लिए हुए लोन की रिकवरी के लिए डाटा तथा लोन लेने वाले व्यक्तियों की फोटो मिलती थी। इसके बाद वे उन फोटो को मार्फ करके अश्लील रूप देकर लोगों से लोन भरने के बाद भी ज्यादा रुपये वसूलकर ठगी करने की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों के विरुद्ध साइबर ठगी की अलग-अलग राज्यों में छह शिकायतें और भी दर्ज हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से ठगी की वारदातों को अंजाम देने में प्रयोग किए गए पांच मोबाइल फोन व तीन लैपटॉप बरामद किए गए हैं। ठगी करने वाले दो आरोपियों को भोंडसी, गुरुग्राम के क्षेत्र से काबू किया गया। जिनकी पहचान मोहित और विक्की निवासी मारुति कुंज भोंडसी जिला गुरुग्राम के रूप में हुई।

# राज्यपाल ने की प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सकेतड़ी के प्राचीन मंदिर में परिवार सहित पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि महाकुंभ में 67 करोड़ लोगों ने स्नान किया है। महाकुंभ से ऐसा प्रतीत होता है कि विश्व स्तर पर अध्यात्म की भावना बढ़ रही है। यह विश्व में बहुत बड़ा अनोखा संगम है। लोगों में इससे नैतिकता बढ़ेगी और बुराइयां भी कम हो जाएंगी।

**बोले महाकुंभ से विश्व स्तर पर बढ़ रही अध्यात्म की भावना**

राज्यपाल ने आशा जताई कि आध्यात्मिक शक्ति सारे जगत में फैले और भारत विश्व की शांति के लिए विश्व गुरु के रूप में फिर उभर कर आगे आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, उसमें सभी लोग भागीदार बनें। इसी प्रकार हरियाणा भी संपन्न प्रदेश बने और हरियाणा के किसान, गरीब लोग सुख-शांति और अमन चैन से रहें। राज्यपाल ने कहा कि ओम का नाम एक शक्ति है। इस शक्ति से ही मनुष्य में सद्भावना आती है। इससे जितनी ऊर्जा अधिक होगी उतनी ही शक्ति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह शक्ति ऊर्जा हमे शिव से प्राप्त होती है। यह सभी के जीवन में आए यही आज के दिन का मूल मंत्र है।

राज्यपाल के साथ बंडारू शिव शंकर, बंडारू दिनेश कुमार, बंडारू विनोद कुमार परिवार के सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर नवदुर्गे चेरिटेबल ट्रस्ट शिव मंदिर सकेतड़ी के प्रधान केडी शर्मा, उपप्रधान राकेश संगर ने राज्यपाल को शिव की प्रतिमा सम्मान स्वरूप भेंट की। इस अवसर पर ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी विनोद शर्मा, डीसीपी हिमाद्री कौशिक, एडीसी निशा यादव, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## देश-विदेश

## तेलंगाना सुरंग हादसा: बचावकर्मी दुर्घटना स्थान तक पहुंचने में कामयाब रहे, श्रमिकों से संपर्क नहीं

**एजेंसी, नगरकुरनूल**



**तेलंगाना** के नगरकुरनूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के ढहने के कारण पिछले पांच दिन से उसमें फंसे आठ लोगों को बचाने में शामिल विशेषज्ञों की एक टीम सुरंग के अंतिम छोर तक पहुंचकर वहां से लौटने में कामयाब रही।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सुरंग में कीचड़ और मलबे के कारण कई टीम अब तक सुरंग के अंतिम छोर से 50 मीटर पहले तक पहुंच पाई थीं। एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और 'रैट माइनर्स' सहित 20 सदस्यों की एक टीम (सुरंग) के अंतिम बिंदुओं तक पहुंचने में सक्षम रही। वहां बहुत मलबा था। वहां कैसे पहुंचा जाए, इस पर वे काम कर रहे हैं।

## आधुनिक और मजबूत सेना आज की जरूरत: किम जोंग

**सोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक सैन्य अकादमी के दौरे के दौरान किसी भी युद्ध से निपटने के लिए एक मजबूत, आधुनिक सेना बनाने का आह्वान किया। किम का कांग कोन मिलिट्री अकादमी का दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मदद के लिए रूस में हजारों सैनिक भेजे हैं। इस सप्ताह किम ने किम इल सुंग यूनिवर्सिटी ऑफ पॉलिटिक्स का भी दौरा किया, जो एक अन्य विशिष्ट कैडर प्रशिक्षण संस्थान है, जहां उन्होंने सैन्य निष्ठा और बलिदान का आह्वान किया। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने कहा कि किम का सैन्य इकाइयों और प्रशिक्षण का पिछला निरीक्षण रूस में अतिरिक्त सैनिक भेजने की तैयारी का हिस्सा हो सकता है।

## जयशंकर बोले- भारत का अफ्रीका से रिश्ता फायदेमंद, शोषणकारी मॉडल पर आधारित नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने टोक्यो में जापान-भारत-अफ्रीका बिजनेस फोरम में कहा कि भारत और जापान, अपनी विशेषताओं को मिलाकर, अफ्रीका के विकास में टिकाऊ और समावेशी योगदान दे सकते हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत का अफ्रीका के प्रति रुख हमेशा से दीर्घकालिक और लाभकारी साझेदारी पर आधारित रहा है, न कि सिर्फ संसाधन निकालने पर। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया जब चीन अफ्रीका में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। भारत ने अफ्रीका में कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 12 अरब अमेरिकी डॉलर की रियायती सहायता दी है। भारत ने वहां 200 से अधिक परियोजनाएं पूरी की हैं, जिनमें रेलवे, बिजली उत्पादन, कृषि और जल आपूर्ति शामिल हैं।

### क्षमता निर्माण, कौशल विकास और तकनीकी स्थानांतरण पर हमारा ध्यान

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत का ध्यान क्षमता निर्माण, कौशल विकास और तकनीकी स्थानांतरण पर है ताकि अफ्रीकी देश आत्मनिर्भर बन सकें। भारत अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है और दोनों देशों के बीच व्यापार 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है।

## लेबनान में इसराइली ड्रोन हमला, दो लोगों की मौत

**एजेंसी, बेरूत**



**लेबनान** की पूर्वी पर्वत श्रृंखला के पास जनता के शारा क्षेत्र में इसराइली ड्रोन हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

इसराइली बलों ने दक्षिणी लेबनान के अल्मा अल-शाब गांव और नकौरा शहर के बीच रोशनी वाली लाइटें भी गिराईं। इसराइल और लेबनान के बीच 27 नवंबर, 2024 से युद्धविराम समझौता लागू है। इससे गाजा युद्ध के कारण लगभग 14 महीने से चल रही लड़ाई पर रोक लगा दी है। हालांकि, इसराइल के रुक-रुक कर सैनिक कार्रवाइयां करता रहता है।

इस समझौते में लेबनानी क्षेत्र से इसराइली सेना की वापसी की बात कही गई थी, लेकिन 18 फरवरी को समय-सीमा के बावजूद इसराइल ने बॉर्डर पर पांच स्थानों पर अपनी उपस्थिति बनाए रखी है।

## मणिपुर में लोगों ने 87 बंदूकें और गोला-बारूद सौंपा

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद से ही हथियारों का सरेंडर जारी है। बुधवार को 87 तरह के हथियार, गोला-बारूद और अलग-अलग सामान लोग स्वेच्छा से सरेंडर किए। हैं। इंफाल ईस्ट, बिश्नुपुर, थौबल, कांगपोकपी, जिरीबाम, चुराचांदपुर और इंफाल वेस्ट जिलों में हथियार सरेंडर किए गए हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने मैतेई सशस्त्र समूह अरामबाई तेंगगोल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्यपाल ने उन्हें राज्य में शांति और स्थिति को सामान्य करने के लिए मदद को कहा है। हथियारों के सरेंडर को लेकर कुछ शर्तों पर चर्चा हुई है।



## आबकारी नीति मामला: आरोपियों को कागजात मुहैया करवाए ईडी: कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कथित आबकारी घोटाले से संबंधित दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ धनशोधन के एक मामले में आरोपी व्यक्तियों को कुछ दस्तावेज सौंपने का निर्देश दिया है।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने 25 फरवरी को कई आरोपियों की ओर से दायर आवेदनों पर यह आदेश दिया। आरोपियों ने अपने आवेदनों में दावा किया था कि उन्हें मामले में दायर आरोपपत्र से संबंधित कुछ दस्तावेज नहीं मिले हैं। अदालत वर्तमान में दस्तावेजों की जांच कर रही है। अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए तीन मार्च की तारीख तय की। इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह भी आरोपी हैं। न्यायाधीश ने कहा कि अगली सुनवाई की तारीख यानी तीन मार्च को आगे की कार्यवाही के लिए प्रस्तुत करें। धन शोधन का मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से आबकारी नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं की जांच की सिफारिश करने के बाद दर्ज किए गए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक मामले से सामने आया है। सीबीआई और ईडी के अनुसार, नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

## अमेरिका को हथियार और बैटरी बनाने वाले खनिज देगा यूक्रेन

**वॉशिंगटन/कीव।** यूक्रेन, अमेरिका को रेयर अर्थ मेटेरियल (दुर्लभ खनिज) देने पर राजी हो गया है। यूक्रेन और अमेरिका दोनों देशों के अधिकारियों ने इसकी घोषणा की। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि जेलेंस्की इस डील पर साइन करने के लिए शुक्रवार को अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। ट्रंप करीब 1 महीने से यूक्रेन सरकार पर अमेरिका को दुर्लभ खनिज देने को लेकर दबाव बना रहे थे। उनका कहना था कि यदि यूक्रेन को अमेरिकी मदद चाहिए तो उसे 500 बिलियन डॉलर के दुर्लभ खनिज अमेरिका को देने होंगे। उन्होंने जेलेंस्की को धमकी दी थी कि यदि ऐसा नहीं किया तो अमेरिका यूक्रेन को और मदद देना बंद कर देगा।

## दुर्लभ बीमारी के मरीज के लिए दवा खरीदने के केंद्र को दिए आदेश पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने केरल उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें केंद्र को 'स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी' (एसएमए) से पीड़ित एक मरीज को 50 लाख रुपए की सीमा से परे 18 लाख रुपये की अतिरिक्त दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। 'स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफी' बच्चों में पाई जाने वाली एक दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी है, जो मांसपेशियों के काम करने के तरीके को नियंत्रित करने वाली तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने 24 फरवरी को केंद्र की याचिका पर प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि 17 अप्रैल तक नोटिस का जवाब दिया जाए। उसने कहा कि जिस फैसले को चुनौती दी गई है उसके तहत दिए गए आदेश पर अगली सुनवाई की तारीख तक रोक रहेगी।

इस नीति के तहत केंद्र सरकार जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए 50 लाख रुपए तक दे सकती है। उच्च न्यायालय ने छह फरवरी को निर्देश दिया था कि जब तक एसएमए की दवा की उच्च कीमत का मामला एकल न्यायाधीश की पीठ हल नहीं कर लेती, तब तक एक बार के उपाय के तौर पर 24 वर्षीय सेबा पीए को दवा 'रिसडिप्लाम' प्रदान की जानी चाहिए ताकि उसका निरंतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

## गोदावरी नदी में डूबने से पांच लोगों की मौत

**ताड़ीपुड़ी (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में बुधवार की सुबह नहाने गए 12 लोगों के एक समूह में से पांच लोग गोदावरी नदी में डूब गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब साढ़े आठ बजे ताड़ीपुड़ी गांव के तल्लापुडी मंडल में हुआ।

गोदावरी नदी में नहाने गए 12 लोगों में से पांच डूब गए जबकि सात किसी तरह बचने में सफल रहे। समूह के लोग स्नान के बाद महाशिवरात्रि पर्व पर पास के एक मंदिर जाने वाले थे। मृतकों और जीवित बचे लोगों में अधिकतर की उम्र 20 वर्ष से कम बताई जा रही है। पुलिस, दमकल सेवा और स्थानीय लोग डूबे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं।

## किसान क्रेडिट कार्ड की राशि 10 लाख करोड़ रुपए के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) अकाउंट्स में राशि मार्च 2014 में 4.26 लाख करोड़ से दोगुनी से अधिक होकर दिसंबर 2024 में 10.05 लाख करोड़ हो गई।

यह कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों के लिए किसानों को दिए जाने वाले किफायती कार्यशील पूंजी ऋण की मात्रा में शानदार बढ़ोतरी का संकेत देता है। यह कृषि में क्रेडिट में बढ़ोतरी होने और गैर-संस्थागत क्रेडिट पर निर्भरता में कमी को प्रतिबिंबित करता है। किसान क्रेडिट कार्ड एक बैंकिंग उत्पाद है जो किसानों को बीज, उर्वरक और कीटनाशक जैसी कृषि वस्तुएं खरीदने के साथ-साथ फसल उत्पादन और इससे जुड़ी गतिविधियों से संबंधित नकदी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समय पर और किफायती क्रेडिट प्रदान करता है।

### 7 फीसदी की दर पर मिलता है किसानों को लोन

भारत सरकार संशोधित ब्याज अनुदान योजना (एमआईएसएस) के अंतर्गत, चष्टष्ट के माध्यम से 3 लाख रुपए तक के अल्पकालिक कृषि लोन को 7 प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर पर प्रदान करने के लिए बैंकों को 1.5 की ब्याज छूट प्रदान करती है। समय पर लोन चुकाने पर किसानों को 3 का अतिरिक्त त्वरित पुनर्भुगतान प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है, जो किसानों के लिए ब्याज दर को प्रभावी ढंग से घटाकर 4 तक कर देता है। दो लाख तक के लोन कोलेट्रल-फ्री आधार पर दिए जाते हैं, जिससे छोटे और सीमांत किसानों के लिए क्रेडिट की पहुंच बिना परेशानी के सुनिश्चित होती है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय टीम निर्मम, उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए : राजपूत

**एजेंसी, शारजाह।** भारत के पूर्व बल्लेबाज और कोच लालचंद राजपूत ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम को निर्मम करार देते हुए कहा कि उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए। भारत ने 2007 में राजपूत के कोच रहते हुए ही पहले टी20 विश्व कप में जीत हासिल की थी और उसके 18 साल बाद इस 63 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर को लगता है कि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। राजपूत ने कहा, ''भारतीय टीम निर्मम नजर आ रही है। वह हर मैच में दबदबा बनाकर जीत हासिल करना चाहती है। वह विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं देना चाहते हैं। यही सही रवैया है। भारतीय टीम जिस तरह से खेल रही है उससे मुझे लगता है कि उसे आसानी से चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए।'' वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात की टीम के मुख्य कोच राजपूत ने कहा कि विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाकर फॉर्म में लौट आए हैं और अब कप्तान रोहित शर्मा से बड़े शतक की दरकार है।



### पिंक लेडीज कप में कोरिया से हारी भारतीय टीम

**एजेंसी, शारजाह।** भारत की सीनियर महिला टीम बुधवार को यहां अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में पिंक लेडीज कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में कोरिया से 0-3 से हार गई। फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद कोरियाई टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। कोरिया की तरफ से चोई यूजुंग (आठवें) और चोई डागयेओंग (27वें) ने पहले हाफ में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल मुन यूनजु ने 81वें मिनट में किया। भारत ने इस टूर्नामेंट में तीन मैच खेले। उसने अपने पहले मैच में जॉर्डन को हराया था लेकिन इसके बाद उसे रूस और कोरिया से हार का सामना करना पड़ा।

### फखर और अयूब की अनुपस्थिति ने हम पर असर डाला: जावेद

**एजेंसी, रावलपिंडी।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद ने बुधवार को कहा कि सैम अयूब और फखर जमां के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से चैंपियंस ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम के अभियान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। आकिब ने कहा कि सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के बावजूद टीम अपने अभियान का जीत के साथ अंत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान गुरुवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में बांग्लादेश से खेलेगा। उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों में प्रेरणा की कमी को लेकर कोई चिंता नहीं है।'' आकिब ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम के चयन का भी बचाव किया और कहा कि सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध खिलाड़ियों को चुना गया। चयनित टीम को लेकर टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है। आकिब ने कहा, ''हमारे कुछ महत्वपूर्ण खिलाड़ी चोटिल होने के कारण नहीं खेल पा रहे थे। उदाहरण के लिए, सैम और फखर जैसे खिलाड़ी मैचों में सकारात्मक प्रभाव पैदा करते हैं।

### मॉडल से कम नहीं प्रिया पुनिया

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेटर प्रिया पुनिया इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव दिखाई देती हैं। प्रिया को 5 लाख से ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं। अपनी फोटोज वह पोस्ट करती हैं। वह मॉडल की तरह दिखाई देती हैं।



# जदरान 177, अफगानिस्तान के 7 विकेट पर 325 रन

## जोफ्रा आर्चर 3, लिविंगस्टन 2, ओवटोन और राशिद को 1-1 विकेट मिला

**एजेंसी, लाहौर**

बल्लेबाज इब्राहिम जदरान के 177 रन की मदद से अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के 'करो या मरो' के मुकाबले में बुधवार को सात विकेट पर 325 रन बनाए। जदरान ने 146 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के जड़े । कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने उनका पूरा साथ निभाते हुए 67 गेंद में 40 रन बनाये और चौथे विकेट की साझेदारी में 103 रन भी जोड़े। अजमतुल्लाह उमरजइ ने 31 गेंद में 41 रन बनाए और पांचवें विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी की। बाद में जदरान ने मोहम्मद नबी के साथ छठे विकेट के लिए 111 रन जोड़े। नबी ने 24 गेंद में 40 रन बनाए। इस मैच की विजेता टीम की ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रहेंगी और दूसरी टीम बाहर हो जाएगी।


अफगानिस्तान के इब्राहिम जारदान और मोहम्मद नबी रन लेते हुए।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन पहले दस ओवर में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने उन्हें दबाव में रखा। आर्चर ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए। रहमतुल्लाह गुरबाज उनका पहला शिकार बने। वहीं, सेदिकुल्लाह अतल को उन्होंने पगबाधा आउट किया और रहमत शाह ने स्क्वेयर लेग पर आदिल रशीद को कैच थमाया। अफगानिस्तान ने पावरप्ले के भीतर तीन विकेट 37 रन पर गंवा दिए। इसके बाद जदरान और शाहिदी ने पारी को संभाला। जदरान ने पहला अर्द्धशतक 65 गेंद में पूरा करने के बाद जैमी ओवरटन को लगातार दो चौके लगाकर दबाव कम किया।

दूसरी ओर लेग स्पिनर रशीद को रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में शाहिदी बोल्ड हो गए। इसके बाद जदरान ने उमरजई के साथ रनगति को आगे बढ़ाया। इंग्लैंड को तेज गेंदबाज मार्क वुड की घुटने की चोट से भी जूझना पड़ा जो आठ ओवर ही डाल सके।

जदरान ने वनडे क्रिकेट में छठा शतक 106 गेंद में पूरा किया। उन्होंने ओवरटन के एक ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए। उमरजई के आउट होने के बाद भी 23 वर्ष के इस बल्लेबाज ने आर्चर को एक छक्का और तीन चौके जड़कर अपने कैरियर में दूसरी बार 150 पार का स्कोर बनाया। अनुभवी नबी के साथ उन्होंने तेजी से रन बनाए और छठे विकेट के लिए 11 रन प्रति ओवर से साझेदारी की। इंग्लैंड ने आखिरी दस ओवरों में 113 रन दे डाले। जदरान आखिरी ओवर में लियाम लिविंगस्टोन की गेंद पर आउट हुए। वहीं, जोफ्रा आर्चर को 3, लिविंगस्टन 2, ओवटोन और राशिद को 1-1 विकेट मिला। वहीं, 326 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड के ओपनर बल्लेबाज फिल सॉल्ट 13 गेंदों में 12 रन बनाकर उमरजेई का शिकार बने। बेन डकेट ने पारी संभाली और 38 रनों का योगदान देकर रासिद की गेंद पर पगबाधा हो गए। उसके बाद स्मिथ भी कुछ खास नहीं कर पाए और 9 रन बनाकर चलते बने। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड ने 4 विकेट पर 137 रन बना लिए थे। जो रूट (35) और हैरी ब्रुक (15) रन पर खेल रहे थे।

### स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गुरबाज ब. आर्चर | 06 | 15 | 0/0 |
| जारदान क. आर्चर ब. लिविंगस्टन | 177 | 146 | 12/6 |
| अटल पगबाधा आर्चर | 04 | 04 | 1/0 |
| शाह क. राशिद ब. आर्चर | 04 | 09 | 0/0 |
| शाहिदी ब. राशिद | 40 | 67 | 3/0 |
| उमरजई क. बंटो ब. ओवरटोन | 41 | 31 | 3/1 |
| नबी क. रूट ब. लिविंगस्टन | 40 | 24 | 2/3 |
| नायब (नाबाद) | 01 | 03 | 0/0 |
| राशिद (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 11 | | |
| **कुल : (50 ओवर)** | **325/7** | | |

**विकेट पतन :** 1-11, 2-15, 3-37, 4-140, 5-212, 6-323, 7-324. **गेंदबाजी :** आर्चर 10-0-64-3, बुड 8-0-50-0, ओवरटोन 10-0-72-1, राशिद 10-0-60-1, रूट 7-0-47-0, लिविंगस्टन 5-0-28-2.

### दानिश मालेवार का शतक विदर्भ की दमदार वापसी

**नागपुर।** युवा बल्लेबाज दानिश मालेवार के नाबाद शतक और अनुभवी करुण नायर के साथ 215 रन की साझेदारी की मदद से दो बार के चैंपियन विदर्भ ने खराब शुरुआत से उबर कर केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन बुधवार को यहां चार विकेट पर 254 रन बनाए। मालेवार 138 रन बनाकर खेल रहे हैं जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह दूसरा शतक है। नायर भी शतक के करीब थे लेकिन दिन के खेल के अंतिम ओवरों में वह आपसी गफलत के कारण रन आउट हो गए। उन्होंने 86 रन बनाए।

इन दोनों ने तब जिम्मेदारी संभाली जब विदर्भ तीन विकेट पर 24 रन के स्कोर पर संकट में दिख रहा था। मालेवार और नायर ने चौथे विकेट के लिए बड़ी साझेदारी के दौरान 414 गेंद खेली। जब लग रहा था कि यह दोनों दिन का खेल समाप्त होने तक नाबाद रहेंगे तब वे एक अनावश्यक रन के लिए दौड़ पड़े और नायर को अपना विकेट गंवाना पड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 188 गेंद का सामना किया तथा आठ चौके और एक छक्का लगाया। मालेवार अभी तक 259 गेंद का सामना कर चुके हैं। उनकी पारी में 14 चौके और दो छक्के शामिल हैं। दिन का खेल समाप्त होने के समय उनके साथ यश ठाकुर पांच रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले केरल ने टॉस जीत कर विदर्भ को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और शुरू में ही उसे तीन झटके दिए। केरल की तेज गेंदबाजी के अगुआ एमडी निधिश ने दो विकेट लिए जबकि नई गेंद के उनके जोड़ीदार ईडन एप्पल टॉम ने एक विकेट लिया।

## गिल आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, कोहली पांचवें स्थान पर

**एजेंसी, दुबई**





भारत को चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। उन्हें इससे 21 रेटिंग अंक मिले और अब उनके 817 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं जबकि पहले यह अंतर 23 अंक का था।

पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढकर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढकर 30वें स्थान पर आ गए है। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढ़कर अब 24वें स्थान पर हैं।

आस्ट्रेलिया के एलेक्स कारी चार स्थान के फायदे के साथ 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान के फायदे के साथ 81वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में केशव महाराज और मैट हेनरी शीर्ष पांच में और एडम जम्पा शीर्ष दस में पहुंच गए हैं।


### कोहली तोड़ सकते हैं सचिन का सौ शतक का रिकॉर्ड : जाफर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुंबई के धुरंधर वसीम जाफर का मानना है कि विराट कोहली अगले तीन चार साल और खेल सकता है और सचिन तेंदुलकर का सौ अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकता है। 36 वर्ष के कोहली ने दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच में पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत में अपना 82वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। इससे पहले वह खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। जाफर ने इंडिया कारपोरेट टी20 बैश के लांच के मौके पर कहा,''एक क्रिकेट प्रेमी के तौर पर आप विराट को ज्यादा से ज्यादा खेलते देखना चाहते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ वह जिस तरह खेल रहा था, कोई नहीं चाहता था कि वह आउट हो। वह रन बनाता है तो सभी को खुशी होती है और मुझे यकीन है कि सभी चाहते हैं कि वह तीन-चार साल और खेलकर सारे रिकॉर्ड तोड़े।'' वह सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकते हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर मैथ्यू के गेंदबाजी एक्शन को आईसीसी से क्लीन चिट

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के बायें हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को आईसीसी ने ब्रिसबेन में कराए गए विस्तृत टेस्ट के बाद क्लीन चिट दे दी। श्रीलंका के खिलाफ पिछले महीने दूसरे टेस्ट के दौरान उनके गेंदबाजी एक्शन की शिकायत की गई थी। अब आईसीसी से गेंदबाजी एक्शन को वैध ठहराए जाने के बाद वह इस साल के आखिर में वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे पर खेलने जा सकते हैं।



आईसीसी ने एक बयान में कहा,''कुहनेमन का एक्शन वैध लग रहा है और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी जारी रख सकते हैं।'' क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के आला अधिकारी बेन ओलिवर ने भी कहा,''हमें खुशी है कि मैट का मसला सुलझ गया है। उसके लिए यह कठिन समय था लेकिन उसने इसका बखूबी सामना किया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पूरी तरह से उसके साथ है और अब वह नये आत्मविश्वास के साथ अंतरराष्ट्रीय कैरियर में आगे बढ सकता है।''

## बीएफआई के चुनाव जल्द से जल्द कराने की जरूरत, मैं खुद लड़ने को तैयार हूं: विजेंदर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले और एकमात्र पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के जल्द से जल्द नए सिरे से चुनाव कराने की अपील करते हुए कहा कि अगर मौका मिला तो वह चुनाव लड़ने में संकोच नहीं करेंगे।



बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता 39 वर्षीय विजेंदर अभी पेशेवर सर्किट में खेल रहे हैं। हालांकि, उन्होंने 2022 के बाद से कोई मुकाबला नहीं लड़ा है। विजेंदर ने कहा, ''जब भी चुनाव हों, मैं उनमें खड़ा होना चाहूंगा। मैंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया है, यह मेरे लिए एक और लड़ाई होगी। मुझे नहीं पता कि मुझे समर्थन मिलेगा या नहीं, लेकिन मैं चुनाव लड़ने से नहीं डरता।'' उन्होंने कहा, ''अगर मुझे बदलाव करने का मौका मिलता है तो मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने जा रहा हूं। ऐसा मैं कभी नहीं करूंगा।'' इससे पहले इस स्टार मुक्केबाज ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय मुक्केबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए यह जरूरी है कि वे विदेश में अभ्यास करें। विजेंदर ने प्रधानमंत्री कार्यालय और खेल मंत्री मनसुख मांडविया को टैग करते हुए लिखा, ''इसके लिए, हमें एक मजबूत महासंघ बनाने के लिए जल्द से जल्द नए और निष्पक्ष चुनाव कराने की जरूरत है। अगर सरकार हमें कोई जिम्मेदारी देती है तो मुझे अपने अनुभव से योगदान करने में खुशी होगी।'' उनकी यह टिप्पणी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा बीएफआई के चुनावों में देरी का हवाला देते हुए महासंघ के कामकाज तदर्थ समिति को सौंपने के कुछ दिनों बाद आई है।

### खेल मंत्रालय ने एनएसएफ को वित्तीय सहायता देने के संबंध में समिति की गठित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को वित्तीय सहायता प्रदान करने के मानदंडों में संशोधन करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया है।

समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल करेंगे। इसमें कार्यकारी निदेशक (टीम) रितु पथिक, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के सीईओ एनएस जोहल, पूर्व टॉप्स सीईओ कमोडोर (सेवानिवृत्त) पीके गर्ग और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) के अध्यक्ष सहदेव यादव शामिल हैं। यादव भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष भी हैं।

खेल मंत्रालय के अवर सचिव तरुण पारीक ने समिति के सदस्यों को भेजे गए सर्कुलर ने कहा, ''नया ओलंपिक चक्र शुरू हो गया है। नई परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मानदंडों की समीक्षा करने की जरूरत महसूस की गई, ताकि सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की भारत की इच्छा से जुड़े पहलुओं की व्यापक समीक्षा की जा सके।'' इस सर्कुलर की एक प्रति पीटीआई के पास भी मौजूद है। इसमें कहा गया है, ''इसलिए एनएसएफ को सहायता प्रदान करने के लिए मानदंडों में संशोधन करने के सुझाव देने के लिए समिति का गठन करने का फैसला किया गया है।''

### महिला प्रीमियर लीग

## गुजरात जॉयंट्स के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने के लिए उतरेगा आरसीबी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार को भुलाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) वीरवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही गुजरात जॉयंट्स की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने पहले दो मैच जीतकर इस सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद उसे लगातार दो मैच में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स से हार का सामना करना पड़ा।



दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को गुजरात जॉयंट्स के खिलाफ जीत दर्ज करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है और ऐसे में आरसीबी जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। इस बीच गुजरात जॉयंट्स का लचर प्रदर्शन जारी है। उसकी टीम अभी तक चार मैच में से केवल एक मैच ही जीत पाई है और वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। पिछले मैच में दिल्ली से मिली हार से टीम अधिक आहत होगी क्योंकि वह बमुश्किल 100 रन के पार पहुंच पाई थी।

स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम की पिछले मैच में वॉरियर्स से मिली हार से आहत होगी, क्योंकि उसने पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखा था, लेकिन आखिर के तीन ओवर में 42 रन का बचाव नहीं कर पाई। यह मैच सुपर ओवर तक चला गया था जिसमें आरसीबी की टीम केवल चार रन ही बना सकी थी।

आरसीबी के लिए अच्छी बात यह है कि इंग्लैंड की डैनी व्याट-हॉज लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिसे पेरी शानदार लय में हैं। आरसीबी के लिए चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है। उसके तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है जबकि उसके स्पिनर बीच के ओवर में रन प्रवाह पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी

**पाकिस्तान टीम का अपनी धरती पर चैंपियन बनने का सपना हुआ चकनाचूर**

# जीत के साथ अभियान का अंत करने उतरेंगे पाक-बांग्लादेश

**एजेंसी, रावलपिंडी**

अपने पहले दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीम गुरुवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के मैच में जब आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान का जीत के साथ अंत करना होगा।

चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में गलतियों के लिए बहुत कम गुंजाइश होती है, लेकिन मेजबान पाकिस्तान ने पहले दोनों मैच में लचर प्रदर्शन किया तथा न्यूजीलैंड और भारत से करारी हार झेलने के बाद उसका अपनी धरती पर चैंपियन बनने का सपना चकनाचूर हो गया। यही कहानी बांग्लादेश की रही जिससे इन दोनों टीमों के बीच होने वाला मैच औपचारिक रह गया है। इस मैच में अब दोनों टीम प्रतिष्ठा की खातिर एक दूसरे का सामना करेंगी। पाकिस्तान 29 साल बाद किसी वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है लेकिन टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब देश के क्रिकेट ढांचे में आमूल चूल बदलाव करने की मांग उठ रही है।



यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि पाकिस्तान सीमित ओवरों की क्रिकेट के किसी वैश्विक प्रतियोगिता के पहले दौर में बाहर हो गया। इससे पहले 2023 में वनडे विश्व कप और 2024 में टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। ऐसे समय में जबकि अन्य टीम बेखौफ और आक्रामक रवैया अपना रही है तब लगता है कि पाकिस्तान अतीत में जी रहा है। उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेहद रक्षात्मक रवैया अपना रहे हैं। अपने बल्लेबाजों के इस तरह के रवैए के कारण पाकिस्तान की टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रावलपिंडी में 161 और भारत के खिलाफ दुबई में 147 ऐसी गेंद खेली जिन पर रन नहीं बने। बल्लेबाजों के गलत शॉट का चयन, खराब क्षेत्र रक्षण और खिलाड़ियों के चोटिल होने से भी पाकिस्तान की परेशानियां बढ़ी। उसके सलामी बल्लेबाज फखर जमां चोट के कारण बाहर हो गए और उनकी जगह टीम में लिए गए इमाम उल हक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे।

पिछली बार चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला बांग्लादेश भी भारत और न्यूजीलैंड से हार के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है। पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने भी अभी तक निराश किया है। उसके बल्लेबाजों में केवल तौहीद हृदोय, कप्तान नजमुल हसन और जाकर अली ही थोड़ा प्रभाव छोड़ पाए हैं। गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी बांग्लादेश का प्रदर्शन औसत रहा है।

**मैच : दोपहर 2 : 30 बजे से**

### संभावित टीमें

**पाकिस्तान:** मोहम्मद रिजवान (कप्तान), सलमान अली आगा (उप कप्तान), बाबर आजम, फखर जमान, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहिर, फहीम अशरफ, खुशदिल शाह, उस्मान खान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद, हसन, तौहीद हृदयोय, मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), एमडी महमूद उल्लाह, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नसुम अहमद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा।

## कतर ओपन जीतने के बाद दुबई में पहले दौर में हारे रुबलेव

**एजेंसी, दुबई।** रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव कतर ओपन खिताब के तीन दिन बाद दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हारकर बाहर हो गए। विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा। एक अन्य मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6 (4) से हराया। उनका अगला मुकाबला जियोवानी एमपेत्शी पेरिकार्ड से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से 6-2, 3-6, 6-3 से हार गए। नूनो बोर्जेस ने आठवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया। दूसरे दौर में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट, माटेओ बेरेटिनी, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल शामिल हैं।

